मौसम

शहर	अधिकतम	न्यूनतम
धनबाद	32.1	26.2
जमशेदपुर	35.1	24.6
डालटनगंज	32.8	25.4

तापमान डिग्री सेल्सियस में.

शुभम संदेश

धनबाद, रांची एवं पटना से प्रकाशित

एक राज्य - एक अखबार

www.lagatar.in

रांची, मंगलवार 20 अगस्त 2024 ● भाद्रपद कृष्ण प्रतिपदा, संवत 2081 ● पृष्ठ : 12, मूल्य : ₹ ~~5~~ ● वर्ष : 2, अंक : 132

आमंत्रण मूल्य : ₹ 3 मात्र

पाकिस्तान में मंकी पॉक्स का मरीज मिलने के बाद भारत में सतर्कता बढ़ाई गई, एयरपोर्ट व अस्पतालों को अलर्ट किया

महामारी पर वैश्विक चिंता : मंकी पॉक्स से सहमी दुनिया, देशभर में अलर्ट

लगातार न्यूज नेटवर्क

मंकी पॉक्स से पूरी दुनिया सहम सी गई है. पांच साल के भीतर यह दूसरा मौका है जब किसी महामारी की वजह से दुनिया भर में चिंता जतायी जा रही है. दक्षिण अफ्रीका से शुरू होकर यह बीमारी जैसे-जैसे दुनिया भर के दूसरे देशों में फैल रहा है, सरकारों के माथे पर बल पड़ता जा रहा है. रविवार को पाकिस्तान में मंकी पॉक्स का एक मरीज मिलने के बाद भारत में सतर्कता बढ़ा दी गई है. एयरपोर्ट समेत तमाम वैसे जगहों को अलर्ट कर दिया गया है, जहां से लोग विदेश आना-जाना करते हैं. विदेश से आने वाले लोगों पर नजर रखी जाने लगी है. मंकी पॉक्स को लेकर भारत सरकार की स्वास्थ्य मंत्रालय ने सोमवार को राज्यों की सरकारों के साथ बैठक की है. इसके साथ ही एयरपोर्ट और अस्पतालों को अलर्ट कर दिया गया है.

केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय ने राज्य सरकारों के साथ बैठक की

कहां से आया वायरस

जानकारी के मुताबिक मध्य व पूर्वी अफ्रीका से मंकी पॉक्स के मामले तेजी से बढ़ रहे हैं. वहीं से दुनिया के दूसरे हिस्से में भी यह फैल रहा है. डब्ल्यूएचओ ने इसके फैलने पर चिंता व्यक्त करते हुए कहा है कि इस बार का मंकी पॉक्स पिछली बार से ज्यादा चिंताजनक है. क्योंकि नया वैरियंट ज्यादा घातक है. इस साल अफ्रीका में 14,500 से अधिक मामले सामने आ चुके हैं. इनमें 450 लोगों की मौत हो चुकी है.

वायरस के तीन स्ट्रेन : मंकी पॉक्स के तीन स्ट्रेन फैल रहे हैं. क्लेड-वन, क्लेड-वन बी और क्लेड-टू. क्लेड वन बी नया और अधिक तेजी से फैलने वाला वायरस है, जबकि क्लेड-टू कम हानिकारक.

तेजी से फैल रहा वायरस : मंकी पॉक्स संक्रमित व्यक्ति के संपर्क में आने से यह वायरस फैल रहा है. संक्रमित व्यक्ति द्वारा इस्तेमाल में लाए गए तौलिया, बिस्तर, रूमाल आदि के इस्तेमाल से भी यह संक्रमण फैलता है.

क्या होता है पीड़ित व्यक्ति को

विशेषज्ञों के मुताबिक मंकी पॉक्स एक संक्रामक वायरल रोग है. यह वायरल जानवरों से मनुष्यों को होता था. लेकिन इस बार मनुष्यों से भी मनुष्यों में फैल रहा है. इस वायरल से पीड़ित व्यक्ति को बुखार होता है. साथ ही शरीर पर दाने निकलने लगते हैं, जो बाद में फूट जाते हैं. इसके ठीक होने में 21 दिनों तक का वक्त लगता है. इस दौरान पीड़ित व्यक्ति को बुखार, सिरदर्द, मांसपेशियों में दर्द, कंपकपी, शरीर पर फफोलेदार दाने आते हैं. 21 दिनों बाद यह अपने आप ठीक हो जाता है.

सावधानी जरुरी डब्ल्यूएचओ ने अपने एडवाईजरी में कहा है कि मंकी पॉक्स से संक्रमित किसी व्यक्ति के संपर्क में न आए. अगर आस-पास में किसी के संक्रमित होने की जानकारी है, तो सावधानी बरतें. बार-बार साबुन से हाथ धोते रहें. संक्रमित व्यक्ति को अलग-थलग कर देना चाहिए.

क्या है मंकी पॉक्स?

मंकी पॉक्स एक वायरस बीमारी है, जिसका वायरस ऑर्थोपॉक्स वायरस जीनस की एक प्रजाति है. इस वायरस की पहचान पहली बार 1958 में की गई थी. उस समय शोध के लिए रखे गए बंदरों की कॉलोनियों में चेचक जैसी बीमारी के प्रकोप के रूप में इस बीमारी के वायरस की पहचान हुई थी. मंकीपॉक्स वायरस का संबंध चेचक, काउपॉक्स, वैक्सीनिया जैसी बीमारियों से है. यह वायरस उसी ऑर्थोपॉक्स वायरस के परिवार से है, जिसमें बाकी सभी पॉक्स वायरस हैं. मंकी पॉक्स का पहला संक्रमित इंसान 1970 में कांगो में पाया गया था. वहीं, वर्ष 2022 में यह वायरस दुनिया भर में फैलना शुरू था.

सर्राफा

सोना (बिक्री)	67,500
चांदी (किलो)	87,000

ब्रीफ खबरें

पीएम मोदी ने रक्षाबंधन की शुभकामनाएं दीं

नयी दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सोमवार को देशवासियों को रक्षाबंधन की शुभकामनाएं दीं. मोदी ने 'एक्स' पर पोस्ट में कहा कि यह पावन पर्व आप सभी के रिश्तों में नयी मिठास और जीवन में सुख, समृद्धि एवं सौभाग्य लेकर आए. हर साल श्रावण मास की पूर्णिमा को मनाया जाने वाला यह पर्व भाई-बहन के प्यार एवं पवित्र रिश्ते को और गहरा करता है. इस पर्व पर भाई अपनी बहनों की हर प्रकार की विपत्ति से रक्षा करने का संकल्प लेते हैं.

आरक्षण छीनना चाहती है भाजपा : राहुल गांधी

नयी दिल्ली। लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने 'लेटरल एंट्री' के जरिये लोक सेवकों की भर्ती को लेकर सोमवार को एक फिर भारतीय जनता पार्टी पर निशाना साधा. उन्होंने आरोप लगाया कि भाजपा संविधान नष्ट करना और बहुजनों से आरक्षण छीनना चाहती है. राहुल ने सोमवार को 'एक्स' पर पोस्ट किया कि लेटरल एंट्री दलितों, ओबीसी और आदिवासियों पर हमला है. भाजपा के राम राज्य का विकृत संस्करण संविधान को नष्ट करना चाहता है.

सीआरपीएफ इंस्पेक्टर आतंकी हमले में शहीद

जम्मू। जम्मू-कश्मीर के उधमपुर जिले में सोमवार को गश्ती दल पर आतंकवादियों की गोलीबारी में सीआरपीएफ के इंस्पेक्टर शहीद हो गए. अधिकारियों ने बताया कि बसंतगढ़ के डुडू इलाके में अपराह्न करीब साढ़े तीन बजे आतंकवादियों ने सीआरपीएफ और जम्मू-कश्मीर पुलिस के एसओजी पर गोलीबारी की. हमले में सीआरपीएफ की 187वीं बटालियन के एक इंस्पेक्टर को गोली लगी और बाद में अस्पताल ले जाते समय उनकी मौत हो गई.

पूर्व सेना प्रमुख जनरल पद्मनाभन का निधन

चेन्नई। पूर्व सेना प्रमुख जनरल सुंदरराजन पद्मनाभन का चेन्नई में 83 साल की उम्र में निधन हो गया. जनरल पद्मनाभन को सैन्य हलकों में 'पैडी' के नाम से जाना जाता था. उन्होंने 30 सितंबर 2000 से 31 दिसंबर 2002 तक थल सेनाध्यक्ष के रूप में सेवाएं दी थीं. पांच दिसंबर 1940 को तिरुवनंतपुरम में जन्मे जनरल पद्मनाभन देहरादून स्थित राष्ट्रीय भारतीय सैन्य कॉलेज और पुणे के खडकवासला स्थित राष्ट्रीय रक्षा अकादमी (एनडीए) के पूर्व छात्र थे.

सिद्धारमैया ने हाईकोर्ट में याचिका दाखिल की

बेंगलुरु। कर्नाटक के मुख्यमंत्री सिद्धारमैया ने सोमवार को उच्च न्यायालय में एक रिट याचिका दायर कर उनके खिलाफ मुकदमे को मंजूरी देने से संबंधित राज्यपाल के आदेश को चुनौती दी. मुख्यमंत्री ने कहा कि मंजूरी आदेश वैधानिक आदेशों का उल्लंघन करते हुए और भारत के संविधान के अनुच्छेद 163 के तहत बाध्यकारी संवैधानिक सिद्धांतों के विपरीत जारी किया गया है.

दर्द बयां कर झामुमो पर ही सवाल उठाये, अब जाएं तो जाएं कहां?

विकल्पों की तलाश में जुटे चंपाई सोरेन ने चुप्पी साधी

संजय सिंह। रांची

भाजपा में शामिल होने की अटकलों के बीच रविवार की देर शाम पूर्व मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन ने सोशल मीडिया पर दर्द बयां कर अपनी ही पार्टी झामुमो और उसके नेतृत्व पर गंभीर सवाल उठाने के बाद चुप्पी साध ली है. भाजपा में शामिल होने के मुद्दे पर साफ-साफ तो कुछ कहते नहीं, लेकिन अपने सोशल मीडिया पोस्ट पर इतना तो स्पष्ट कर दिया है कि अब झामुमो से उनकी राहें जुदा-जुदा ही हैं. रविवार को सोशल मीडिया पर खबरें वायरल होती रहीं कि चंपाई भाजपा में शामिल होनेवाले हैं. कभी दिन के तीन बजे, तो कभी शाम सात बजे भाजपा में शामिल होने की खबरें लगातार वायरल होती रहीं. लेकिन ऐसा कुछ हुआ नहीं. रविवार दोपहर 12.15 बजे दिल्ली पहुंचे चंपाई की गतिविधियों के बारे में सोमवार को कोई भी खबर सामने नहीं आयी. हां, भाजपा के नेता यह जरूर कहते रहे कि चंपाई सोरेन झारखंड आंदोलन से निकले नेता हैं और उनके पांच महीने का कार्यकाल भी शानदार रहा है. लेकिन पार्टी में शामिल होने के सवाल पर सभी ने यही कहा कि उनसे कोई बातचीत नहीं हुई है. - शेष पेज 07 पर

भाजपा कोल्हान में खोयी जमीन तलाशने को बेचैन

भाजपा कोल्हान में अपनी खोयी जमीन तलाशने में जुटी है, लेकिन शीर्ष नेतृत्व को पार्टी में कोई ऐसा करिश्माई नेता नजर नहीं आ रहा, जो आनेवाले विधानसभा चुनाव में कोल्हान में भाजपा की चुनावी वैतरणी पार लगा सके. भाजपा की नजरों में कोल्हान में कांग्रेस में दम नहीं है. लगभग सभी आरक्षित सीटों पर झामुमो का ही कब्जा है. एक सीट कांग्रेस के पास जरूर है, लेकिन वह भी गीता-मधु की बदौलत ही है. ऐसे में भाजपा झामुमो विधायकों पर ही डोरे डाल रही है. झारखंड में भाजपा सबसे ज्यादा समय तक सत्ता में रही, लेकिन पार्टी नेतृत्व अपनी सरकार की तारीफ न कर चंपाई सोरने के पांच महीने के कार्यकाल की तारीफ कर रहा है, तो यह कहीं न कहीं इस बात का संकेत हैं कि चंपाई के साथ कुछ न कुछ खिचड़ी जरूर पक रही है.

बन्ना ने सीएम की तरफदारी में चंपाई को सत्तालोलुप बता दिया

इस बीच सरकार में शामिल कांग्रेस के मंत्री बन्ना गुप्ता ने चंपाई सोरेन को न सिर्फ ढेर सारी नसीहत दी है, बल्कि उन्हें सत्तालोलुप तक करार दिया है. बन्ना ने चंपाई के पार्टी के प्रति वफादारी पर सवाल खड़े कर दिए हैं. हालांकि बन्ना गुप्ता की नसीहत पर चंपाई सोरेन की ओर से कोई सफाई तो नहीं आयी है, लेकिन प्रदेश भाजपा अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी और प्रवक्ता प्रतुल शाहदेव ने चंपाई को मंझा हुआ राजनेता करार देते हुए कहा कि है कि वे अपनी राह चुनने में सक्षम हैं.

चंपाई व चंचल की चंचलता

सुरजीत सिंह

पूर्व मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन अभी तक भाजपा में शामिल नहीं हुए हैं, पर झामुमो में वे रहेंगे, इसकी गुंजाइश नहीं दिखती. उन्होंने अपने सोशल मीडिया के बायो से झामुमो की पहचान हटा दी है. सरकार में मंत्री हैं, यह भी नहीं बताया है. वे दिल्ली पहुंचे हुए हैं. उनके साथ झामुमो के जिन विधायकों के नाम चर्चा में थी, उन्होंने खुल कर खुद को झामुमो के साथ रहने का ऐलान कर दिया है. कुल मिलाकर अब चंपाई सोरेन अकेले नजर आ रहे हैं. भाजपा में जाएंगे भी, तो शायद अकेले हीं. और अगर वह ऐसा करते हैं, तो उनकी वहां क्या हैसियत होगी, यह समझने और देखने वाला है.

झारखंड और कोल्हान में झामुमो की सांगठनिक पैठ और तीर कमान सिंबल की अहमियत के बारे में झामुमो के तमाम नेता जानते हैं. इसी साल हुए लोकसभा चुनाव में सीता सोरेन पाला बदलते हुए भाजपा में गयीं थी. भाजपा में शामिल होने से पहले सीता सोरेन ने परिवार और दल पर अपनी अनदेखी का आरोप भी लगाया. भाजपा ने सीता सोरेन को दुमका संसदीय क्षेत्र से चुनाव लड़ाया, लेकिन वे हार गयीं. हारने के बाद सीता सोरेन ने भाजपा नेताओं पर ही असहयोग का आरोप लगाया. उधर सिंहभूम में कांग्रेस से भाजपा में शामिल होकर गीता कोड़ा भी चुनाव हार गयीं. झामुमो की जोबा मांझी से उन्हें करारी हार का सामना करना पड़ा. वोटरों ने दोनों को नकार दिया. वह भी तब, जब वोटरों के सामने भाजपा के सबसे बड़े ब्रांड नरेंद्र मोदी का चेहरा था.

टिप्पणी

यह सही है कि चंपाई सोरेन कोल्हान में सरायकेला से छह बार चुनाव जीते हैं, लेकिन इससे भी बड़ा सच यह है कि कोल्हान में उनके विधानसभा चुनाव से बाहर उनकी बिसात कमजोर है. ऊपर से उनके बेटों के कारनामे हैं, सो अलग. इनमें सबसे खास- चंचल और उसकी चंचलता चंपाई सोरेन के लिए सबसे घातक है. तह में झांकने का प्रयास करें, तो 'चंचल की चंचलता' ने ही चंपाई सोरेन को आज इन हालात तक पहुंचा दिया है. गौर कीजिए, हेमंत सोरेन जब जेल जा रहे थे, तब उन्होंने चंपाई सोरेन के नाम को आगे किया.

जाहिर है, हेमंत ने उन पर सबसे अधिक भरोसा जताया. बाद में हुआ क्या ? भरोसा टूटा कैसे? इन सबके पीछे 'चंचल की चंचलता' खासी चर्चा में हैं. झामुमो के लोग बताते हैं, चंपाई सोरेन के कार्यकाल में चंचल ने एक नयी लॉबी तैयार की.. इसमें किसी को दिक्कत नहीं थी. दिक्कत तब हुई, जब चंचलता बढ़ती चली गयी. -शेष पेज 07 पर

कोलकाता : ट्रेनी महिला डॉक्टर हत्याकांड

संजय रॉय का पॉलीग्राफी टेस्ट होगा, कोर्ट ने इजाजत दी

लगातार न्यूज नेटवर्क

कोलकाता के आरजी कर मेडिकल कॉलेज में ट्रेनी महिला की दुष्कर्म के बाद हत्या मामले में देश भर के मेडिकल छात्रों और जूनियर डॉक्टरों में उबाल है. देश भर के अस्पतालों में जूनियर डॉक्टरों की हड़ताल और विरोध प्रदर्शन जारी है. इस बीच मामले में सीबीआई को आरोपी संजय रॉय का पॉलीग्राफी टेस्ट कराने की सीबीआई को इजाजत मिल गई है. इसको लेकर जांच एजेंसी ने सियालदह कोर्ट में याचिका दाखिल की थी.

सीबीआई ने आरोपी के पॉलीग्राफी टेस्ट के लिए कोर्ट में मांगी थी अनुमति

चौथे दिन भी डॉ संदीप घोष से सीबीआई के अफसरों ने पूछताछ की

कोर्ट ने अर्जी स्वीकार करते हुए आरोपी के पॉलीग्राफी टेस्ट की अनुमति दे दी. इससे पहले सीबीआई, एफएसएल टीम से आरोपी का मनोवैज्ञानिक टेस्ट करा चुकी है. इस जांच के जरिए आरोपी के दिमाग, उसके व्यवहार को समझने की कोशिश की गयी है. आरोपी से भी सीबीआई के अफसरों की पूछताछ जारी है. वहीं, अब पॉलीग्राफी टेस्ट से पता चल सकेगा कि आखिरी आरोपी कितना झूठ और कितना सच बोल रहा है. इधर, सोमवार को लगातार चौथे दिन सीबीआई के अफसरों ने मेडिकल कॉलेज के पूर्व प्राचार्य डॉ संदीप घोष से पूछताछ की. सीबीआई की जांच कई बिंदुओं पर चल रही है.

10 लाख के इनामी नक्सली रामदयाल ने सरेंडर किया

बेटे के कहने पर सरेंडर किया आधिकारिक पुष्टि नहीं, पीरटांड़ थाना के पीपराडीह का रहने वाला है नक्सली रामदयाल उर्फ बच्चन

संवाददाता। रांची/गिरिडीह

झारखंड के 10 लाख के इनामी नक्सली रामदयाल महतो ने आत्मसमर्पण कर दिया है. जानकारी के मुताबिक रामदयाल ने गिरिडीह पुलिस के समक्ष आत्मसमर्पण किया है. हालांकि इसकी आधिकारिक तौर पर पुष्टि नहीं हो पायी है. रामदयाल महतो का आत्मसमर्पण कराने में उसके बेटे बैजनाथ महतो की खास भूमिका बतायी जा रही है.

चर्चा इस बात को लेकर भी है कि रामदयाल महतो ने मधुबन थाना इलाके में रविवार को ही आत्मसमर्पण किया है. इनामी और कुख्यात नक्सली रामदयाल महतो उर्फ बच्चन दा पीरटांड़ थाना क्षेत्र के पीपराडीह का रहने वाला है.

वह पिछले कुछ दिनों से बीमार चल रहा था. रामदयाल नक्सली संगठन में जोनल कमेटी मेंबर है और पिछले कई वर्षों से वह पारसनाथ से लेकर टुंडी तक कई नक्सली घटनाओं को अंजाम दे चुका है.

कई बड़े नक्सलियों के साथ काम कर चुका है

रामदयाल महतो संगठन में शामिल कई बड़े नक्सलियों के साथ काम कर चुका है. इसमें प्रमुख रूप से एक करोड़ का इनामी नक्सली मिसिर बेसरा, प्रयाग मांझी, अनल दा उर्फ पतिराम मांझी, अजय महतो उर्फ टाइगर, कृष्णा हांसदा आदि शामिल है. कुछ माह पूर्व 25 लाख के इनामी नक्सली कृष्णा हांसदा की गिरफ्तारी के बाद पारसनाथ इलाके में संगठन की देखरेख वही कर रहा था और संगठन को मजबूत करने में जुटा था.

रामदयाल पर 75 से अधिक मामले दर्ज हैं : पुलिस सूत्रों की मानें, तो रामदयाल महतो उर्फ बच्चन दा कई वर्षों से भाकपा माओवादी संगठन के लिए काम रह रहा है. उसका दस्ता पीरटांड़, निमियाघाट, मधुबन, डुमरी, टुंडी समेत कई इलाकों में कई बड़े नक्सल वारदातों को अंजाम दे चुका है. उसके खिलाफ विभिन्न थानों में करीब 75 से अधिक मामले दर्ज हैं. पुलिस लगातार उसकी गिरफ्तारी के लिए अलग-अलग इलाकों में छापेमारी कर रही थी. लेकिन, पारसनाथ की भौगोलिक बनावट का फायदा उठा कर वह हमेशा पुलिस की नजरों से बचते आ रहा था.

एनएमसी सर्वे मेडिकल छात्रों में असफलता का डर अहम मुद्दा, मन में आते हैं आत्महत्या के विचार

28% यूजी व 15% पीजी छात्रों को मानसिक स्वास्थ्य समस्याएं

एजेंसी। नई दिल्ली

राष्ट्रीय चिकित्सा आयोग (एनएमसी) के एक कार्य बल के ऑनलाइन सर्वेक्षण में दावा किया गया है कि मेडिकल के लगभग 28 प्रतिशत स्नातक (यूजी) और 15.3 प्रतिशत स्नातकोत्तर (पीजी) छात्रों ने मानसिक स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं से जूझते हैं. सर्वेक्षण में 25,590 स्नातक छात्र, 5,337 स्नातकोत्तर छात्र और 7,035 संकाय सदस्यों ने हिस्सा लिया. इसमें सलाह दी गई है कि रेजिडेंट डॉक्टर प्रति सप्ताह 74 घंटे से अधिक काम न करें, सप्ताह में एक दिन की छुट्टी लें और रोजाना सात से आठ घंटे की नींद लें. मेडिकल छात्रों के मानसिक स्वास्थ्य और कल्याण पर राष्ट्रीय कार्य बल की रिपोर्ट के अनुसार, पिछले 12 महीनों में 16.2% एमबीबीएस छात्रों ने मन में स्वयं को नुकसान पहुंचाने या आत्महत्या करने के विचार आने की बात कही, जबकि एमडी/ एमएस छात्रों के मामले में यह संख्या 31% दर्ज की गई. कार्य बल ने इस सर्वे रिपोर्ट को जून में अंतिम रूप दिया. रिपोर्ट के मुताबिक, छात्रों में अकेलेपन या सामाजिक अलगाव की भावना आम है. 8,962 (35%) छात्र हमेशा या अक्सर इसका अनुभव करते हैं और 9,995 (39.1%) ने कभी-कभी इन भावनाओं से दो-चार होने की बात कही. सामाजिक संपर्क कई लोगों के लिए एक मुद्दा है, क्योंकि 8,265 (32.3%) को सामाजिक संबंध बनाने या बनाए रखने में मुश्किल होती है और 6,089 (23.8%) को यह कुछ हद तक कठिन लगता है.

तनाव भी एक बड़ी समस्या, शैक्षणिक भार का भी असर

सर्वे में शामिल लोगों में से 36.4% ने बताया कि उन्हें तनाव से निपटने के लिए ज्ञान और कौशल की कमी महसूस होती है. 18.2% लोगों ने फैकल्टी या परामर्शदाताओं से बहुत कम सहयोग मिलने की बात कही. इस सर्वेक्षण के अनुसार, 56.6% छात्रों ने अपने शैक्षणिक भार को संभालने योग्य, लेकिन अत्यधिक बताया. 20.7% छात्रों के मुताबिक, उन पर शैक्षणिक भार बहुत ज्यादा है. केवल 1.5 फीसदी छात्रों ने इसे हल्का बताया. सर्वेक्षण में पाया गया कि असफलता का डर यूजी छात्रों के बीच एक महत्वपूर्ण मुद्दा है, जिसमें 51.6% सहमत या दृढ़ता से सहमत हैं कि यह उनके प्रदर्शन पर नकारात्मक असर डालता है. इसके अलावा, 10,383 छात्र यानी 40.6% लगातार शीर्ष ग्रेड प्राप्त करने का दबाव महसूस करते हैं.

व्यक्तिगत जीवन और शैक्षणिक कार्य के बीच संतुलन चुनौती

सर्वे के मुताबिक, 56.3% यूजी छात्र व्यक्तिगत जीवन और शैक्षणिक कार्य के बीच संतुलन बैठाने में संघर्ष महसूस करते हैं. मेडिकल पाठ्यक्रम से उत्पन्न तनाव एक महत्वपूर्ण कारक है, जिसमें 11,186 (43.7%) छात्रों ने इसे अत्यधिक, जबकि 9,664 (37.8%) छात्रों ने मध्यम रूप से तनावपूर्ण बताया. बार-बार परीक्षा लिए जाने को 35.9% छात्रों ने अत्यधिक तनावपूर्ण बताया और 37.6% के लिए यह मध्यम तनावपूर्ण है. वहीं, पीजी के 20% छात्रों ने माना कि उन्हें वर्तमान शैक्षणिक भार अक्सर चुनौतीपूर्ण लगता है. 9.5 प्रतिशत ने इसे बहुत ज्यादा तनाव पैदा करने वाला बताया, जबकि 32 प्रतिशत ने कहा कि वे इसे झेलने में सक्षम हैं. 45% पीजी छात्रों ने बताया कि वे सप्ताह में 60 घंटे से अधिक काम करते हैं.

76,293 करोड़ बकाया की वसूली कठिन : सेबी

- पिछले साल की तुलना में 4% अधिक है बकाया राशि

एजेंसी। नयी दिल्ली

पूंजी बाजार नियामक सेबी ने 76,293 करोड़ रुपये बकाया राशि की वसूली को 'मुश्किल' की श्रेणी में रखा है. यह पिछले साल की तुलना में चार प्रतिशत अधिक है. इसमें से एक बड़ा हिस्सा अदालत के आदेश से नियुक्त समितियों के समक्ष लंबित मामलों के कारण है. बकाया राशि की वसूली कठिन है. यह ऐसी राशि है, जिनकी वसूली पुनरुद्धार के सभी उपायों को लागू करने के बाद भी नहीं हो पाई है.

सेबी ने 2023 की अपनी वार्षिक रिपोर्ट में कहा, वसूली में मुश्किल (डीटीआर) बकाया को अलग करना पूरी तरह से एक प्रशासनिक कार्य है. यह अधिकारियों को डीटीआर के रूप में अलग की गई राशि की वसूलने से नहीं रोकेगा. रिपोर्ट के अनुसार, 31 मार्च, 2024 तक सेबी ने डीटीआर के रूप में 807 मामलों की पहचान की. इनपर कुल बकाया 76,293 करोड़ रुपये था. वहीं पिछले साल 73,287 करोड़ रुपये के 692 मामले थे. इन 807 मामलों में से 36 मामले राज्य की अदालतों, राष्ट्रीय कंपनी विधि न्यायाधिकरण (एनसीएलटी), राष्ट्रीय कंपनी विधि अपीलीय न्यायाधिकरण (एनसीएलएटी) में चल रही कार्यवाही के कारण लंबित हैं. इन मामलों में 12,199 करोड़ रुपये की राशि हैं. इसके अलावा 60 मामले अदालत द्वारा गठित समितियों के समक्ष हैं, जिनमें 59,970 करोड़ शामिल हैं.

झारखंड में एक करोड़ और 25 लाख के इनामी नक्सलियों में बचे हैं सिर्फ 10

संवाददाता। रांची

झारखंड में एक-एक कर इनामी नक्सलियों की संख्या कम होती जा रही है. वर्तमान में एक करोड़ और 25 लाख रुपये के इनामी सिर्फ 10 नक्सली बचे हैं. पूरे इनामी नक्सलियों की संख्या की बात की जाये, तो यह संख्या अब सिर्फ 66 रह गयी है. सुरक्षाबलों के द्वारा लगातार चलाये जा रहे अभियान से यह संभव हो पाया है.

पश्चिमी सिंहभूम अति माओवाद प्रभावित जिले की सूची में : केंद्रीय

गृह मंत्रालय के मुताबिक, झारखंड के पश्चिमी सिंहभूम, गिरिडीह, गुमला, लातेहार, लोहरदगा माओवाद प्रभावित जिले हैं. इनमें पश्चिमी सिंहभूम को अति माओवाद प्रभावित जिले की सूची में रखा गया है. जबकि शेष चार नक्सल प्रभाव वाले जिलों गिरिडीह, गुमला.

सात जिलों के 18 थाना क्षेत्रों में अभी भी नक्सलियों का प्रभाव

पलामू : मोहम्मदगंज, हरिहरगंज, पांकी.
चतरा : लावालौंग.
लातेहार : चंदवा, नेतरहाट.
लोहरदगा : कैरो, जोबांग.
हजारीबाग : कटकमसांडी, केरेडारी.
गिरिडीह : डुमरी, पीरटांड़
चाईबासा : टोंटो, छोटानागरा, जाराईकेला, गोईलकेरा, टेबो, कराईकेला

लातेहार व लोहरदगा को डिस्ट्रिक्ट आफ कंर्सन (डीओसी) की सूची में रखा गया है.

झारखंड में बचे सिर्फ 66 इनामी नक्सली

एक करोड़ के इनामी नक्सली: मिसिर बेसरा, असीम मंडल, अनल दा और प्रयाग मांझी.
25 लाख के इनामी नक्सली: करमचंद हांसदा, लालचंद्र हेंब्रम, रघुनाथ हेंब्रम, अजय महतो, ब्रजेश गंझू, सहदेव सोरेन.
15 लाख के इनामी नक्सली: मेहनत, संजय महतो, छोटू खेरवार, मार्टिन केरकेट्टा, आक्रमण गंझू, नितेश यादव, रविंद्र गंझू, अमित मुंडा, बेला सरकार, रणविजय महतो, मदन महतो.
दस लाख के इनामी नक्सली: आरिफ जी, मृत्युंजय जी, पप्पू लोहरा, मनोहर गंझू, साहेबराम मांझी, विवेक यादव, गोदराय यादव, कुंदन खेरवार.
पांच लाख के इनामी नक्सली: बिरसेन गंझू, रंथु उरांव, गुलशन मुंडा, सहदेव महतो, रविंद्र यादव, लवलेश गंझू, जयंती, प्रभात मुंडा, मनीष यादव, अनिल तुरी, शिवराज सिंह, शिव सिंह
दो लाख के इनामी नक्सली: पंकज कोरवा, कुंवर मांझी, वीरेन सिंह, बलराम लोहरा, सागेन अंगरिया, करीम जी, जितेंद्र सिंह, कृष्णा यादव, राजू भुइया,
एक लाख के इनामी नक्सली: राहुल चंपिया, सुलेमान हांसदा, फिरोज अंसारी, वीरेंद्र गंझू, सैमुएल बुड, पांचा उरांव, मीता, सहेंद्र यादव, लक्षण राय, अमोज मोदक, गुलशन उरांव, बबलू, राजू यादव, बाबूलालजी.

आत्मसम्मान को गिरवी रख कर सरकार को तोड़ने का कर रहे थे काम

चंपाई अपनी करनी पर पछतावा कर छिपा रहे हैं मुंह : बन्ना गुप्ता

प्रमुख संवाददाता। रांची

राज्य के स्वास्थ्य मंत्री बन्ना गुप्ता ने पूर्व सीएम चंपाई सोरेन के पोस्ट पर कई सवाल खड़े किए हैं. चंपाई के पत्र के जवाब में मंत्री बन्ना गुप्ता ने भी एक पत्र जारी किया है. पत्र में लिखा है- झारखंड का इतिहास जब भी लिखा जाएगा, चंपाई सोरेन का नाम विभीषण के रूप में दर्ज होगा. जिस पार्टी और माटी ने उनको सबकुछ दिया, उसको ठुकरा कर, अपने आत्मसम्मान को गिरवी रख कर वे सरकार को तोड़ने का काम कर रहे थे. लेकिन समय रहते जब चीजें सामने आ गईं, तो सोशल मीडिया पर पोस्ट कर रहे हैं, जबकि हकीकत ये है कि वे अपनी करनी पर पछतावा कर रहे हैं और मुंह छिपा रहे हैं.

चंपाई दा ने राज्य को मौकापरस्ती के दलदल में झोंकना चाहा : बन्ना ने पत्र में कहा है कि आदरणीय गुरुजी ने एक साधारण व्यक्ति को जमशेदपुर से निकाल कर पहचान दी. उनको मान सम्मान दिया, हर संभव मदद की. पार्टी में अपने बाद का ओहदा दिया. जब-जब जेएमएम की सरकार बनी, उसमें मंत्री बनाया. सांसद का टिकट दिया. हर निर्णय का सम्मान किया.लेकिन उसके बदले चंपाई दा ने राज्य को मौकापरस्ती के दलदल में झोंकना चाहा.हेमंत सोरेन जब जेल जाने लगे, तो उन्होंने सभी सत्ता पक्ष के विधायकों से चंपाई सोरेन को मुख्यमंत्री बनाने की बात कही, तो हम सभी ने उनकी बात मान ली. जब खुद के मुख्यमंत्री बनने की बात थी, तो यह निर्णय चंपाई दा को बुरा नहीं लगा. प्रोटोकॉल के विरुद्ध नहीं लगा, तानाशाही नहीं लगी?

हर विभाग में चंपाई सोरेन का हस्तक्षेप था, हर मंत्रालय में वे खुद लेने लगे थे निर्णय : जब हेमंत जेल से बाहर आ रहे थे, तो चंपाई सोरेन कैबिनेट की बैठक में व्यस्त थे.चंपाई दा तो अकेले निर्णय लेने में व्यस्त थे. उस समय तो कांग्रेस समेत झामुमो के मंत्रिमंडल के साथियों ने

भी कैबिनेट में बात उठाई थी.हर विभाग में उनका हस्तक्षेप था, हर मंत्रालय में वे खुद निर्णय लेने लगे थे.तब उनको नेतृत्व में तानाशाही महसूस नहीं हुआ. बन्ना ने आरोप लगाया कि जब पार्टी और गठबंधन बुरे दौर से गुजर रहे थे, तो वे भाजपा नेताओं से अपनी सेटिंग बैठा रहे थे. जब हमारे नेता जेल में थे, तो केंद्र सरकार की कानून बदलने वाली योजना को हर अखबार के प्रमुख पन्नों में अपनी फोटो के साथ छपवा कर कौन सा गठबंधन धर्म निभा रहे थे? जबकि इंडिया गठबंधन देश में इसका विरोध कर रहा था. लेकिन चंपाई दा भाजपा और इसके नेताओं से अपना पीआर बढ़ाने में लगे थे. भाजपा नेतृत्व को खुश करने में लगे हुए थे.

जिस दिन हेमंत जेल से बाहर आये, उसी दिन दे देना चाहिए था इस्तीफा : सच तो ये ही कि जिस दिन हेमंत सोरेन जेल से बाहर आये थे, आपको नैतिकता के आधार पर इस्तीफा दे देना चाहिए था. जब हेमंत सोरेन ने मुख्यमंत्री पद की शपथ ली, तो एक मुख्यमंत्री बनने के बाद भी आप मंत्री पद मांगने की जिद करने लगे.जबकि आपको कुर्सी का मोह नहीं होता, तो कई सीनियर नेता थे. कोल्हान में रामदास सोरेन थे, दशरथ गगराई थे, कई लोग थे, जिन्हें आप अपना मंत्री का पद दे सकते थे. लेकिन आप तो मंत्री बनने के लिए नाराज तक हो गए थे. यदि किसी ने कुर्बानी दी तो वे है बसंत सोरेन.

मीडिया मैनेजमेंट के बहाने झामुमो के समर्पित विधायकों का नाम उछलवा दिया : आज जब भाजपा में आपकी दाल नहीं गली, बाबूलाल मरांडी आपके भाजपा में ज्वाइनिंग का विरोध कर रहे हैं, तो आप ऑप्शन चुनने लगे. आपके पास एक ही ऑप्शन था, जो आपने गंवा दिया. वो था मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को गद्दी सौंपना और झामुमो को मजबूत करना. लेकिन अफसोस की आपने रातों-रात अपने घर और गांव से झामुमो का झंडा उतार कर गायब करवा दिया. लोबिन दादा को मनाने के बजाय उकसा कर गलत बयान दिलवा दिया. मीडिया मैंनेजमेंट के बहाने झामुमो के मजबूत और समर्पित विधायकों का नाम उछलवा दिया कि वे आपके साथ हैं?

आप संन्यास नहीं लेंगे, क्योंकि आप सत्ता लोभी हैं : हद तो तब हो गई जब कोलकाता होते हुए दिल्ली एयरपोर्ट पहुंचे और आप कहने लगे हम जहां हैं, वही हैं. मतलब जेएमएम में हैं, सरकार के साथ हैं. लेकिन जब भाजपा नेतृत्व ने आपको ठुकरा दिया तो सोशल मीडिया पर इमोशनल कार्ड वाला बयान दिया. सच बोलूं तो ये आपका और झामुमो का मामला है. लेकिन ये सरकार का भी मामला है. गठबंधन का मामला भी है. नैतिकता का मामला भी है. झारखंड की जनता से भी जुड़ा मामला है. इसलिए मैं आपको कहना चाहता हूं कि भ्रम में मत रहिए. झारखंड की जनता आपको समझ चुकी है, जान चुकी है. आप संन्यास नहीं लेंगे, क्योंकि आप सत्तालोभी हैं. पार्टी या सरकार के विधायक नहीं तोड़ सकते, क्योंकि सभी मजबूती से गुरुजी और हेमंत बाबू के साथ खडे हैं. तीसरा ऑप्शन नए साथी की तलाश. तो यदि भाजपा आपको साथ लेती भी है, तो बहुत उदाहरण हैं, जिसने पार्टी या सरकार के साथ गद्दारी की उसका क्या हुआ?

झारखंड का सम्मान भाजपा के हाथों गिरवी रखने का काम किया : जब विधायक दल की बैठक में गठबंधन के विधायकों का समर्थन ब्लैंक पेपर पर लेकर आपका नाम लिख दिया गया, तब आपको नहीं लगा था के ये तानाशाही है. हां, एक बात और हेमंत सोरेन के पास बसंत सोरेन और कल्पना सोरेन का ऑप्शन था. पर आप पर भरोसा जताया था. लेकिन आपने सिर्फ अपने स्वार्थ, सत्ता की भूख और ईगो के कारण झारखंड का सम्मान भाजपा के हाथों गिरवी रखने का काम किया है. बन्ना ने कहा- एक बात और है, कोल्हान एवं झारखंड की जनता, हर एक विधायक, मंत्री और इंडिया गठबंधन का हर कार्यकर्ता गुरुजी शिबू सोरेन, हेमंत सोरेन, राहुल गांधी, मल्लिकार्जुन खरगे एवं गुलाम अहमद मीर के साथ खड़ा है.

अनुकंपा के आधार पर मिली कुर्सी को अधिकार समझने लगे

चंपाई दादा, 2019 का चुनाव आपके चेहरे पर नहीं बल्कि हेमंत बाबू के चेहरे पर लड़ा गया था और ये जनादेश हेमंत बाबू और गुरुजी को मिला था. लेकिन अनुकंपा के आधार पर मिली कुर्सी को आप अधिकार समझने लगे. सच तो ये है कि आप सत्ता के लोभी हैं. तभी तो जब जब झामुमो के नेतृत्व वाली सरकार बनी, तो आपने मंत्री का पद मांगा. आपको मिला भी. आपने सांसद का टिकट मांगा. आपको मिला. पार्टी में भी बड़ा सम्मान मिला. लेकिन आपको सम्मान पचा ही नहीं.

कोई न कभी आपके साथ था और न कभी रहेगा...

हमलोग झारखंडी हैं. जब रिश्ता बनाते हैं, तो दिल से. स्वार्थ से नहीं. आपने सिर्फ पार्टी को नहीं बल्कि झारखंड की माटी को भी धोखा दिया है. झारखंड के शहीदों का अपमान किया है. झारखंड की माटी को बेचने का काम किया है. इसलिए आज आप अकेले हैं. कोई न कभी आपके साथ था और न कभी रहेगा...

हेमंत सोरेन ने बड़ा दिल दिखाया और चंपाई पर भरोसा जताया : डॉ इरफान

रांची। राज्य के ग्रामीण विकास मंत्री डॉ इरफान अंसारी ने चंपाई सोरेन प्रकरण पर अपनी प्रतिक्रिया दी है. उन्होंने मीडिया से बातचीत में कहा है कि सीएम हेमंत सोरेन ने बड़ा दिल दिखाया और चंपाई सोरेन पर भरोसा जताया.चंपाई सोरेन को मुख्यमंत्री बनाने का काम किया. जब वे जेल गए, तब भी चंपाई सोरेन पर विश्वास किया. वे चाहते तो बसंत सोरेन, कल्पना सोरेन या किसी और को सीएम बना सकते थे.इरफान ने यह भी कहा कि जब हेमंत सोरेन जेल से बाहर आए तो चंपाई सोरेन को चाहिए था कि वे उनके पैर पर इस्तीफा रख देते. यह भी कहा कि भाजपा के बहकावे में चंपाई सोरेन नहीं आने वाले. वे अपनी पार्टी के साथ गद्दारी नहीं कर सकते हैं. सरकार की सेहत पर कोई खतरा नहीं है. गठबंधन दल में टूट की भी कोई संभावना नहीं है.

चाटुकारिता में बन्ना गुप्ता शब्दों की मर्यादा भी भूल गए: शाहदेव

- बन्ना गुप्ता ने हेमंत सरकार को बताया रावण राज
- कांग्रेस बताए कब तक कुंभकर्ण बनी रहेगी

प्रमुख संवाददाता। रांची

भाजपा ने मंत्री बन्ना गुप्ता द्वारा पूर्व मुख्यमंत्री चंपई सोरेन को विभीषण कहने पर कड़ी प्रतिक्रिया दी है. प्रदेश प्रवक्ता प्रतुल शाह देव ने कहा कि बन्ना गुप्ता अगर पूर्व मुख्यमंत्री चंपई सोरेन को विभीषण बता रहे हैं तो यह स्पष्ट हो गया कि वर्तमान सरकार का कार्यकाल रावण राज के समान है. जाने अंजाने बन्ना गुप्ता ने सच्चाई बताते हुए वर्तमान हेमंत सोरेन सरकार की तुलना रावण राज से कर दी है. चाटुकारिता में बन्ना गुप्ता शब्दों की मर्यादा को भूल गए और कोल्हान के एक जमीन से जुड़े कद्दावर आदिवासी नेता का अपमान कर रहे हैं. प्रतुल ने कहा कि इसके पहले भी बन्ना गुप्ता अपनी विवादास्पद कार्यों और टिप्पणियों के कारण जाने जाते रहे हैं.

वर्तमान में रावण राज जैसे हालात : वर्तमान में राज्य में रावण राज जैसे हालात हैं. पिछले पौने 5 वर्षों में 7000 से ज्यादा बेटियों की इज्जत लूटी गई. 7000 से ज्यादा हत्याएं हुईं। हजारों लूट और अपहरण की घटनाएं हुईं. विधि व्यवस्था की स्थिति चरमरा गई. ग्रामीण क्षेत्रों में नक्सलियों का तांडव हो रहा है.शहरी क्षेत्र में संगठित आपराधिक गिरोह वकील, नेता, पुलिसकर्मी और आम जनों की हत्याएं कर रहे हैं. प्रतुल ने कहा कि इस रावण राज के खात्मे के लिए और धर्म की रक्षा करने के लिए अगर कोई सिस्टम पर प्रश्न खड़ा करता है, जैसा चंपई सोरेन ने किया तो उनको बन्ना गुप्ता जैसे लोगों के द्वारा टारगेट करवाया जाता है.

पूरे प्रदेश में अराजकता का माहौल : पूरे प्रदेश में अराजकता का माहौल है, लेकिन कांग्रेस सिर्फ मंत्री पद और ब्रीफकेस के लालच में सत्ता में लगातार बने रहने के लिए सरकार को समर्थन जारी रख रही है. कांग्रेस को बताना चाहिए कि वह कब तक इस रावण राज में कुंभकर्ण बन कर सोई रहेगी? सिर्फ सत्ता और पैसे के लालच में कांग्रेस वर्तमान में कुंभकर्णी निंद्रा में सोई हुई है. वैसे भी बन्ना गुप्ता तो वैसे मंत्री रहे हैं जिन्होंने अपनी कलम से खुद को कोरोना वॉरियर के रूप में पुरस्कृत किया था. कोल्हान के आदिवासी बेटे का अपमान का फल तो इस पूरे सरकार और सत्ताधारी विधायकों को आगामी विधानसभा चुनाव में चुकाना होगा. सोरेन डायनेस्टी के बाहर का कोई भी आदिवासी नेता फैमिली को पचता ही नहीं है. उस पर प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष आक्रमण शुरू हो जाता है. चंपाई सोरेन प्रकरण में झामुमो के भीतर की घटिया राजनीति पूरे तरीके से जनता के सामने एक्सपोज हो गई है.

राज्य के छोटे और सीमांत किसानों को 90% सब्सिडी पर मिलेगा जोड़ा बैल

- कृषि-पशुपालन विभाग ने बैलों की खरीद के जारी किया रिक्वेस्ट ऑफ प्रपोजल
- प्रति बैल की खरीदारी 20 हजार रुपये की दर से की जाएगी

प्रमुख संवाददाता। रांची

राज्य सरकार छोटे और सीमांत किसानों को 90 फीसदी अनुदान पर जोड़ा बैल देगी. वित्तीय वर्ष 2024-25 में बैलों की खरीद के लिए कृषि-पशुपालन विभाग ने रिक्वेस्ट ऑफ प्रपोजल जारी कर दिया है. इसके तहत आपूर्तिकर्ता एजेंसी को पांच सितंबर को अपराह्न तीन बजे तक दस्तावेज जमा करना होगा. छह सितंबर को अपराह्न तीन बजे टेंडर खोला जाएगा. विभाग के अनुसार, छोटे किसानों को खेती करने के लिए बैल की आवश्यकता और कृषि कार्य में उन्नति लाने के उद्देश्य से यह योजना लायी गई है. जिससे कि किसानों को कम लागत में खेती कार्य में सहयोग व अधिक मुनाफा हो सके.

क्षेत्रीय उपयोजना के तहत किस जिले में कितने लाभुकों को जोड़ा बैल वितरण का है लक्ष्य

जिला	लाभुक की संख्या
गढ़वा	41
पलामू	51
चतरा	38
हजारीबाग	50
कोडरमा	27
गिरिडीह	80
देवघर	98
धनबाद	48
बोकारो	51
रामगढ़	31
गोड्डा	40

जनजातीय उपयोजना के तहत कितने लाभुकों को जोड़ा बैल वितरण का है लक्ष्य

जिला	लाभुक की संख्या
लोहरदगा	29
साहिबगंज	35
पाकुड़	32
दुमका	95
जामताड़ा	30
लोहरदगा	20
गुमला	40
खूंटी	28
रांची	77
सिमडेगा	24
चाईबासा	55
सरायकेला	39
जमशेदपुर	51

आपूर्तिकर्ता को इन शर्तों का करना होगा पालन

बैल की उम्र 2 से 3 वर्ष होनी चाहिए.
बैल रोग मुक्त, एचएस एंड बीओ, एफएमडी रोग से बचाव के लिए टीकाकृत होना चाहिए.
जोड़ा बैल वितरण से पूर्व स्वास्थ्य संबंधित जिला के पशु चिकित्सक द्वारा जांच की जाएगी.
योजना 90% अनुदान पर संचालित होगी.
लाभुक को 10% राशि अपने स्तर से देनी होगी.
जोड़ा बैल (प्रति बैल अधिकतम 20,000 रुपये की दर से) 40,000 रुपए में खरीदी जाएगी.

पूर्वजों के सपनों को साकार कर रहा है झामुमो : कल्पना

रांची । गांडेय विधायक कल्पना सोरेन ने कहा है कि झामुमो सभी को उसका हक अधिकार दिलाने के पूर्वजों के सपनों को साकार करने के माग्र पर बढ़ रही है. वह सोमवार को रक्षाबंधन के अवसर पर बोल रही थीं. उन्होंने कहा कि झारखंड अलग राज्य बनने के आंदोलन में न जाने कितने आंदोलनकारियों ने अपने सपनों की आहुति दी है. उन सपनों का एक बड़ा उद्देश्य यह था कि हर व्यक्ति को वह सम्मान और अधिकार मिले जिसके वे हकदार हैं, इसी सोच के साथ झामुमो ने राजनीति में अपने कदम जमाये. ताकि राज्य की हर महिला और बेटी को वह हक और इज्जत मिले.

बिजली वितरण निगम की पहल...उपभोक्ताओं से किया मोबाइल अपडेट करने का आग्रह

व्हाट्सऐप नं. 9431135503 पर मिलेगी बिल की जानकारी

प्रमुख संवाददाता। रांची

झारखंड राज्य बिजली वितरण निगम ने बिजली उपभोक्ताओं को एक अहम सुविधा उपलब्ध कराई है. निगम ने एक व्हाट्सएप नंबर 9431135503 जारी किया है, जिससे बिजली बिल की अद्यतन जानकारी मिलेगी.साथ ही किसी भी तरह की समस्या होने पर टॉल फ्री नंबर 1912 के अलावा 18003456570 और 0651-2710002 पर संपर्क किया जा सकता है. बताते चलें कि

वितरण निगम सितंबर से नई व्यवस्था लागू करने जा रहा है.इसके तहत स्मार्ट मीटर प्रीपेड हो जाएंगे.

उपभोक्ताओं से मोबाइल अपडेट करने का अग्राह : बिजली वितरण निगम ने राज्यभर के बिजली उपभोक्ताओं से अपने मोबाइल को अपडेट करने का आग्रह किया है. अगर किसी तरह की समस्या हो, तो उपभोक्ता अपने नजदीक के बिजली ऑफिस में अपना मोबाइल नंबर अपडेट करवा सकते हैं, जिससे उपभोक्ताओं को एसएमएस और व्हाट्सएप के जरि बिजली से जुड़ी समस्याओं की जानकारी मिल सकेगी.

क्या चल रहा है वितरण निगम का प्रोजेक्ट : रांची और धनबाद में स्मार्ट मीटर लगाया जा रहा है.
रांची में अब तक लगभग 2.61 लाख प्रीपेड स्मार्ट मीटर लगाए जा चुके हैं.
धनबाद में लगभग 27 हजार प्रीपेड स्मार्ट मीटर लग चुके हैं.
अब नई बिलिंग प्रक्रिया के माध्यम से प्रीपेड मोड में काम करेगा.
वितरण निगम की तरफ से उपभोक्ताओं को बिजली कनेक्शन कटने से पहले एसएमएस के माध्यम से उपलब्ध बैलेंस की जानकारी मिलेगी.

रवि मुंडा बने भाजपा एसटी मोर्चा के रांची महानगर अध्यक्ष

रांची। भाजपा अनुसूचित जनजाति मोर्चा का रांची महानगर अध्यक्ष रवि मुंडा को बनाया गया है. अध्यक्ष बनाये जाने पर चडरी सरना समिति ने उन्हें बधाई देते हुए उम्मीद जतायी कि मुंडा के जिम्मेवारी संभालने से भाजपा और मजबूत होगी. रवि मुंडा ने भी कहा कि संगठन को मजबूत करने के लिए जो भी कार्य मुझे सौंपा जाएगा, उसे मैं अच्छी तरह से करने का प्रयास करूंगा.

क्लासिफाइड

उठाये सवाल रांची में प्रतिमाह हो रही हैं 20 दुष्कर्म की घटनाएं

रांची दुष्कर्म के मामले में अव्वल : बाबूलाल

प्रमुख संवाददाता। रांची

भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने कहा है कि रांची में दुष्कर्म की घटनाएं रुकने का नाम नहीं ले रही हैं. रांची सहित पूरे प्रदेश में महिलाएं डर के साए में रहने को विवश हैं. ट्वीट में आगे लिखा है कि सोचिए ये हाल अगर राजधानी रांची का है, तो अन्य जिलों और शहरों का हाल और कितना भयावह होगा. राजधानी रांची में 2022 में 190 महिलाओं के साथ दुष्कर्म की घटनाएं घटी, जो 22% की वृद्धि के साथ 2023 में 232 तक जा पहुंची. इस साल में जून तक ही यानी महज 6 महीने में महिलाओं के साथ अपराध की संख्या 113 तक पहुंच गई है. दुष्कर्म की घटनाओं का औसत निकालें तो प्रतिमाह 20 दुष्कर्म की घटनाएं घटित हो रही हैं. लेकिन हेमंत सरकार को इसके बाद भी महिला सुरक्षा की कोई चिंता नहीं है.

असंवेदनशील है हेमंत सरकार : हेमंत सरकार में महिलाओं के साथ जिस तरह से रेप और दुष्कर्म की घटनाओं में बाढ़ आई है, उससे यह साफ स्पष्ट हो जाता है कि खुद को संवेदनशील कहने वाली यह सरकार, महिला सुरक्षा जैसे संवेदनशील मामले में कितनी असंवेदनशील है!

बांग्लादेशी मुसलमानों का घुसपैठ बड़ा खतरा

बाबूलाल ने दूसरे ट्वीट में कहा है कि आदिवासी समाज के लिए बांग्लादेशी मुसलमानों का घुसपैठ बड़ा खतरा बन चुका है. हालिया कुछ सालों में संथाल परगना के 6 जिलों की डेमोग्राफी में अस्वभाविक बदलाव देखने को मिला है. अचानक मुसलमानों की जनसंख्या में भारी वृद्धि आई है, घुसपैठियों के अनगिनत टोले बस चुके हैं. संथाल परगना में आदिवासी समाज की सांस्कृतिक पहचान और परंपराएं खतरे में आ चुकी हैं. बांग्लादेशी मुसलमान फर्जी कागजात बनाकर आदिवासियों की जमीनें हड़प रहे हैं. मुस्लिम वोट बैंक के लालच में झामुमो और कांग्रेस आदिवासी समाज को अल्पंख्यक बनाने की साजिश में लगे हुए हैं. झारखंड की नैसर्गिक पहचान और आदिवासी समाज की विरासत को बचाए रखने के लिए अब बांग्लादेशी मुसलमानों के साथ-साथ झामुमो और कांग्रेस को भी राज्य की सत्ता से उखाड़ फेंकना है.

ओडिशा के राज्यपाल पहुंचे रांची, बंधवाई बहनों से राखी

रांची। ओडिशा के राज्यपाल व झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री रघुवर दास सोमवार को रक्षाबंधन के अवसर पर जमशेदपुर पहुंच कर अपनी बहनों से राखी बंधवा कर उनका आशीर्वाद लिया. इस अवसर पर ओडिशा के राज्यपाल के दोनों भाई भी मौजूद थे. उन्होंने समस्त देशवासियों को रक्षाबंधन की शुभकामनाएं दी. साथ ही अपनी बहनों की रक्षा का प्रण लेने का संकल्प दिलाया. राज्यपाल ने कहा कि रक्षाबंधन पवित्र धागों की एक ऐसी डोर है, जो भाई-बहन के प्यार को दर्शाती है. यह दिन अपनी बहनों की रक्षा का संकल्प लेने का दिन है. जो भाई-बहन के अटूट प्रेम को दर्शाता है. वहीं राज्य के बदलते सियासी घटनाक्रम के प्रश्न पर उन्होंने कुछ नहीं कहा.

राज्यभर की खबरों के लिए स्कैन करें

शुभम संदेश

एक राज्य - एक अखबार

www.lagatar.in

धनबाद, मंगलवार 20 अगस्त 2024 ● भाद्रपद कृष्ण प्रतिपदा, संवत 2081 ● पृष्ठ : 12, मूल्य : ₹ 3 ● वर्ष : 2, अंक : 132

आमंत्रण मूल्य : ₹ 3 मात्र

ब्रीफ खबरें

लालमणि आश्रम में बुजुर्गों ने मनाया रक्षाबंधन

धनबाद। टुंडी स्थित लालमणि वृद्धाश्रम एवं सबलपुर सहयोगी नगर स्थित ओल्ड एज होम में रक्षाबंधन का त्योहार सोमवार को धूमधाम से मनाया गया. आश्रम की सभी बुजुर्ग महिलाओं ने सभी बुजुर्ग पुरुषों और सेवादारों की कलाइयों में राखी बांधकर आशीर्वाद दिया. राखी बांधने से पूर्व बुजुर्ग के माथे पर रोली, हल्दी, कुमकुम का तिलक लगाकर मिठाइयां खिलाई गई तथा इसके बाद राखी बांधी गई. हालांकि अतीत के दिनों में अपने घर में राखी त्योहार मनाने की याद इन बुजुर्गों की आंखों में झलक रही थी. आश्रम के अध्यक्ष नौशाद गद्दी ने बताया कि आश्रम में हर साल रक्षाबंधन का पर्व हर्षोल्लास से मनाया जाता है.

सीएमआरआई के पूर्व वैज्ञानिक का निधन

धनबाद। सीएमआरआई के सेवानिवृत्त वैज्ञानिक ललित मोहन प्रसाद का निधन टाटा अस्पताल जामाडोबा में हो गया. वह काफी दिनों से बीमार चल रहे थे. ललित मोहन प्रसाद को तीन बार राष्ट्रपति पुरस्कार मिल चुका था. वे अपने पीछे भरापूरा परिवार छोड़ गए हैं. परिवार में पत्नी मंजू प्रसाद समेत दो पुत्र डॉ. आलोक कुमार और अमर है. डॉ. आलोक कुमार टाटा मेन हॉस्पिटल जामाडोबा में मुख्य चिकित्सा प्रभारी के पद पर कार्यरत हैं. वहीं दूसरा पुत्र अमर साउथ अफ्रीका में इंजीनियर है. उनके निधन की खबर सुनकर टाटा कंपनी के अधिकारी और यूनियन प्रतिनिधीगण उनके निवास स्थान पर पहुंचे तथा शोक संतप्त परिवार को सांत्वना दिया. झरिया विधायक पूर्णिमा नीरज सिंह ने भी उनके निधन पर शोक व्यक्त किया है.

भाजपा नेता के घर से मोटरसाइकिल चोरी

गोविंदपुर। गोविंदपुर लाल बाजार निवासी भाजपा नेता ओमप्रकाश बजाज के घर से अज्ञात अपराधियों ने सोमवार शाम एक मोटरसाइकिल चुरा ली. ओमप्रकाश बजाज ने बताया कि उनके आवासीय परिसर में उनके भाई महावीर बजाज की जेएच 10 एजे 6186 नंबर की हीरो एक्स प्रो मोटरसाइकिल खड़ी थी। परिवार के सभी लोग अपने-अपने कमरे में थे, तभी अज्ञात अपराधी आए और मोटरसाइकिल लेकर भाग गए. इस संबंध में गोविंदपुर थाना को सूचना दे दी गई है और पुलिस मामले की छानबीन कर रही है.

विमल दे का निधन

गोविंदपुर। विलेज रोड निवासी सामाजिक कार्यकर्ता विमल चंद्र दे के पिता एवं गोविंदपुर प्रखंड की पूर्व प्रमुख कल्पना देवी के ससुर हेलू दे 84 वर्ष का निधन सोमवार दोपहर हो गया. वे दो पुत्रों विमल एवं कमल तथा दो पुत्री समेत भरा पूरा परिवार छोड़ गए हैं. उनके निधन पर प्रखंड प्रमुख निर्मला सिंह, मुखिया झूमा मुखर्जी, डीएन सिंह, नंदलाल अग्रवाल, किशन अग्रवाल, बुबाई दत्ता, राजा दास आदि उनके आवास पहुंचे और संवेदना जताई.

रक्षाबंधन पर मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने कहा- महिलाओं की योजनाओं को जमीन पर उतारा

माता-बहनों के हक-अधिकार के लिए काम करते रहेंगे

- सीएम ने रक्षाबंधन पर सभी को दिया बधाई संदेश

संवाददाता। रांची

मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने रक्षाबंधन पर सभी को बधाई संदेश देते हुए कहा कि राज्य की आधी आबादी को अधिकार व सम्मान देने के लिए वह एक भाई व बेटे की तरह काम कर रहे हैं. पिछले साढ़े चार सालों में उन्होंने महिलाओं को लिए कई योजनाओं पर काम किया. कई योजनाओं को सफलतापूर्वक जमीन पर उतारा, जिसका लाभ राज्य के बहनों व महिलाओं को हो रहा है. मुख्यमंत्री ने अपने सोशल मीडिया एकाउंट एक्स पर महिलाओं के लिए शुरु हुए छह योजनाओं का जिक्र करते हुए कहा है कि वह महिलाओं के हक-अधिकार व सम्मान के लिए काम करते रहेंगे.

पहली: झारखंड मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना के तबत राज्य की 48 लाख महिलाओं को प्रति माह एक हजार (सलाना 12 हजार) रुपया दिया जा रहा है. अगर एक परिवार में तीन या चार बहनें हैं, तो सभी को अलग-अलग राशि मिलता है.

दूसरी: झारखंड देश का ऐसा पहला राज्य है, जहां 50 वर्ष से अधिक उम्र की विधवा, परित्यक्त या एकल महिला को सरकार प्रति माह एक हजार रुपया पेंशन देती है.

तीसरी: राज्य की 10 लाख किशोरियों को सावित्रीबाई फुले किशोरी समृद्धि योजना से जोड़ा गया है. सभी को सरकार 40 हजार रुपया की सहायता देती है.

चौथी: सखी मंडल से जुड़ी महिलाओं को पहले की सरकारों से 12 गुणा अधिक राशि दी गई. 10 हजार करोड़ से अधिक रुपये आजीविका संवर्धन के लिए दिए गए.

पाचवीं: 35 हजार महिलाओं को फूलो-झानो अभियान से जोड़ कर उन्हें 50 हजार रुपये तक दिए गए.

छठी: अबुआ आवास योजना, सोना सोबरन धोती-साड़ी योजना, हरा राशन कार्ड योजना, मुख्यमंत्री रोजगार सृजन योजना, बिरसा हरित ग्राम योजना, मुख्यमंत्री पशुधन योजना, साईकिल वितरण योजना.

बहनों ने सीएम की कलाई पर बांधा रक्षा सूत्र

रांची। सीएम हेमंत सोरेन की बड़ी बहन अंजली सोरेन ने सोमवार को रक्षाबंधन के शुभ अवसर पर उन्हें रक्षा सूत्र बांध कर उत्तम स्वास्थ्य एवं दीर्घयु जीवन की कामना की. इस दौरान सीएम की चचेरी बहन आशा सोरेन, संचला हेम्ब्रम एवं रेखा सोरेन ने भी मुख्यमंत्री की कलाई पर राखी बांधी. मुख्यमंत्री ने अपनी सभी बहनों को सहृदय स्नेह, आशीर्वाद एवं शुभकामनाएं दी. मौके पर सभी बहनों ने विधायक भाई बसंत सोरेन की कलाई पर रक्षा सूत्र बांधा तथा उनके लंबी उम्र की कामना की. वहीं मुख्यमंत्री आवास में दुमका के शिकारीपाड़ा प्रखंड स्थित सीतासाल निवासी मति सोरेन ने हेमंत सोरेन की कलाई पर रक्षासूत्र बांधा.

महेंद्र हत्याकांड

विधायक विनोद सिंह का बयान दर्ज

धनबाद। माले विधायक महेंद्र सिंह हत्याकांड मैं सोमवार को माले विधायक विनोद सिंह का बयान अदालत में दर्ज किया गया. सीबीआई के विशेष न्यायाधीश रजनीकांत पाठक की अदालत को दिए बयान में महेंद्र सिंह के पुत्र तत्कालीन बगोदर विधायक विनोद सिंह ने घटना का समर्थन किया. कहा कि 16 जनवरी 2005 को घटना के दिन वह मुंबई में था. उसके मित्र उदय यादव ने उसे सूचना दी कि उसके पिताजी की गोली मारकर हत्या कर दी गई है. उसी शाम वह वायुयान से कोलकाता पहुंचा और वहां से सड़क के रास्ते 17 जनवरी को बगोदर पहुंचा था. जहां ट्रेनिंग कॉलेज के मैदान में उनके पिताजी का शव रखा हुआ था. विनोद सिंह ने अपने पिता के मोबाइल की पहचान की.

सवाल ये कि आखिर असल हमदर्द कौन, नेता या चुनाव...

इस होड़ का दोष इलेक्शन के माथे

- गोफ में झुलसे नंदन के परिवार के साथ खड़ी दिखीं विधायक पूर्णिमा व भाजपा नेत्री रागिनी सिंह

रिजवान शम्स। धनबाद

झरिया में इन दिनों दो कद्दावर नेताओं के बीच जनता को सहानुभूति बांटने व साथ खड़े होने की होड़ मची है. गोफ व गर्म ओबी में झुलस कर दम तोड़ने वाले नंदन और उसके परिजनों की ही मिसाल लीजिए. एक तरफ झरिया विधायक पूर्णिमा नीरज सिंह पूरी तन्मयता से पीड़ित परिवार के साथ खड़ी दिखीं तो दूसरी तरफ रागिनी सिंह ने भी सहानुभूति व साथ देने में कहीं कोई कसर नहीं छोड़ी. दोनों नेताओं की आम जनता से जुड़ने की सीधी कोशिश वाकई सकून देने वाली है. लेकिन आगामी चुनाव ने इन नेताओं से ये क्रेडिट छीन लिया, विधानसभा चुनाव, जो सर उठाए खड़ा जो है. कभी भी एलान के साथ आ धमकेगा.

जी हां, माना जा रहा है कि दोनों नेताओं के बीच आम जनता से जुड़ने के साथ-साथ उनका भला करने और क्रेडिट लेने की भी होड़ है. तभी तो इस परिवार को पूर्णिमा सिंह और रागिनी सिंह ने मुआवजा राशि के चेक को अपने-अपने हाथों से देकर और दुख की इस घड़ी में इस परिवार के लिए हमदर्द बनने का काम किया. एक ही मुआवजा राशि, एक ही पीड़ित को दो बार कैसे अदा हो सकता है. लेकिन तस्वीरों में आप साफ देख सकते हैं कि ऐसा ही हो रहा है. इसके पीछे भी चुनाव को ही दोष मढ़ दिया जाए. अब सवाल ये है कि आखिर आम जनता का असल हमदर्द कौन है नेता या चुनाव... जी हां, यहां बाजी तो चुनाव के हाथ लग जाएगी. ऐसा नहीं है कि दोनों नेताओं ने अपने-अपने क्षेत्र में आम जनता का काम नहीं किया है, दोनों सक्रिय रहे, अपने-अपने लोगों से इनका मिलना जुलना जारी रहा. मौका-बे मौका भी जनता की दहलीज को इनके चरणों का स्पर्श मिलता रहा. सार्वजनिक कार्यक्रमों में इनकी शिरकत भी होती रही. लेकिन अधिकांश सवाल तो विधायक के खाते में आएंगे कि उनका इन पांच सालों में जनता के बीच क्या रोल रहा है. इसका जवाब भी खुद जनता के पास है. झरिया के पूर्व विधायक संजीव सिंह की पत्नी सह भाजना नेत्री रागिनी सिंह ने भी झरिया में सक्रिय राजनीति को नया चेहरा दिया है. संजीव सिंह के जेल में रहने के बाद भी रागिनी ने सिंह मैंशन के सियासी वृक्ष को मेहनत कर सींचने का काम किया. हालांकि पिछला चुनाव वे हार गईं थीं, लेकिन इस बार फिर नई ताकत-नई उर्जा के साथ ताल ठोंकने का इरादा है. बीते कुछ सालों में झरिया की धरा पर रागिनी सिंह द्वारा की गई मेहनत से उपजी फसल की जड़ों की मजबूती फिर से बहुत जल्द ही आंकी जाएगी. दूसरी तरफ पूर्णिमा सिंह ने सत्ता में रहते हुए आम जनता के लिए कितना और क्या-क्या किया है, इसका प्रतिफल भी जल्द ही सामने आ जाएगा. खैर ये सब तो बाद की बातें हैं. फिलहाल जब तक चुनाव संपन्न नहीं हो जाता है, तब तक तो झरिया की जनता जर्नादन को नेताओं से ऐसी सहानुभूति मिलती रहने की गारंटी है.

मुआवजा राशि का चेक दोनों नेताओं ने आश्रित को सौंपा

बालीडीह : आदिवासी महिला दुष्कर्म मामले में तीन गिरफ्तार

संवाददाता। बोकारो

बालीडीह आदिवासी महिला के साथ घटित दुष्कर्म के मामले में पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए तीन लोगों को गिरफ्तार किया है. पीड़िता के लिखित आवेदन के आधार पर बालीडीह थाना काण्ड संख्या-238/24 दर्ज कर पुलिस ने अनुसंधान प्रारंभ किया. कांड के तीनों अभियुक्तों पंकज कुमार सिंह उर्फ बिटटु उम्र करीब 25 वर्ष, निवासी गोड़ाबाली, थाना- बालीडीह, कुन्दन कुमार, उम्र करीब 21 वर्ष, निवासी जगदम्बापूर, थाना- पूँजहादुर, जिला- पश्चिम चम्पारण (बेतिया) व लक्ष्मण कुमार, उम्र करीब 21 वर्ष, पिता- केदारू यादव, ग्राम- फुलवरीया ताजपूर, थाना- मांझी ताजपूर, जिला- सारण (छपरा) को विधिवत गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेजा गया है. उपरोक्त तीनों अभियुक्त बियाडा क्षेत्र में काम करते हैं. तीनों द्वारा अपराध स्वीकार किया गया है. घटना में प्रयुक्त 2 मोबाइल को जब्त किया गया है. पीड़िता को सहायता राशि के लिए सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकार बोकारो को प्रतिवेदन भेजा गया है. पुलिस ने बताया कांड को लेकर प्रत्येक बिंदु पर अनुसंधान किया जा रहा है.

प्रधानखंटा रेलवे स्टेशन से दो मोबाइल चोर धराये

धनबाद। धनबाद आरपीएफ की टीम ने सोमवार को प्रधानखंटा रेलवे स्टेशन से दो मोबाइल चोरों को पकड़ा, जो चलती ट्रेन से मोबाइल लेकर भाग रहे थे. आरपीएफ ने तीन एंड्रॉयड मोबाइल भी जब्त किए, जिनकी कीमत 65 हजार रुपये बताई जा रही है. आरपीएफ थाना प्रभारी इंस्पेक्टर पंकज कुमार ने बताया कि गोमो आसनसोल पैसेंजर से भागते हुए दोनों चोरों को आरपीएफ ने दबोचा. उन्होंने कहा कि दोनों आरोपी ने चलती ट्रेन से मोबाइल का सिम तोड़कर फेंक दिया था. गिरफ्तार आरोपियों में अभिषेक कुमार (धनसार, धनबाद) और मोहम्मद गुड्डू पांडारपाला (भूली) शामिल हैं। ये दोनों अपराधी ट्रेन से कूदकर चोरी करने में पारंगत हैं. आरपीएफ उप निरीक्षक आभाष चंद्र सिंह, एसआई शाहिना इस्लाम सहित अन्य स्टाफ ने अभियान में भाग लिया.

मंदिर निर्माण के समय करंट लगने से राजमिस्त्री की मौत

- महाराष्ट्र से आया था गुंबद बनाने

संवाददाता। मैथन

मैथन में संजय चौक के समीप हनुमान मंदिर के गुम्बद निर्माण के दौरान सोमवार की अहले सुबह करीब 4.30 बजे बिजली करंट लगने से एक राजमिस्त्री की मौत हो गई. करंट लगते ही मंदिर कमेटी के सदस्य उसे स्थानीय अस्पताल में ले गए, जहां जांचोपरांत डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया. घटना की सूचना मिलते ही मैथन पुलिस मौके पर पहुंची और जांच पड़ताल कर शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया. मिस्त्री का नाम ज्ञानेश्वर (40) बताया जाता है, जो महाराष्ट्र से गुम्बद निर्माण के लिए अपनी टीम के साथ आया था.

घटना के संबंध में बताया जाता है कि सुबह मजदूरों ने गुम्बद पर पानी का छिड़काव किया. इसके बाद गुंबद को बांधने के लिए ज्ञानेश्वर ने जैसे ही बांस उठाया, वह 11 हजार वोल्ट तार से सट गया. बांस कच्चा रहने के कारण उसमें करंट प्रवाहित हुआ, जिससे वह करंट की चपेट में आ गया. छत पर पानी भी जमा था.

स्थानीय लोगों ने इस घटना के लिए मंदिर कमेटी को दोषी ठहराया है. लोगों का कहना है कि मंदिर के ऊपर जब 11 हजार वोल्ट का तार गुजरा है, तो बिना सुरक्षा व्यवस्था किए गुम्बद निर्माण क्यों कराया जा रहा था? यह घटना सरासर मंदिर कमेटी के लापरवाही को दर्शाता है. मृतक का भी परिवार है. उसके भी बहन हैं. रक्षाबंधन के दिन उसकी मौत हुई है.

पिकअप वैन-स्कूटी में टक्कर, तीन गंभीर

धनबाद। सरायढ़ेला थाना अंतर्गत पीके राय कॉलेज के समीप सोमवार को एक बोलेरो पिकअप वैन और स्कूटी की जोरदार टक्कर हो जाने से तीन लोग गंभीर रूप से घायल हो गए. तीनों घायल स्कूटी पर सवार थे. बोलोरो पिकअप का नंबर जेएच 15 एडी –7481 और स्कूटी का नंबर जेएच 10 बीजेड 4692 है. टक्कर लगते ही स्कूटी सवार एक पुरुष, एक महिला और एक बच्चे नीचे सड़क पर गिर पड़े. आनन-फानन में तीनों घायलों को स्थानीय लोगों की मदद से इलाज के लिए एसएनएमएमसीएच में भर्ती कराया गया, जहां तीनों का इलाज जारी है. खबर पाकर पुलिस घटनास्थल पर पहुंची और दोनों वाहनों को जब्त कर थाना ले आई. घटना के बाद पिकअप वैन चालक मौके पर से फरार हो गया. पुलिस उसकी तलाश कर रही है.

एसएनएमएमसीएच में चौथे दिन भी हड़ताल

ओपीडी में पसरा रहा सन्नाटा, इमरजेंसी सेवा रही चालू

- प्रतिदिन लौट रहे सैंकड़ों मरीज, हर दिन टल रहा ऑपरेशन

संवाददाता। धनबाद

कोलकाता में महिला प्रशिक्षु डॉक्टर के साथ दुष्कर्म के बाद हत्या के विरोध में जूनियर डॉक्टरों की हड़ताल चौथे दिन भी एसएनएमएमसीएच में जारी है. सोमवार को डॉक्टरों की हड़ताल के चौथा दिन भी ओपीडी सेवा ठप रही. विरोध में हड़ताल कर डॉक्टरों को इंटर्न डॉक्टरों का भी साथ मिल रहा है. अस्पताल की चरमराई व्यवस्था को देखते हुए सोमवार की सुबह प्रिंसिपल डॉक्टर ज्योति रंजन प्रसाद ने सभी जूनियर डॉक्टर से हड़ताल खत्म कर काम पर लौटने की अपील की है.सोमवार की सुबह प्रिंसिपल डॉक्टर ज्योति रंजन प्रसाद ने सभी हड़ताली जूनियर डॉक्टर को वार्ता के लिए बुलाया था, प्रिंसिपल ने सभी जूनियर डॉक्टर से हड़ताल तोड़ने और काम पर लौटने की बात कही थी. लेकिन देर शाम तक दोनों पक्षों में वार्ता नहीं हो पाई. इधर ओपीडी हड़ताल की वजह से सन्नाटा पसरा रहा. जो भी मरीज आए, उन्हें बिना इलाज के ही लौटना पड़ा. हड़ताल के कारण आपरेशन आदि भी रुक गए हैं. बता दें कि यहां के डाक्टर भी एसएनएमएमसीएच में पुख्ता सुरक्षा व्यवस्था की मांग कर रहे हैं. यहां भी अक्सर मरीज के परिजनों से विवाद होने की बात सामने आती रही हैं. सुरक्षा के तैनात कर्मियों की संख्या बढ़ाने और रात्रि में अधिक सुरक्षा कर्मियों से ड्यूटी कराने की मांग की जा रही है. हड़ताल के कारण होने वाली परेशानियों को देखते हुए डा. यूके ओझा ने इमरजेंसी की कमान संभाल रखी थी. उन्होंने बताया कि हड़ताल पर जाने से परेशानी तो हो रही है, लेकिन वे लोग जी जान से जुटे हैं.

सीएम को लिखा है पत्र : सिंह

आइएमए धनबाद के अध्यक्ष एके सिंह ने कहा कि झारखंड सरकार को प्रोटेक्शन एक्ट के लिए पत्र दिया गया है .केंद्र सरकार से भी इस मामले में कानून बनाने की मांग की गई है. डाक्टरों की सुरक्षा को लेकर अब कोताही नहीं बरती जाएगी. सुरक्षा सर्वोपरि है. फिलहाल जूनयिर डाक्टर हड़ताल पर हैं.

उपलब्धि झारखंड के लाल शशि शेखर ने राज्य व देश का नाम किया रोशन

यूरोप की सबसे ऊंची चोटी माउंट एल्ब्रुस पर फहराया तिरंगा

खास बातें

- गोमिया विधायक लंबोदर महतो के पुत्र हैं शशि शेखर
- 5,642 मीटर ऊंची चोटी पर स्थापित किया कीर्तिमान

बसंत मुंडा। रांची

झारखंड के पर्वतारोही शशि शेखर ने 17 अगस्त को यूरोप की सबसे ऊंची चोटी, माउंट एल्ब्रुस (5,642 मीटर) पर स्वतंत्रता दिवस के उपलक्ष्य में तिरंगा फहराया. रूस के कॉकस पर्वत श्रृंखला में स्थित इस पर्वत पर चढ़ाई कर उन्होंने एक नई उपलब्धि हासिल की और झारखंड का नाम रोशन किया है. शशि शेखर झारखंड के गोमिया विधायक डॉ. लंबोदर महतो के पुत्र हैं. उन्होंने अपना अभियान 13 अगस्त को रांची की एडवेंचर कंपनी लंबादा एडवेंचर्स के साथ शुरू किया. इसकी शुरुआत ट्रेक्सोल से हुई, जहां से आगे गारबशी (3,800 मीटर) में रुक कर उन्होंने अपनी एक्लिमेटाइजेशन पूरी की और फिर मारिया शेल्टर (4,200 मीटर) तक का सफर किया. वहां उन्होंने मौसम साफ होने का इंतजार किया और 17 अगस्त को समिट पुश के लिए निकल पड़े. हालांकि उस दिन भी तेज हवा चल रही थी. इसके बावजूद वे 17 अगस्त की सुबह करीब आठ बजे यूरोप की सबसे ऊंची चोटी पर पहुंच गए.

शशि शेखर ने पर्वतारोहण के प्रति समर्पण को साबित किया

शशि शेखर ने इस साहसिक यात्रा के दौरान अपनी शारीरिक और मानसिक ताकत को परखा और पर्वतारोहण के प्रति अपने समर्पण को साबित किया. माउंट एल्ब्रुस पर चढ़ाई के लिए उन्होंने चार-पांच दिनों की योजना बनाई, जिसमें प्रशिक्षण, राशन और मौसम की तैयारी शामिल थे. कठिन परिस्थितियों का सामना करते हुए उन्होंने अपनी यात्रा सफलतापूर्वक पूरी की और स्वतंत्रता दिवस के उपलक्ष्य में पर्वत शिखर पर तिरंगा फहराया. इस उपलब्धि ने न केवल शशि शेखर की व्यक्तिगत महत्वाकांक्षा को पूरा किया, बल्कि झारखंड में पर्वतारोहण की दुनिया में एक नई मिसाल स्थापित की.

पिता व गोमिया के लोगों को समर्पित की उपलब्धि

शशि शेखर की माउंटेनियरिंग की सफर प्रेरणादायक है. उनके इस साहसिक प्रयास ने यह भी दर्शाया कि सही तैयारी, समर्पण और दृढ़ निश्चय के साथ किसी भी चुनौती को पार किया जा सकता है. शशि शेखर ने इस उपलब्धि को अपने पिता डॉ. लंबोदर महतो व गोमिया विधानसभा क्षेत्र के लोगों को समर्पित किया है, जिनके समर्थन ने इस सफलता में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई. शशि शेखर ने कहा कि मेरे पिता की अथक मेहनत और उनके काम से प्रेरित होकर मैंने यह उपलब्धि हासिल की है. उनका समर्थन और समर्पण मेरे लिए प्रेरणा का स्रोत है.

पिछले आठ महीने में अदालतों में दर्ज किए गए 3.18 लाख मुकदमे

प्रमुख संवाददाता। रांची

राज्य की अदालतों में पिछले आठ महीने में तीन लाख 18 हजार 336 मुकदमें दर्ज किए गए. इसमें से दो लाख 40 हजार 242 मुकदमों का निपटारा किया गया. वर्तमान में 78,094 मुकदमें चल रहे हैं. सिविल मामले के पिछले आठ महीने में 73,024 मामले दर्ज किए गए. इसमें 40,263 मामलों का निपटारा कर दिया गया और 32,761 मामले चल रहे हैं. वहीं आपराधिक मामलों के दो लाख 45 हजार 312 मामले दर्ज किए गए. इसमें से एक लाख 99 हजार 979 मामलों का निपटारा कर दिया गया. वर्तमान में 45,333 आपराधिक मामले चल रहे हैं.

साल दर साल बढ़ी है अपराधिक मामलों की संख्या

राज्य में साल दर साल अपराधिक मामलों की संख्या बढ़ी है. 2021 में 31,495 अपराधिक मामले दर्ज किए गए. 2022 में यह संख्या बढ़ कर 33,901 हो गई. 2023 में 31,526 मामले दर्ज किए गए और इस साल अगस्त 2024 तक 18,755 अपराधिक मामले दर्ज किए जा चुके हैं. वहीं सिविल मामले में भी साल दर साल वृद्धि हुई है. साल 2021 में 7060 सिविल मामले दर्ज किए गए. 2022 में यह संख्या बढ़ कर 8556 हो गई. वहीं, 2023 में 10,423 हो गई. इस साल अगस्त 2024 तक 7084 सिविल मामले दर्ज किए जा चुके हैं. वहीं पिछले सात दिनों में 416 आपराधिक और 216 सिविल मामले दर्ज किए गए हैं.

पिछले चार महीने में कितने मामले दर्ज किए गए

महीना	सिविल मामले	आपराधिक मामले
मई	960	2382
जून	736	2315
जुलाई	1102	2693
अगस्त	638	1404

सावन के आखिरी सोमवारी पर शिवालयों में उमड़ी भक्तों की भीड़

संवाददाता । धनबाद

सावन की अंतिम सोमवारी पर कोयलांचल के शिवालयों में शिव भक्तों की भीड़ उमड़ पड़ी. सुबह से ही शिव मंदिर शिव भक्तों के पहुंचने का सिलसिला शुरू हो गया. खासकर महिला श्रद्धालुओं में पूजा-अर्चना को लेकर उत्साह देखा गया. अलकडीहा धाम बूढ़ा बाबा मंदिर शिवालय में दिनभर शिव भक्तों का तांता लगा रहा. महिला व पुरुष श्रद्धालुओं ने शिवालयों में भगवान भोले शंकर पर फल, फूल, नैवेद्य,भांग, धथुरा, बेलपत्र चढ़ाकर जलार्पण किए. शहर के अन्य शिवालय भी हर-हर महादेव के जयघोष से गूंज उठा. शहर से लेकर गांव तक लोग शिव भक्ति में लीन दिखे. अंतिम सोमवारी पर कई मंदिरों की आकर्षक सजावट की गई थी.

शहर के अलकाडीहा बूढ़ा बाबा मंदिर समेत कई अन्य शिवालयों में रूद्राभिषेक भी कराया गया. पुजारी राहुल मुखर्जी ने बताया कि सावन माह में सोमवार को भगवान शिव की पूजा-अर्चना का अलग महत्व है. ऐसी धारणा है कि सावन माह में भगवान भोले शंकर अपने पूरे परिवार के साथ शिवालय में विराजमान रहते हैं. भगवान भोलेनाथ की पूजा-अर्चना करने से भक्तों की सभी मनोकामना पूरी होती है. खासकर सोमवारी व्रत करने वाले श्रद्धालुओं पर भगवान शिव खुश होते हैं.

हर हर महादेव के जयकारे से गूंजा मंदिर

बीसीसीएल : प्रतिदिन उत्पादन रिपोर्ट

एरिया		कोल		ट्रांसपोर्ट	
बरोरा	-	15,031	टन	14,685	टन
ब्लॉक-2	-	13,493	"	13,099	"
गोविंदपुर	-	1,200	"	2,440	"
कतरास	-	5,975	"	3,751	"
सिजुआ	-	5,507	"	2,501	"
कुसुंडा	-	12,005	"	7,030	"
पंजाब	-	702	"	0	"
बस्ताकोला	-	11,644	"	5,695	"
लोदना	-	3,010	"	0	"
ईजे	-	10,010	"	0	"
सीवी	-	1,640	"	0	"
डब्ल्यू जे	-	0	"	0	"
कुल		80,217		49,201	

ब्रीफ खबरें

नन्हे हत्याकांड में गवाह पेश करने का आदेश

धनबाद : जमीन कारोबारी नन्हे खान की सरेआम हत्या करने के मामले में सोमवार को जिला एवं सत्र न्यायाधीश प्रफुल्ल कुमार की अदालत ने अभियोजन को गवाह पेश करने का आदेश दिया है. आज इस मामले में अभियोजन ने कोई गवाह पेश नहीं किया. प्रिंस की मां नासरीन खातून की ओर से अधिवक्ता उदय कुमार भट्ट ने प्रतिनिधित्व का आवेदन दिया था. 24 नवंबर 21 के दोपहर 3:20 बजे के करीब दो बाइक पर सवार चार शूटरों ने बुलेट से जा रहे 37 वर्षीय नन्हे पर गोलियां की बौछार कर दी. घटना को अंजाम देकर अपराधी आराम से भाग निकले थे.

धूमधाम के साथ रक्षा बंधन का त्योहार सम्पन्न

निरसा । भईया मेरे रखी के बंधन को निभाना गीत के साथ एक बहन अपने भाई की कलाई पर रक्षा सूत्र ही नही बांधती बल्कि अपनी सुरक्षा के साथ भाई के जीवन की सलामती भी भगवान से मांगती है. आज के सामाजिक परिवेश में यही एक पवित्र रिश्ता है जो बहन की रक्षा के लिये एक भाई अपनी जान तक न्योछावर कर देता है. निरसा में बड़े धूमधाम के साथ रक्षा बंधन का यह त्योहार सम्पन्न हुआ.बहनों ने भाई की कलाई पर रक्षाकवच बांधा और उनके सलामती की भगवान से कामना की. भाई ने बदले में बहन को उपहार देकर अपने कर्तव्यों के निर्वहन का संकल्प लिया.

विहिप व बजरंग दल ने हिंदू समाज की रक्षा का लिया संकल्प

धनबाद। भूली नगर के पांडरपाला बस्ती में विश्व हिंदू परिषद् (विहिप) और बजरंग दल की ओर से दुर्गा मंडप प्रांगण में रक्षाबंधन त्योहार मनाया गया. भाजपा नेता अमरेश सिंह, विहिप और बजरंग दल के कार्यकर्ता इसमें शरीक हुए. विहिप और बजरंग दल के कार्यकर्ताओं ने हिंदू समाज की सुरक्षा का प्रण लिया. मौके पर विहिप धनबाद महानगर के उपाध्यक्ष पप्पू यादव, महानगर के धर्माचार्य प्रमुख गोविंद कुमार, संयोजक राम शर्मा, नीलू विश्वकर्मा, सुरेंद्र विश्वकर्मा, पिंटू ठाकुर, विकास सिंह,बिट्टू प्रजापति, मनोहर महतो, पंकज प्रजापति दीपू समेत दोनों संगठनों के अन्य कार्यकर्ता उपस्थित थे.

अवैध सरिया लदा ट्रक जब्त

निरसा। निरसा पुलिस ने शनिवार की देर शाम जीटी रोड पर देवियाना के समीप अवैध सरिया लदा एक ट्रक जब्त किया. पुलिस को इस ट्रक के बारे में गुप्त सूचना मिली थी. ट्रक बंगाल से झारखंड आ रहा था. पुलिस ट्रक को पकड़ने के लिए तत्पर हो गई. देबियाना के समीप पहुंचते ही ट्रक को जब्त कर लिया गया. थाना प्रभारी सह इंस्पेक्टर मंजीत कुमार ने बताया कि फिलहाल ट्रक के कागजातों और सरिया की जांच की जा रही है.

लोहा चोर गिरोह का भंडाफोड़, पांच गिरफ्तार

गिरोह में लोकल जनप्रतिनिधि के भी शामिल होने की आशंका

खास बातें

- संदेहियों को राडार पर लेकर छानबीन में जुटी आरपीएफ
- पुख्ता साक्ष्य मिलने के बाद कार्रवाई

संवाददाता । महुदा

महुदा आरपीएफ की टीम ने रेलवे का लोहा चोर गिरोह का भंडाफोड़ कर पांच लोगों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है. इस गिरोह के कई लोग आरपीएफ की राडार में हैं. आश्चर्य की बात है इस गिरोह में कुछ स्थानीय जनप्रतिनिधियों का भी नाम सामने आ रहा है हालांकि आरपीएफ ने अब तक गिरोह में शामिल जनप्रतिनिधियों के नाम का खुलासा नहीं किया है. आरपीएफ वैसे लोगों के खिलाफ सबूत इकट्ठा करने में जुटी है. सबूत इकट्ठा होते ही इनके खिलाफ भी कार्रवाई की जाएगी. आरपीएफ की बड़ी कार्रवाई से गिरोह के सदस्यों में खलबली मची है.

गिरफ्तार आरोपियों में बारकी निवासी मो. सोहेल, सिंगड़ा बस्ती निवासी मो. साकीर अंसारी एवं अत्ताउल्लाह अंसारी, लालबंगला पांडेयहीह निवासी मनसू महतो और भुरूंगिया निवासी रोशन कुमार सिंह शामिल है. सभी पर रेलवे एक्ट का मामला दर्ज कर जेल भेजा गया है.महुदा आरपीएफ प्रभारी आरके साव ने बताया कि आरोपियों के पास टूटे हुए लोहे सामान से भरा एक प्लास्टिक बैग एवं दो टुकड़ों में रेलवे की कैंडी बियरिंग प्लेट बरामद की गई. उन्होंने बताया कि लोह सामग्री का वजन लगभग 900 किलोग्राम है. दो टुकड़ों में एक कैंडी बियरिंग प्लेट शामिल है. बताया कि यह सामान महुदा तालगाड़िया रेलखंड के बीच सिंगड़ा बस्ती के समीप बने एलएचएस से चुराई गई थी. सभी आरोपियों के खिलाफ महुदा आरपीएफ केस नं. 4/2024 के तहत रेलवे अधिनियम के धारा यू/एस 3ए आरपीएफ एक्ट के तहत मामला दर्ज किया गया है. अनुसंधान चल रहा है. इस केस में कुछ और लोगों का नाम आ रहा है. छापेमारी का नेतृत्व आरपीएफ प्रभारी राजकुमार साव कर रहे थे. छापामारी दल में लालबाबू राय, उपेंद्र सिंह, बबलू कुमार, शरद कुमार, संजय रजक, धनंजय कुमार, कौशल कुमार, अमित रजक एवं दीपक कुमार शामिल थे.

महुदा आरपीएफ की कार्रवाई

अलकडीहा ओपी क्षेत्र में छापामारी तीन बाइक बरामद, दो गिरफ्तार

झरिया । अलकडीहा ओपी क्षेत्र के जयरामपुर आटा चक्की और साउथ तीसरा खटाल में रविवार की देर रात बैंक मोड़ पुलिस और अलकडीहा पुलिस संयुक्त रूप से छापामारी की .छापामारी के दौरान दो युवक को उसके घर से धर दबोचा . दोनों के पास से तीन मोटरसाइकिल बरामद की गई है . बैंक मोड़ पुलिस अपने साथ दोनों युवक को ले गई है . बताते हैं कि बैंक मोड़ थाना क्षेत्र से लगभग दो माह पूर्व बाइक की चोरी की घटना हुई थी . इस सिलसिले में बैंक मोड़ पुलिस पहुंची थी . अलकडीहा पुलिस के सहयोग से जयरामपुर आटा चक्की से मोनी और साउथ तीसरा खटाल से छोटू नामक युवक को गिरफ्तार किया गया . इधर अलकडीहा ओपी प्रभारी ए रोशन ने कहा कि रात में बैंक मोड़ पुलिस आई थी . बाइक चोरी का मामला बताया जा रहा था इस आधार पर छापामारी की गई है . दो युवक को गिरफ्तार किया गया है . उनकी निशानदेही पर तीन बाइक भी जब्त की गई है .

नाबालिग से दुष्कर्म का दोषी करार, सजा आज

धनबाद : नाबालिग के साथ दुष्कर्म करने के एक मामले में सोमवार को अदालत ने अपना फैसला सुनाया. धनबाद पोक्सो एक्ट के विशेष न्यायाधीश प्रभाकर सिंह की अदालत ने मामले के नामजद आरोपी निरसा सागर कुशवाहा को दोषी करार दिया है.अदालत ने सजा के बिंदु पर सुनवाई के लिए मंगलवार की तारीख निर्धारित की है. प्राथमिकी पीड़िता के भाई की शिकायत पर कतरास थाने में 18 फरवरी 24 को दर्ज की गई थी. प्राथमिकी के मुताबिक आरोपी सागर कुशवाहा पीड़िता को शादी के नीयत से बहला-फुसलाकर 17 फरवरी 24 को अपने साथ ले गया था. आरोप था कि सागर हमेशा पीड़िता को परेशान किया करता था.16 फरवरी 24 को उसने पीड़िता को डरा धमका कर अपने पास बुलाया उसे झरिया के एक क्वार्टर में ले गया और उसके साथ दुष्कर्म किया. सागर पीड़िता को लेकर कहीं जानेवाला था. तभी धनबाद पुलिस ने उसे धनबाद स्टेशन के पास से पकड़ लिया था.

बूढा बाबा मंदिर में पूर्णिमा महोत्सव का आयोजन

- माहौल हुआ भक्तिमय, अखंड हरि कीर्तन शुरू

संवाददाता । कतरास

झींझी पहाड़ी बस्ती स्थित बूढ़ा बाबा मंदिर प्रांगण में सावन पूर्णिमा महोत्सव का आयोजन सोमवार को किया गया. इस दौरान पुरोहितों के वैदिक मंत्रोच्चारण से माहौल भक्तिमय हो गया. पंडित अशोक पांडेय ने पूजा-अर्चना कराया. इससे पूर्व रूद्राभिषेक के बाद महाआरती किया गया. महाआरती के बाद 24 घंटे का अखंड हरि कीर्तन शुरू हुआ, जिसमें आसपास के श्रद्धालुओं ने भाग लिया. मंगलवार को पूर्णाहुति के बाद महाप्रसाद का वितरण किया जाएगा. मौके पर आकाश महतो, मुकेश कर्मकार, रिंटू महतो, टार्जन राय, लालदेव बाबा, बालखीरा यादव, विश्वनाथ यादव, सोबू कुम्हार आदि मौजूद थे.

डीडीपीटीए का निःशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर

संवाददाता । धनबाद

सोमवार को विश्व फोटोग्राफी दिवस के उपलक्ष्य पर धनबाद डिस्ट्रिक्ट फोटोग्राफर्स ट्रेड एसोसिएशन की ओर से निःशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन बैंक मोड़ में किया गया. कार्यक्रम की शुरुआत मुख्य अतिथि जिला चेंबर ऑफ कॉमर्स के पूर्व अध्यक्ष एवं जीटा के महासचिव राजीव शर्मा, जिला चेंबर ऑफ कॉमर्स के पूर्व महासचिव राजेश गुप्ता, अध्यक्ष चेतन गोयंका, महासचिव अजय नारायण लाल, कोषाध्यक्ष श्याम नारायण गुप्ता एवं धनबाद डेकोरेटर एसोसिएशन संघ के अध्यक्ष प्रदीप सिंह द्वारा संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया गया. सभी फोटोग्राफर्स ने केक भी काटा. स्वास्थ्य जांच शिविर में ब्लड प्रेशर, शुगर एवं नेत्र जांच की गई. इस शिविर में 100 से अधिक फोटोग्राफर एवं उनके परिजनों ने हिस्सा लिया. कार्यक्रम को सफल बनाने में अध्यक्ष सुनील कुमार सिंह, सचिव मनीष शाह, संजय कुमार, रत्नेश कुमार, मनोज कुमार, गुड्डू गुप्ता, प्रकाश कुमार, सुभाष सरावगी, अनूप साहू , साजिद खान, मंतोष कुमार, मनोज राठौर,सूरज कुमार,अनिल गुप्ता, अभिजीत भट्टाचार्य, सुबोध महाराज एवं मीडिया प्रभारी रंजीत जायसवाल का अहम योगदान रहा.

सीआईएसएफ व पुलिस की छापामारी, 20 टन कोयला जब्त

हाईवे पर कोयला लोड कर क्षेत्रीय प्रबंधन को सौंपा गया

संवाददाता । तेतुलमारी

बीसीसीएल कतरास क्षेत्र संख्या 4 सीआईएसएफ टीम व तेतुलमारी पुलिस ने संयुक्त रूप से पाण्डेडीह 6 नंबर भूमि आउटसोर्सिंग पैच के समीप छापामारी कर लगभग 20 टन अवैध कोयला जब्त किया.

जब्त कोयले को पेलोडर के माध्यम से हाईवे पर लोड कर बीसीसीएल कतरास क्षेत्रीय प्रबंधन को सौंप दिया. इधर सीआईएसएफ इंस्पेक्टर ने बताया कि यह कार्रवाई गुप्त सूचना का आधार पर की गई. बताया जाता है कि इन दिनों आउटसोर्सिंग पैच के समीप से अवैध कोयला की कटाई धड़ल्ले से हो रही है, दिन के उजाले में धंधेबाज अवैध कोयला काटकर उसे प्लास्टिक के बोरे में भरकर जमा करते हैं. शाम ढलते ही उसे टेंपो, मारुति वैन, पिकअप वैन के माध्यम से उठाकर अवैध कोयला डिपो में गिराया जाता है.

बीसीसीएल कर्मी की मौत के बाद नियोजन की मांग को लेकर कार्य ठप

खास बातें

- मजदूरों के रोष के आगे झुका प्रबंधन
- मृतक के आश्रित को दिया गया प्रोविजनल नियोजन पत्र

संवाददाता । बरोरा

बीसीसीएल बरोरा क्षेत्र में कार्यरत एएमपी मजदूर नंदकिशोर बेलदार की कार्य अवधि के दौरान मौत होने से उसके आश्रित को नियोजन देने की मांग को लेकर मजदूरों व यूनियन प्रतिनिधियों ने केकेसी लिंक सायडिंग में कामकाज बाधित कर दिया. कामकाज रोक दिए जाने पर प्रबंधन मृतक के आश्रित को नियोजन देने पर राजी हुए. मृतक की पत्नी नाम अनीता देवी को तत्काल प्रोविजनल नियोजन पत्र बरोरा क्षेत्र के महाप्रबंधक एवं सलाहकार समिति के सदस्यों ने यूनियन प्रतिनिधियों की उपस्थिति में दिया.

बता दें कि नन्द किशोर बेलदार विगत माह 24 जुलाई को ड्यूटी समाप्त कर घर लौट रहा था. इसी क्रम में फुलारीटांड़ फिडर ब्रेकर के समीप सड़क दुर्घटना में गंभीर रूप से घायल हो गए. उसे तत्काल रिजनल अस्पताल डुमरा में भर्ती कराया गया, जहां उसकी गंभीर हालत को देखते हुए बेहतर चिकित्सा के लिए केन्द्रीय अस्पताल धनबाद रेफ़र किया गया. फिर केन्द्रीय अस्पताल से उसे रांची स्थित पारस हॉस्पिटल ले जाया गया, जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई.

नियोजन को लेकर वार्ता के दौरान प्रबंधन पक्ष से जीएम पीयूष किशोर, पीओ काजल सरकार, प्रबंधक यशवंत सिंह राजपूत, क्षेत्रीय कार्मिक प्रबंधक विवेक पाठक मौजूद थे. वहीं श्रमिक संगठन की ओर से एटक के क्षेत्रीय अध्यक्ष एनडी पाण्डेय, सचिव संतोष गोराई, गोपाल मिश्रा, संजय चौबे, जेके झा, मंगल हेंब्रम, देवनाथ चौहान, मुखिया प्रतिनिधि शंकर बेलदार व मृत कर्मी के परिवार वाले उपस्थित थे.

maya ACADEMY
Classes (BOARDS - CBSE, ICSE, JAC)
VI-X - (English, Social Science, Computer)
XI-XII (ARTS) - (English, History, Geography, Pol.Sc, Computers)
U.G. & P.G Courses
Honour Subjects - English, History
M.A. Subjects - English, History
IGNOU, BBMKU, VINOBA BHAVE (VBU)
By :- SONA BISWAS
M.A (ENGLISH), M.A (HISTORY),M.C.A
DOEACC('A' Level qualified) - New Delhi

चूल्हा चौकी, नावाडीह (असर्फी अस्पताल के समीप, धनबाद)

GC SALES
Mob. : 9431125135
Praveen Agarwal
Housing of Distribution
safari
All Item Ladies Purse Local Toli

Kadmiya Bhawan, Ratanji Road, Purana Bazar, Dhanbad (Jharkhand)

बाबूलाल मरांडी प्रदेश अध्यक्ष भाजपा
अमर कुमार बाउरी, नेता प्रतिपक्ष
ढुल्लू महतो सांसद
अश्विनी कुमार पाण्डेय
शुभकामनाएं

भ्रष्टाचार का उन्मूलन के लिए रिश्वत न लेने- न देने की दिलाई शपथ

सतर्कता जागरुकता अभियान की शुरुआत

संवाददाता । केंदुआ

बीसीसीएल में तीन माह तक चलनेवाले निवारक सतर्कता जागरूकता अभियान का कुसुंडा एरिया में सोमवार को महाप्रबन्धक प्रणव दास से दीप जलाकर उद्घाटन किया. विजिलेंस डिपार्टमेंट द्वारा निर्देशित जागरूकता अभियान 15 नवम्बर तक चलेगा. इस दौरान हर प्रोजेक्ट व डिपार्टमेंट में कार्यक्रम कर प्रोजेक्ट ऑफिसर ,एचओडी सभी अधिकारी व कर्मियों को नियमानुसार कार्य करने के तरीके से अवगत कराएंगे. कार्यक्रम के प्रारम्भ में उपस्थित सभी अधिकारी व कर्मियों को विभाग में भ्रष्टाचार का उन्मूलन के लिए रिश्वत न लेने न देने की शपथ दिलाई गई. महाप्रबन्धक प्रणव दास ने मटकुरिया ऑफिसर्स क्लब में आयोजित कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए कहा कि विजिलेंस डिपार्टमेंट की एक अच्छी शुरूआत है. सीवीसी के निर्देश सभी के लिए हितकारी होते हैं.नियमों से अवगत होने से अधिकारी,कर्मियों को गलतियां सुधारने का अवसर मिलेगा. उन्होंने कहा कि नियमों की जानकारी के अभाव में जाने- नजाने गलतियां हो जाती हैं लेकिन गलतियों का इंटेंशन क्या है. अनजाने में भी गलतियां कम्पनी हित में होनी चाहिये. पूरे जागरुकता अभियान में कर्मी नियमों को जाने समझे. अगर नियमों में भी गलतियां है तो उसमें सुधार की गुंजाइश है. एपीएम वेदप्रकाश ने कहा कि 90 दिनों के जागरुकता कार्यक्रम में सभी विभागों की सहभागिता आवश्यक है. सभी विभागाध्यक्ष अधीनस्थ कर्मियों को नियम कानून को समझाने की कोशिश करेंगे ताकि कार्यों में सुधार हो.नियम नहीं जानने से गलतियां होती हैं.

कार्यक्रम में मुख्यालय विजिलेंस के प्रबंधक अविरूप पात्रा, प्रबंधक मनीषा बसु,अरुण कुमार सिंह,टी पासवान,एच के मिश्रा,अतुल शर्मा के अलावे एरिया के सभी एचओडी,पीओ व अन्य अधिकारी व कर्मी मौजूद थे.

वनरक्षी के निधन पर श्रद्धांजलि सभा का आयोजन

- सांसद और विधायक ने दी श्रद्धांजलि

संवाददाता । महुदा

एमजीएम पब्लिक स्कूल चरकीटांड़ के प्रांगण में सोमवार को श्रद्धांजलि सभा आयोजित कर वनरक्षी नारायण महतो के तस्वीर पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी गई. उनके असामयिक निधन पर शोक व्यक्त करते हुए पूर्व जिप सदस्य संतोष कुमार महतो ने कहा कि नारायण महतो समाजिक कार्यों में भी बढ़ चढ़कर भाग लेते थे. वे गरीब बच्चों को हमेशा आर्थिक सहयोग किया करते थे. सामाजिक कार्य करते हुए उन्होंने जंगलों में तरह-तरह के पौधे लगाए. इस तरह के नेक कार्यों के लिए उन्हें कभी भुलाया नहीं जा सकता.

सभा का संचालन गौतम कुमार महतो ने किया. श्रद्धांजलि देने वालों में गिरिडीह सांसद चन्द्रप्रकाश चौधरी, टुंडी विधायक मथुरा प्रसाद महतो, पूर्व मंत्री जलेश्वर महतो, जेएलकेएम नेता जयराम महतो, मुखिया सूर्यकांत महतो, प्रेम कुमार महतो, अनुज कुमार महतो, सदानंद महतो, असीम महतो, प्रदीप महतो, रुपदेव रवानी, रमेश महतो, बसंत महतो, दिलीप महतो, बुलेट महतो, अजय महतो, पूर्व उप मुखिया राजू महतो, किशोर महतो, निताय महतो, गौतम महतो समेत दर्जनों की संख्या में अन्य लोग शामिल थे.

बहनों ने भाई की कलाई पर बांधा प्यार

संवाददाता। कथारा

भाई बहन के प्रेम के प्रतीक का पर्व रक्षाबंधन सोमवार को पूरे देश में हर्षोल्लास के साथ मनाया गया. बेरमो प्रखंड क्षेत्र के जारंगडीह कथारा में भी रक्षाबंधन का त्योहार को लेकर बहनों तथा भाईयों ने पूरा उत्साह के साथ मनाया. विदित हो कि यह त्योहार श्रावण मास के शुक्ल पक्ष की पूर्णिमा को मनाया जाता है. इस दिन बहन अपने भाई की कलाई पर राखी बांधती है और उसकी लंबी उम्र और सफलता की कामना करती है. इस दौरान उसका भाई जीवन भर उसकी रक्षा करने का वादा करता है. हिंदू धर्म में राखी को रिश्तों में विश्वास को बढ़ावा देने का दिन माना जाता है. इस दिन को सभी परिवारों में अलग-अलग मान्यताओं और प्रेम की भावनाओं के साथ मनाया जाता है.

भाई बहनों का प्रेम का प्रतीक का त्योहार रक्षा बंधन को लेकर बाजारों की भी रौनक बढ़ी दिखी. सुबह से लेकर शाम तक राखी, मिठाई और पूजा की समाग्री की खरीदारी को लेकर बाजारों में काफी भीड़ देखी गई.

डुमरी में राखी का त्योहार संपन्न

डुमरी। भाई-बहन के बीच स्नेह के प्रगाढ़ता का प्रतीक पर्व रक्षाबंधन सोमवार को हर्षोल्लास के साथ संपन्न हुआ. दोपहर डेढ़ बजे से शाम तक राखी बांधने का सिलसिला जारी रहा. बहनों ने अपने भाइयों को रोड़ी, अक्षत का टीका लगाकर व आरती उतारकर उनकी कलाइयों में रक्षा सूत्र बांधने का काम किया व उनकी सफलता की कामना की. वहीं भाइयों ने हर परिस्थिति में अपनी बहन की रक्षा करने का संकल्प लिया. दोनों ने एक दूसरे को मिठाई खिलाई. वहीं क्षेत्र के ब्राह्मणों व पुरोहितों ने अपने यजमानों को रक्षा सूत्र बांधकर उनके मंगल भविष्य की कामना की. इधर श्रावण पूर्णिमा के मौके पर मंदिरों में पूजा अर्चना की गई. रक्षाबंधन को लेकर मिठाई की दुकानों में जमकर खरीदारी हुई. राखी की दुकानों तथा उपहार प्रतिष्ठान में भी भीड़ देखने को मिली. सावन मास में महीने भर चलने वाला जलाभिषेक का समापन भी श्रद्धा और भक्ति के साथ हुआ. अहले सुबह से ही शिवालयों में भक्तों की भीड़ लगने लगी, जो घंटों चला. मंदिर के पुजारी के सानिध्य में लोगों ने शिव परिवार के देवी देवताओं को विधि पूर्वक पूजन व अर्चना की तथा उनसे सुखद भविष्य की प्रार्थना की. इस अवसर पर संपूर्ण क्षेत्र भक्तिमय हो गया.

अवैध कोयला लदा तीन ट्रक जब्त, दो गिरफ्तार

वाहन मालिक, चालक के साथ संलिप्त लोगों पर मामला दर्ज

- 128 टन अवैध कोयला भी जब्त

संवाददाता। जमुआ (गिरिडीह)

जमुआ-देवघर मुख्य मार्ग परगोडीह गोशाला मोड़ पर जमुआ पुलिस ने विशेष वाहन चेकिंग के दौरान अवैध कोयला लदा तीन ट्रक जप्त करते हुए दो लोगों को गिरफ्तार किया. पुलिस ने तीनों ट्रकों पर लदे करीब 128 टन कोयला भी जब्त कर लिया. जिला पुलिस कप्तान को मिली गुप्त सूचना के निर्देश पर खोरीमहुआ अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी के नेतृत्व में टीम गठित किया गया. जिसमें जमुआ पुलिस निरीक्षक ममता कुमारी, थाना प्रभारी मणिकांत कुमार, एसआई रोहित कुमार सिंह, एएसआई हरेंद्र कुमार सहित शामिल पुलिस बल ने परगोडीह गोशाला मोड़ पर विशेष वाहन चेकिंग के दौरान तीन अवैध कोयला लदा ट्रक जिसका नम्बर

डब्ल्यूबी37ई 3085, एनएल01एडी 6724, जेएच01एक्यू 6754 है. इन तीनों ट्रकों में कुल 128 टन अवैध कोयला पुलिस ने जब्त की है. इस दौरान दो लोगों को गिरफ्तार किया गया है. जिसमें महताब आलम, उम्र 31 वर्ष, पिता शफीक अंसारी, साकिम निंघा, थाना जमुड़िया, जिला पश्चिम वर्द्धमान, पश्चिम बंगाल एवं जीवलाल राय, उम्र 32 वर्ष, पिता रघुवीर राय, साकिम सबनीमा, थाना अठमलगोला, जिला पटना, बिहार शामिल है.

इस बाबत जमुआ थाना प्रभारी मणिकांत कुमार ने बताया कि जिला खनन पदाधिकारी द्वारा जांच कराया गया तो ये तीनों ट्रक में लदा कोयला अवैध पाया गया. उन्होंने बताया कि वाहन के चालक और मालिक के साथ इसमें संलिप्त लोगों पर मामला दर्ज कर कार्रवाई की जा रही है.

आप नेता कृष्ण मुरारी शर्मा ने थामा झामुमो का दामन

गिरिडीह। आम आदमी पार्टी के प्रदेश प्रवक्ता रहे कृष्ण मुरारी शर्मा ने पद व पार्टी से इस्तीफा देकर अपने समर्थकों के साथ सोमवार को झामुमो की सदस्यता ग्रहण कर ली. गिरिडीह सदर के विधायक सुदिव्य कुमार सोनू ने उनका पार्टी में स्वागत किया. विधायक सोनू ने पूरी टीम का स्वागत करते हुए कहा कि इससे पार्टी को आंतरिक बल मिलेगा और सरकार की नीतियों को लेकर जन सहभागिता भी बढ़ेगी. वहीं, कृष्ण मुरारी शर्मा ने कहा कि देश की मौजूदा स्थिति को देखते हुए झारखंड में सक्रिय राजनीति का भागीदार बनना समय की मांग है. हमें अपने जल, जंगल जमीन और झारखंडी अस्मिता पर बाहरी हस्तक्षेप हर हाल में रोकना है. दिशोम गुरु शिबू सोरेन के मार्गदर्शन के बिना इसे पूरा करना संभव नहीं था. इसीलिए उन्होंने अपने सभी साथियों के साथ झामुमो के साथ कंधे से कंधा मिलाकर आगे बढ़ने का फैसला लिया. उम्मीद है कि पार्टी जनभावनाओं की कसौटी पर खरी उतरेगी. झामुमो जिलाध्यक्ष ने सभी लोगों को झामुमो की सदस्यता दिलाई. झामुमो में शामिल होने वालों में रोजन अंसारी, गौरीशंकर यादव, कासीम अंसारी, आशीष भदानी, तेजनारायण महतो, तैयब अंसारी, परवेज आलम, रुस्तम अंसारी, मुशर्रफ हुसैन मुख्य हैं.

ओवरमैन के घर में दिनदहाड़े ताला तोड़कर चोरी

कथारा। सीसीएल कथारा क्षेत्र अंतर्गत जारंगडीह कोलियरी के पुराना ऑफिसर कॉलोनी में सोमवार को ओवरमैन पद पर कार्यरत अंजनी सिंह के आवास संख्या 2ए 02 में अज्ञात चोरों ने दिनदहाड़े ताला तोड़कर चोरी की घटना को अंजाम दिया. घटना के संबंध में सीसीएल कर्मी अंजनी सिंह ने बताया कि सोमवार को लगभग 11 बजे अपर बांग्ला रिश्तेदार के घर सत्यनारायण पूजा में कथा सुनने पुरे परिवार के साथ अपने आवास में ताला लगा कर गए थे. जब हम 12 बजे घर लौटे तो देखें कि ताला टूटा हुआ है. गोदरेज व अलमारी भी खुला था और घर का सामान सब जमीन पर बिखरा हुआ है. इसमें कुछ जेवरात भी था, जो चोर ले भागे. वहीं घटना की जानकारी स्थानीय थाना बोकारो थर्मल थाना प्रभारी सह पुलिस इंस्पेक्टर शैलेंद्र कुमार सिंह को सूचना दी गई. सूचना मिलते ही थाना प्रभारी के निर्देश पर थाना के एसआई धर्मेंद्र कुमार दलबल के साथ पहुंचे और छानबीन में जुट गए. दिनदहाड़े चोरी की घटनाओं से लोगों में भय का माहौल व्याप्त है. घटना की जानकारी मिलते ही राकोमसं के कथारा क्षेत्रीय सचिव वरुण कुमार सिंह, यूनियन पदाधिकारी अशोक ओझा, जारंगडीह कोलियरी के अधिकारी निरज कुमार सहित अन्य लोग भी पहुंचे.

मार्केट कॉम्प्लेक्स निर्माण के लिए स्थल परिवर्तन की मांग

कसमार (बोकारो)। कसमार निवासी स्थानीय जिप सदस्य अमरदीप महाराज ने बोकारो डीसी को पत्र लिखकर कसमार के गर्री में प्रस्तावित मार्केट कांप्लेक्स के निर्माण स्थल को परिवर्तन करने की मांग की है. उन्होंने कहा कि ग्रामीणों की इच्छा और सुविधानुसार ही मार्केट कांप्लेक्स का निर्माण कराया जाए. उन्होंने लिखा है कि जिला परिषद से अनुशंसित एवं ग्राम पंचायत गर्री की ग्राम सभा से प्रस्तावित योजना मार्केट कांप्लेक्स की स्वीकृति जिला कार्यालय से हुई है. इसके लिए स्थल के तौर पर गर्री पंचायत अंतर्गत कसमार चौक डेली मार्केट की सरकारी भूमि का चयन किया गया है. योजना की कार्य एजेंसी विशेष प्रमंडल, बोकारो तथा डीएमएफटी मद से निर्माण किया जाना है. बताया कि योजना के निविदा के पश्चात वर्क आर्डर एग्रीमेंट एवं शिलान्यास भी किया जा चुका है, लेकिन वर्तमान में इस स्थल में पीडब्ल्यूडी सड़क के किनारे पूर्व से गुमटी एवं बांस तिरपाल लगाकर कुछ लोग व्यवसाय किया करते हैं और उसी से जीवन यापन करते हैं. इस भूमि पर पूर्व से मंदिर, स्टेचू, गोदाम तथा सरकारी शौचालय भी निर्मित है. अमरदीप महाराज ने लिखा है कि दुकानदारों में मार्केट कांप्लेक्स के निर्माण के पश्चात इनके नाम कमरा आवंटन को लेकर असमंजस बनी हुई है. इससे कुछ स्थानीय दुकानदार एवं ग्रामीणों द्वारा डीसी कार्यालय में मार्केट कांप्लेक्स के निर्माण कार्य के पक्ष में तथा कुछ दुकानदार एवं ग्रामीणों द्वारा निर्माण कार्य के विरोध में आवेदन भी दिया गया है.

ग्रामीणों ने भाकपा माले को समर्थन देने का लिया निर्णय

तिसरी (गिरिडीह)। तिसरी प्रखंड के पिपराटांड़ में सोमवार को भाकपा माले की जनसभा हुई. पूर्व विधायक राजकुमार यादव बतौर मुख्य अतिथि शरीक हुए. जनसभा में पिपराटांड़, कुड़ियामो, रतनगडुरा, कौसिलवा और चोरनीतरी गांव के ग्रामीण जुटे थे. ग्रामीणों ने वर्तमान स्थानीय विधायक और सांसद के प्रति नाराजगी जताते हुए आगामी विधानसभा चुनाव में सर्वसम्मति से भाकपा माले को समर्थन देने की घोषणा की. लोगों का कहना था कि स्थानीय विधायक और सांसद से मिलना भी दुर्लभ हो गया है. पूर्व विधायक राजकुमार यादव ने कहा कि उनके विधायक काल में गांवों में पक्की सड़क पहुंची थी, लोगों को 12 से 18 घंटे बिजली मिलती थी, अस्पताल में डॉक्टर उपलब्ध रहते थे, प्रशासन जनता की बात सुनती थी. लेकिन अब हालात उलट गए हैं.

गरीबों की पीड़ा को करीब से किया है महसूस : दुर्योधन

डुमरी (गिरिडीह)। डुमरी पंचायत के दर्जनों युवाओं ने सोमवार को होटल पार्क लाईन में एक बैठक कर आजसू नेता सह क्षेत्र के सामाजिक कार्यकर्ता दुर्योधन महतो के साथ विधानसभा चुनाव में कंधा से कंधा मिलाकर तन मन से कार्य करने का भरोसा दिया. युवाओं का कहना था कि यदि पार्टी श्री महतो को विधानसभा चुनाव में इस डुमरी विधानसभा से उम्मीदवार बनाती है तो वे सभी युवाओं का समर्थन उनके साथ रहेगा. साथ ही चुनाव में भी श्री महतो के पक्ष में जनसमर्थन के लिए वे सब प्रचार प्रसार करेंगे, क्योंकि हमसभी युवाओं को एक सशक्त व निःस्वार्थ अभिभावक की आवश्यकता है, जो युवाओं के रोजगार एवं आकांक्षाओं को विधानसभा में उठा सके. वहीं उपस्थित युवाओं से दुर्योधन महतो ने कहा कि उन्होंने गरीबी एवं गरीबों की पीड़ा को करीब से महसूस किया है. इसलिए शोषितों, वंचितों, किसानों, मजदूरों एवं बेरोजगारों के हक व अधिकार के लिए वे हमेशा संघर्षरत रहेंगे.

मंजूरा में 6 सितंबर को होगा विराट करम महोत्सव

कसमार (बोकारो)। कसमार प्रखंड के मंजूरा पंचायत के ग्रामीणों ने सोमवार को बैठक कर आगामी 6 सितम्बर को मंजूरा के मड़ई थान के सामने स्थित बेझा बिंधा टांड़ में विराट करम महोत्सव मनाने का निर्णय लिया. इस दौरान पुरखेनि कुड़मालि करम गीत एवं पांता नाच के लिए कुड़मालि कलाकार की टीम कार्यक्रम पेश करेंगे. साथ ही झारखंड के बारह मासे तेरह परब पर विशेषज्ञ अपना वक्तव्य रखेंगे. उक्त सारे कार्यक्रम कुड़मालि भाखि चारि आखड़ा मंजूरा एवं झरमूंगा चेंघि के संयुक्त तत्वावधान में होगा. मौके पर दीपक पुनरिआर, संजय पुनरिआर, महादेव डुंगरिआर, मिथिलेश केटिआर, परविन केसरिआर, शैलेश केसरिआर, सहदेव झारखंडी, बालेश्वर पुनरिआर, भागीरथ केसरिआर, सुभाष हिंदआर, सुभाष पुनरिआर, भागीरथ बंसरिआर, कुलेश्वर केसरिआर, अखिलेश केसरिआर, शिशुपाल केसरिआर, मुरलिधर जालबानुआर, कमलेश केसरिआर, जंग बहादुर केसरिआर, गनेश पुनरिआर, नंदलाल गुलिआर, हिलालाल केसरिआर, पियुश बंसरिआर, परदिप पुनरिआर, सुरेन्द्र बंसरिआर, उमेश केसरिआर, अनिल केसरिआर, किशुन केसरिआर, धिरन केसरिआर, निलकंठ महतो, शांति गुलियार समेत कई ग्रामीण मौजूद थे.

पुलिसकर्मियों ने बुजुर्गो के साथ मनाया रक्षाबंधन

गोड्डा। जीवन के अंतिम पड़ाव में अपनों द्वारा ठुकराए जाने के बाद वृद्धा आश्रम में रहकर जिंदगी गुजरने वालों के बीच जब पुलिसकर्मी फल और मिठाई लेकर पहुंचे तो उन बुजुर्गों की खुशी देखते बनती थी. मौका था त्योहार का तो कोई कैसे अकेले छोड़ देता. नगर थाना प्रभारी दिनेश महली बताते हैं कि हम पुलिस वाले भी अपने घर परिवार से दूर रहकर ही नौकरी करते हैं. ऐसे में जब इन बुजुर्गों के बीच पहुंच कर कुछ देर बैठते हैं तो लगता है कि अपनों के बीच ही बैठे हैं. सामान्य दिनों की बात कुछ और होती है मगर जब पर्व त्योहार आते हैं तो थोड़ा खाली खाली सा लगता है और त्योहार की खुशियां अपनों के बीच ही अच्छी लगती है. वृद्धा आश्रम में रहने वाले भी हमारे समाज का हिस्सा हैं, भले ही आज वो किसी कारण से अपनों के अलग रह रहे हैं लेकिन उन्हें उपेक्षा का आभास ना हो इसलिए इनके बीच आकर खुशियां बांटने का छोटा सा प्रयास किया. पुलिस टीम में नगर थाना प्रभारी के अलावा मुफ्फसिल थाना प्रभारी कृष्णा साह, महिला थाना प्रभारी गुलाब किस्फोट्टा सहित अन्य थे. इन पुलिसकर्मियों ने बुजुर्ग महिला, पुरुषों के बीच रहकर उन्हें मिठाई का पैकेट दिया और चरण छूकर आशीर्वाद लिया. पुलिसकर्मियों के इस सद्व्यवहार को देखकर सबों ने ऐसे कार्यों की सराहना की.

शिक्षक संघ का प्रतिनिधिमंडल विधायक से मिला

गोड्डा। पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के तहत लंबित मांगों को लेकर झारखंड राज्य माध्यमिक शिक्षक संघ के प्रतिनिधियों ने पोड़ैयाहाट विधायक प्रदीप यादव के गोड्डा स्थित आवास पर पहुंच कर उनसे मुलाकात किया. संघ के जिला अध्यक्ष शम्स परवेज़ एवं सुमन कुमार ने विधायक प्रदीप यादव को पुष्प गुच्छ देकर धन्यवाद दिया और आगामी 23 अगस्त को राजभवन, रांची के समक्ष होने वाले धरना-प्रदर्शन कार्यक्रम में सहयोग करने की अपील करते हुए अपनी मांगों से अवगत कराया. विधायक श्री यादव ने संघ की मांगों को उचित बताते हुए शिक्षक प्रतिनिधियों से कहा कि आपलोग संघ की मांगों को लिखित में दें ताकि मैं इसे मुख्यमंत्री के समक्ष मजबूती से प्रस्तुत कर सकूं. उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के नेतृत्व में वर्तमान सरकार जनता व कर्मचारियों के हित के लिए कृत संकल्प है. जो भी उचित कार्यवाई होगी वो निश्चित तौर पर किया जाएगा. इस शिष्टमंडल में झारखंड राज्य माध्यमिक शिक्षक संघ के जिला अध्यक्ष शम्स परवेज, झारोटेफ के जिला अध्यक्ष डॉ सुमन कुमार, सोशल मीडिया प्रभारी नीरज कुमार सिंह, डॉ महानंद यादव, सुशील कुमार सिंह, दिनेश बेसरा, सरोज कुमार, सज्जाद आलम, मो जहीर, अनुपम मिश्रा, जितेंद्र कुमार, अब्दुल बारी व अन्य उपस्थित थे.

दुकान में आग लगने से हजारों का नुकसान

संवाददाता। साहिबगंज

उधवा प्रखंड के राधानगर थाना क्षेत्र के पूर्वी उधवा पंचायत अंतर्गत भगत टोला में सोमवार को एक दुकान में शार्ट सर्किट से अचानक आग लग गई. जिससे दुकान में रखे सारा सामान जलकर राख हो गया. इस घटना में हजारों रूपए का नुकसान होने का अनुमान लगाया जा रहा है. जानकारी के अनुसार भगत टोला के गंगा भगत के दुकान में अचानक शार्ट सर्किट से आग लग गई. आग की लपटें इतनी तेज थी कि देखते ही देखते आग विकराल रूप धारण कर लिया. आगलगी की खबर सुनते ही गांव में अफरातफरी मच गई. स्थानीय लोगों ने इसकी जानकारी राधानगर थाना प्रभारी नितेश कुमार पांडेय को दिया. अग्निशमन वाहन बरहेट के शिवगादी चले जाने के कारण घटनास्थल पर अग्निशमन वाहन नहीं पहुंच पाया. इसके बाद स्थानीय लोगों ने कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया जा सका. उधर, घटना की सूचना पर राधानगर थाना के एएसआई अनिल सिंह दलबल के साथ घटनास्थल पर पहुंच कर घटना की जानकारी ली.

पांचवी सोमवारी को शिवालयों में उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड़

संवाददाता। बोकारो

सावन महीने के पांचवें व अंतिम सोमवार को चास-बोकारो के शिवालयों में हर-हर महादेव, ओम नमः शिवाय की गूंज से पूरा वातावरण भक्तिमय हो गया. सुबह से ही श्रद्धालुओं की सभी मंदिरों में खासी भीड़ रही. वहीं शिव मंदिरों के साथ अन्य मंदिरों पर भी दिन भर भक्तों को तांता लगा रहा. साथ ही सभी प्रमुख शिवालयों में सुबह से ही श्रद्धालुओं का पहुंचना शुरू हो गया था. सावन माह के पांचवें सोमवार के दिन श्रद्धालुओं ने पूरे भक्तिभाव से शिवलिंग का दूध व जल से अभिषेक किया. शिवलिंग को पुष्प, बेल पत्र, आंक, धतूरे से सजाकर महाआरती की गई. इस दौरान मंदिरों में घंटी व शंख की ध्वनी से माहौल भक्तिमय बना रहा. शहर के सेक्टर 9 स्थित नवनाथ शिव मंदिर, कालीबाड़ी मंदिर, सेक्टर 5 शिवालय, राम मंदिर सेक्टर 1, सेक्टर 3 थाना मोड़

शिवालय, सेक्टर 4 सूर्य मंदिर, बालीडीह शिव मंदिर, रितुडीह शिव मंदिर, सेक्टर 6 शिवालय, चास चेक पोस्ट स्थित शिव मंदिर, पुराना बाजार शिव मंदिर समेत अन्य शिव मंदिरों में श्रद्धालुओं की भीड़ रही. कई लोगों ने पंडितों की मौजूदगी में शिव महाभिषेक किया. नवनाथ शिव मंदिर व सेक्टर 4 डी आशुतोश शिव मंदिर में श्रद्धालुओं की काफी भीड़ देखी गई. श्रद्धालुओं ने कतारबद्ध होकर भगवान शिवलिंग पर जलाभिषेक किया. पंडित मार्केण्डेय दूबे ने कहा कि सावन महीने में भगवान शिव की पूजा से मनवांछित फल प्राप्त होता है. उन्होंने कहा कि इस महीने में भगवान भोले शंकर को दूध, दही, घी, मक्खन, गंगाजल, बेल पत्र, आक, धतूरा आदि चढ़ाना चाहिए. क्योंकि इस माह में भगवान भोले नाथ की सच्चे मन से आराधना की जाए तो उसे मनवांछित फल प्राप्त होता है.

भयमुक्त विधानसभा चुनाव कराने को लेकर अन्तर्राज्यीय पुलिस की संयुक्त बैठक

छह इंटर स्टेट चेकनाका होगा एक्टिवेट : एसडीपीओ

खास बातें

- इंटर स्टेट कॉडिनेशन बैठक में कई मुद्दों पर हुई चर्चा
- बोकारो-पुरुलिया पुलिस ने मिलकर बनाई रणनीति

संवाददाता। बोकारो

आगामी विधानसभा चुनाव 2024 को भयमुक्त वातावरण में कराने को लेकर सोमवार को पिंडाजोड़ा थाने के मिर्धा जायका रिसोर्ट में इंटर स्टेट कॉडिनेशन पुलिस की बैठक संपन्न हुई. जिसमें पुरूलिया व बोकारो जिले के एसडीपीओ, डिप्टी एसपी स्तर के पदाधिकारियों ने हिस्सा लिया.

इस संबंध में प्रवीण कुमार सिंह, चास सदर एसडीपीओ ने बताया कि विधानसभा चुनाव में निमित पुलिस शीर्ष पदाधिकारी के आदेशानुसार यह इंटर स्टेट कॉडिनेशन बैठक आयोजित की गई है, ताकि आगामी

विधानसभा चुनाव के आलोक में आपसी तालमेल किया जाए. इसका मुख्य उद्देश्य है कि स्वच्छ, भयमुक्त वातावरण में चुनाव संपन्न कराना है. सदर डीएसपी ने कहा कि इंटर स्टेट आपराधिक गतिविधियों पर अंकुश लगाने व उसको नियंत्रित करने के लिए छह इंटर स्टेट चेकनाका को एक्टिवेट किया जाएगा.

इससे चुनाव के दौरान इलिसिट आईटम, इलिसिट लिकर, अवैध आर्म्स की आवाजाही पर अंकुश लगेगा. वांरटियों और एबस्कॉडरों की लिस्ट बोकारो और पुरूलिया पुलिस ने एक्चेंज किया है ताकि हमलोग कॉडिनेटेड एफोर्ट के तहत इनकी गिरफ्तारी कर सके.

श्री सिंह ने कहा कि वारंटियों की गिरफ्तारी को लेकर डीजीपी के आदेश के आलोक में अभी तक जिले में 42 अपराधियों को रॉउंडअप कर लिया गया है.

अंतर्राज्यीय पुलिस सीमावर्ती बैठक की अध्यक्षता प्रवीण कु० सिंह, अनुमण्डल पुलिस पदाधिकारी चास ने किया. इस बैठक में बोकारो के सीमावर्ती राज्य पश्चिम बंगाल (पुरुलिया) के अनुमण्डल पुलिस पदाधिकारी रघुनाथपुर और अनुमण्डल पुलिस पदाधिकारी झालिदा एवं अन्य पुलिस पदाधिकारियों ने भाग लिया.

पश्चिम बंगाल से गौरव घोष- अनुमण्डल पुलिस पदाधिकारी, झालिदा, रोहेद शेख- अनुमण्डल पुलिस पदाधिकरी, रघुनाथपुर, शाष्वती स्वेता सामंता, पुलिस उपाधीक्षक, पुअनि० संजय सिंह थाना प्रभारी बाघलता, पुनि अशोकतरू मुखर्जी, थाना प्रभारी पुरुलिया, मुफस्सिल थाना, बापन मंडल, थाना प्रभारी, थाना प्रभारी पाड़ा व सुदीप चक्रवती-थाना प्रभारी संथालडीह शामिल रहे. वहीं बोकारो (झारखंड) से चास सदर एसडीपीओ प्रवीण कुमार सिंह, बेरमो एसडीपीओ वशिष्ठ नारायण सिंह, पिंड्राजोरा थाना प्रभारी अमरजीत कुमार सिंह, चास इंस्पेक्टर खुर्शिद आलम, चास, मुफ्फसिल इंस्पेक्टर मोहम्मद आजाद खां व बालीडीह इंस्पेक्टर नवीन कुमार सिंह उपस्थित थे.

गंगा में डूबने से दस वर्षीय बालक की मौत

साहिबगंज। तालझारी प्रखंड में गंगा के पानी में डूबने से दस वर्षीय बालक की मौत हो गयी. घटना रविवार सुबह की बताई जा रही है. बताया जाता है कि थाना क्षेत्र के महाराजपुर मीना बाजार गांव में बाढ़ के पानी में डूबने से मीना बाजार निवासी सकलदीप मंडल के 10 वर्षीय पुत्र रघुवीर मंडल की मौत हो गयी. बताया जाता है कि बाढ़ के पानी में कुछ बच्चे नहा रहे थे. रघुवीर भी उन बच्चों के साथ स्नान कर रहा था. नहाने के क्रम में अचानक पैर फिसलने के कारण गड्ढे में चला गया. जिससे उसकी डूबने से मौत हो गयी. घटना की सूचना मिलते ही बच्चे को ग्रामीणों द्वारा बाहर निकाला गया व परिजनों के द्वारा स्थानीय डॉक्टर को दिखाया गया, जहां चिकित्सकों ने बालक को मृत घोषित कर दिया. घटना की सूचना मिलते ही तालझारी थाना के एसआई मनोज आजाद शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेज दिया. घटना से रामपुर गांव में मातम पसर हुआ है.

महिलाओं ने मनाई हरियाली तीज

पीरटांड (गिरिडीह)। पीरटांड़ प्रखंड के अर्बन हाट में सोमवार को धूमधाम से हरियाली तीज पर्व दर्जनों महिलाओं द्वारा मनाई गई. इस दौरान महिलाओं ने शिव-पार्वती की पूजा-अर्चना करते हुए सावन गीत गाए. साथ ही उन्होंने एक दूसरे को मेहंदी लगा कर जमकर नृत्य की. मालूम हो कि हर साल सावन माह की शुक्ल पक्ष की तृतीया तिथि को हरियाली तीज का पर्व मनाया जाता है. हरियाली तीज सुहागिन महिलाओं के लिए विशेष महत्वपूर्ण होता है. तीज के त्योहार में ज्यादातर महिलाएं निर्जला व्रत रखती हैं और भगवान शिव और माता पार्वती की पूजा करती हैं. इस मौके पर मंजू तिवारी, सोना उपाध्याय, रीना देवी, सावित्री देवी, अकादमी देवी, हेमा देवी, मंजू देवी, संध्या देवी के अलावे कई महिलाएं उपस्थित थी.

स्कूली छात्राओं ने थाना प्रभारी को बांधी राखी

गावां (गिरिडीह)। गावां थाना क्षेत्र के छात्रों ने थाना प्रभारी महेश चंद्र व पुलिस बल के जवानों को माथे पर तिलक लगाकर उनकी कलाई पर राखी बांधी और मिठाई खिलाई. इसके साथ ही उनके स्वास्थ्य व लंबी आयु की कामना की. इस अवसर पर गावां थाना प्रभारी महेश चंद्र ने कहा कि भाई-बहन के इस पवित्र एवं पावन पर्व के अवसर पर हमलोग अपने घर जाकर बहनों से राखी नहीं बंधवा पाते हैं. गावां प्रखंड की छात्राओं ने हमारी इस कमी को महसूस होने नहीं दिया. आगे कहा कि पुलिस टीम क्षेत्र में माताओं व बहनों की सुरक्षा व हर समस्या के निदान के लिए सदैव तत्पर रहेगी.

हर्षोल्लास के साथ मना रक्षाबंधन

साहिबगंज। सोमवार को उधवा प्रखंड में भाई बहन के अटूट रिश्ते का पवित्र त्योहार रक्षाबंधन हर्षोल्लास के साथ मनाया गया. बहन ने अपने भाई की कलाई पर रक्षा सूत्र बांधकर उनकी लंबी उम्र की कामना की. जानकारी के अनुसार सुबह से ही राखी और मिठाई की खरीददारी को लेकर दुकानों में लोगों को भीड़ देखने को मिली. लोगों ने जमकर राखी की खरीदारी किया. सुबह से ही छोटे-छोटे बच्चें अपनी कलाई पर राखी बांधने को लेकर काफी उत्साहित दिखे गए. प्रत्येक वर्ष श्रावण माह के पूर्णिमा के दिन रक्षाबंधन का त्योहार मनाया जाता है. इस दौरान बहन अपने-अपने भाईयों के कलाई में राखी बांधकर भगवान से अपने भाईयों की स्वास्थ रहने की कामना की.

महिला काव्य मंच की काव्य गोष्ठी

बोकारो। महिला काव्य मंच के संस्थापक नरेश नाज़ के संज्ञान में बोकारो इकाई की मासिक गोष्ठी बोकारो होटल में संपन्न हुआ. गोष्ठी की शुरुआत पद्मावती ने सरस्वती वंदना से की. अध्यक्ष काजल भलोटिया ने सभी का स्वागत किया. प्रदेश महासचिव अर्चना मिश्रा ने सभी सदस्यों बधाई दी. गोष्ठी में रेणुका सिन्हा, अमृता शर्मा, करूणा कलिका, ऋचा प्रियदर्शनी, रीना यादव, दिप्ती झा, सोनी कुमारी, पद्मावती, जयंती सिंह, सुप्रिया कुमारी सरस, गीता कुमारी गुस्ताख़, रींकु कुमारी, माला, ज्योति वर्मा, रबिया शेख, आशा पुष्प, ज्योतिर्मय डे राणा, ऋचा प्रियदर्शनी, क्रांति श्रीवास्तव, अर्चना अश्क मिश्रा एवं काजल भलोटिया ने अपनी उम्दा काव्य प्रस्तुति से कार्यक्रम में चार चांद लगा दिए. मंच का संचालन अमृता शर्मा ने किया.

ब्रीफ खबरें

जीएम से शिकायत

तेतुलमारी। बोकारो के दुग्धा निवासी महिला बिमली देवी ने बीसीसीएल कतरास क्षेत्र संख्या 4 के महाप्रबंधक को पत्र देकर वेस्ट मोदीडीह मे कार्यरत कोल कर्मी सूचन महतो के खिलाफ झूठा आश्वासन देने एवं गलत तरह से बंशावली बनाकर नियोजन प्राप्त करने का आरोप लगाया है. उन्होंने महाप्रबंधक से कार्रवाई की मांग की है. पत्र में उसने लिखा है कि उनसे जबरन जमीन लेकर नियोजन प्राप्त किया. जब नियोजन प्राप्त कर लिया तब उसने मुंह मोड़ लिया. कहा कि वह विधवा महिला है, प्रबंधन उक्त कोल कर्मी पर उचित कार्रवाई करे.

सांसद ने किया तेलमच्चो पुल का निरीक्षण

महुदा। गिरिडीह के सांसद चंद्रप्रकाश चौधरी ने सोमवार को विगत दो वर्षों से आंशिक मरम्मति को लेकर बंद पड़े पुराने तेलमोच्चो पुल का निरीक्षण किया. उन्होंने कहा कि शीघ्र एनएचएआई के आरओ से बात कर अधूरा कार्य को पूरा करवाकर इसपर वाहनों का आवागमन शुरु कराया जायेगा. मौके पर उनके साथ मुखिया प्रतिनिधि शिबु महतो,धनेश्वर महतो,पूर्व जिप सदस्य संतोष कुमार महतो,चित्तरंजन दुबे,मटुक मिश्रा,कौशल किशोर महतो आदि मौजूद थे.

रमेश टुडू के आवासीय कार्यालय का उद्घाटन

टुंडी। टुंडी विधानसभा अंतर्गत ब्लॉक रोड पंचायत भवन के सामने पूर्व जिला अध्यक्ष रमेश टुडू का आवासीय कार्यालय का उद्घाटन मुख्य अतिथि झारखंड अलग राज्य आंदोलनकारी सदस्य सह गुरुजी के साथी धानो सोरेन और विशिष्ट अतिथि बेसर हेम्ब्रम ने किया. उद्घाटन के बाद सभी को मिठाई और स्वादिष्ट खिचड़ी वितरित की गई. पूर्व जिला अध्यक्ष रमेश टुडू ने कहा कि वे जनता की सेवा के लिए हमेशा उपलब्ध रहेंगे और सरकार की सभी महत्वाकांक्षी योजनाओं को जन-जन तक पहुंचाने के लिए सभी को साथ लेकर चलने का काम करेंगे। इस अवसर पर बाबा मनीर मस्तान, अनिल कुमार टुडू, अरुणव सरकार, लक्ष्मी मुर्मू, ईशाक बेग, लखीन्द्र हांसदा, गुरु चरण बास्की, मैनेजर हेम्ब्रम सहित सैकड़ों कार्यकर्ता उपस्थित थे.

चैंबर आफ कामर्स चुनाव

ना खाता न बही, जो बोले बाबा वही सही

चढ़ा पारा : फूसबंगला चैंबर के इरफान - शुभाशीष ने उपायुक्त से की निष्पक्ष चुनाव की मांग

संवाददाता। धनबाद

धनबाद जिला चैंबर ऑफ कॉमर्स की चुनाव में इस बार फिर से नियमों की धज्जियां उड़ रही हैं. इस चुनाव में वैसे चैंबर के पदाधिकारियों को नाम भी वोटर लिस्ट में जोड़ गया है. जहां न तो विधिवत चुनाव होता है और न ही निर्धारित शुल्क जमा किये जाते हैं. मामला फूसबंगला चैंबर ऑफ कॉमर्स से जुड़ा है. यहां पिछले दस वर्षों से न तो कोई चुनाव हुआ है और न ही कोई आम सभा कर पुरानी कमेटी का एक्शटेंशन लिया गया है. बावजूद फूसबंगला चैंबर की दो में से एक कमेटी से तीन लोगों का नाम जिला चैंबर की वोटर लिस्ट में जोड़ा गया है. इस घटना के विरोध में फूसबंगला चैंबर के दूसरे गुट के लोगों ने धनबाद उपायुक्त से शिकायत कर चुनाव को स्थगीत करने की मांग की है. इस विवाद से जिला चैंबर में घमासान के हालात हैं.

अपनी जेब से भर देते हैं चेंबर शुल्क

कारोबारियों की मानें तो जिले की 56 चेंबरों में लगभग दर्जन भर ऐसे चेंबर हैं, जिसमें वर्षो से न तो कोई चुनाव होता है और न ही कोई गतिविधि होती है. लेकिन चुनाव के समय मात्र एक पैड पर मताधिकार के लिए पदाधिकारियों की सूची जिला चैंबर को भेज दी जाती है. इस मामले में जिला चैंबर के पदाधिकारीगण वोट के लालच में इन फर्जी कमेटियों की अनियमितताओं को नजर अंदाज कर कमेटी को मताधिकार के लिए अनुशंसा कर देते हैं. कुछ मामले ऐसा भी है जिसमें जिला चुनाव के प्रत्याशियों द्वारा फर्जी कमेटियों का शुल्क भी अपनी जेब से भर दिया जाता है.

फूसबंगला चैंबर के विवाद ने बढ़ाया चुनाव का पारा

धनबाद के व्यापारियों का संगठन फेडरेशन ऑफ जिला चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज में वर्ष 2024-26 का चुनाव आमामी 22 अगस्त को होना तय हुआ है. इस चुनाव में वोटिंग के लिए सदस्यता सूची का आवेदन लिया गया तो फूसबंगला चैंबर से दो आवेदन चुनाव पदाधिकारियों के पास पंहुचे थे. एक गुट में इरफान खान अध्यक्ष, शुभाशीष रॉय सचिव व शेख असलम कोषाध्यक्ष है, जबकि दूसरे गुट में अवधेश मिश्रा अध्यक्ष, अरविंद कुमार सचिव और मोहम्मद वसीम कोषाध्यक्ष हैं. इसमें अवधेश मिश्रा अपने को वर्ष 2014 से ही अपने को फूसबंगला चैंबर का अध्यक्ष बता रहे हैं, साथ ही यह आरोप लगा रहे हैं कि इरफान खान और शुभाशीष रॉय गुट ने अवैध रूप से फुसबंगला चैंबर को हैक कर लिया है. जबकि इस मामले में दूसरे गुट के इरफान खान का कहना है कि अवधेश मिश्रा की टीम ने 2014 में फुसबंगला चैंबर के गठन के बाद आगे की सत्र के लिए न तो कोई चुनाव किया और न ही कोई आम सभा कर पुरानी कमेटी का एक्सटेंशन लिया है. यही नहीं अवधेश मिश्रा चैंबर की सदस्यता शुल्क भी नहीं देते.

इस अधार पर उनका अध्यक्ष होना तो दूर की बात वे साधारण सदस्य भी नहीं हैं. इसे देखते हुए आम सभा बुलाकर पुरानी कमेटी को भंग करते हुए दो माह के अंदर फुसबगंला चैंबर में चुनाव कराने का निर्णय लिया गया है. यह सब काम बाकायदा आम सभा में मौजूद सदस्यों के बीच मिनिट्स बुक में दर्ज कर की गई है. पुरानी कमेटी के पदाधिकारियों को भी बुलाया गया था लेकिन वे नहीं आए. इसलिए हमारी कमेटी को किसी भी रूप से अवैध नहीं कहा जा सकता. इस विवाद के कारण जिला चैंबर के लोग दो गुटों में बंट गए हैं. एक गुट का कहना है कि जब इरफान खान की गुट का सारे दस्तावेज सही हैं तो फिर अवधेश मिश्रा के गुट को मान्यता देना किसी हालत पर उचित नहीं है. कहा जा रहा है कि इरफान खान की गुट के मिनिट्स बुक में 2015 से आज तक की हर कार्यवाही नियमानुसार दर्ज है. जिला चैंबर की सदस्यता शुल्क भी यही लोग जमा करते हैं. जबकि अवधेश मिश्रा वाली दूसरे गुट द्वारा न तो खाताबही का संचालन करती है और न ही जिला का शुल्क जमा करती है.

इस आधार पर दूसरे गुट को मान्यता देना कहीं से भी उचित नहीं है लेकिन जिला चैंबर के एक पदाधिकारी द्वारा इन सारी बातों को नकराते हुए दूसरे गुट को मताधिकार के लिए अनुशंसा कर दिया गया. चुनाव के दौरान ऐसे निर्णय से विवाद खड़ा हो गया.

आरएसएस ने मनाया सेवा बस्ती में रक्षाबंधन

संवाददाता। धनबाद

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) संपर्क विभाग युवा श्रेणी धनबाद महानगर की ओर से सोमवार को रक्षाबंधन का त्योहार विवेकानंद सेवा बस्ती में मनाया गया. इस दौरान वनवासी समाज के बच्चों की कलाइयों पर स्वयं सेवकों ने रक्षा सूत्र बांधकर उनके सुखी-समृद्धि की कामना की. साथ ही सेवा बस्ती के बच्चों के बीच शिक्षण सामग्रियों का भी वितरण किया गया. बता दें कि रक्षाबंधन आरएसएस द्वारा मनाए जाने वाले 6 प्रमुख पर्वों में एक है. मौके पर संस्कार कश्यप, रेणु गुप्ता, रोहित भारती, जयेश तिवारी, सुप्रियो पॉल, तुषार कश्यप समेत आरएसएस के अन्य स्वयं सेवक उपस्थित थे.

छात्राओं ने छात्रों के कलाइयों पर बांधी राखी

चिरकुंडा। एलिट पब्लिक स्कूल चिरकुंडा में रक्षाबंधन का पर्व धूमधाम से मनाया गया. इस अवसर पर कक्षा नर्सरी,एलकेजी व यूकेजी के छात्राओं ने छात्रों के कलाइयों पर राखी बांधी. छात्रों ने अपनी बहनों को आकर्षक उपहार दिए. इस अवसर पर बच्चों ने रंगारंग सांस्कृतिक प्रस्तुत किए. नृत्य, संगीत, कविता पाठ और नाटक का मंचन किया गया. स्कूल के प्राचार्य इरफान खान ने सभी बच्चों को बधाई देते हुए कहा कि यह पर्व भाई व बहन के पवित्र संबंध व स्नेह का प्रतीक है.

रानीबांध सड़क पर जलजमाव से लोग परेशान, सत्याग्रह की चेतावनी

खास बातें

- नगर आयुक्त से मिले विधायक राज सिन्हा

संवाददाता। धनबाद

धैया स्थित रानीबांध तालाब के सामने मंडल बस्ती की ओर जाने वाली सड़क पर जलजमाव से लोग परेशान हैं. सोमवार को धनबाद विधायक राज सिन्हा के नेतृत्व में एक प्रतिनिधिमंडल ने नगर आयुक्त, उपनगर आयुक्त और अभियंता से मुलाकात कर जलजमाव से निजात दिलाने की मांग की. मुलाकात के बाद राज सिन्हा ने कहा कि पिछले 11 अगस्त को मंडल बस्ती के लोगों ने जलजमाव से निजात नहीं दिलाने पर जल सत्याग्रह करने की घोषणा की थी. जलजमाव की स्थिति से उपायुक्त को भी अवगत कराया गया था. पिछले दो साल से इसका कोई स्थाई समाधान नहीं किया गया है. बीती रात मंडल बस्ती के लोगों के साथ जलजमाव को लेकर चर्चा हुई थी. नगर आयुक्त एवं अन्य पदाधिकारियों से मुलाकात कर समस्या का समाधान नहीं किए जाने पर सत्याग्रह की चेतावनी दी गई है. सत्याग्रह जलजमाव वाले जगह पर ही किया जाएगा. विधायक ने कहा कि इसके अलावा मनईटांड़ गोल बिल्डिंग से छठ तालाब की ओर जाने वाली सड़क और पार्क मार्केट सड़क समेत अन्य विकास योजनाओं पर भी नगर आयुक्त से चर्चा हुई. दुर्गा पूजा को देखते हुए पार्क मार्केट की सड़क निर्माण कार्य 15 दिनों के अंदर शुरू नहीं होने पर हीरापुर में स्वामी विवेकानंद की प्रतिमा के समीप अनशन किया जाएगा. मौके पर भाजपा बरटांड़ मंडल के अध्यक्ष किशोर मंडल, रंजम हलदार, राजेश मंडल, मनोज मालाकार, मंजीत सिंह समेत अन्य लोग उपस्थित थे.

सीएम आवास घेराव को लेकर बैठक

बरवाअड्डा। मुख्यमंत्री आवास घेराव कार्यक्रम को लेकर सोमवार को भाजपा बरवाअड्डा मंडल अध्यक्ष सुजीत चौधरी की अध्यक्षता में एक बैठक बरवाअड्डा क्षेत्र के जोड़ा पीपल में हुई. बैठक में मुख्य रूप से जिला उपाध्यक्ष राजेश एवं प्रदेश भाजपा युवा मोर्चा, शक्ति केन्द्र संयोजक सह संयोजक तथा बूथ अध्यक्ष मंडल महामंत्री अशोक मंडल शामिल थे. बैठक को संबोधित करते हुए कार्यक्रम प्रभारी भाजपा जिला उपाध्यक्ष राजेश चौधरी ने कहा कि आगामी 23 अगस्त को युवा मोर्चा के नेतृत्व में युवा विरोधी सरकार की वादाखिलाफी, महिलाओं पर हो रहे लगातार अत्याचार, किसान विरोधी नीति सहित जनविरोधी नीतियों के खिलाफ को लेकर रांची स्थित मुख्यमंत्री आवास का प्रदेशव्यापी घेराव को सफल बनाने की अपील की. बैठक में जिला कार्यसमिति सदस्य अरुण राजवंशी, आशुतोष सिंह, उकेशवर पाण्डेय, समेत दर्जनों कार्यकर्ता कार्यकर्ता उपस्थित थे.

तेतियाबांध तालाब के जीर्णोद्धार को लेकर ग्रामीणों का प्रदर्शन

संवाददाता। कतरास

हिंदुस्तानी नागरिक गण के बैनर तले कतरास बाजार के आमटांड़ स्थित तेतियाबांध तालाब के जीर्णोद्धार व सौंदर्यीकरण की मांग को लेकर ग्रामीणों ने सोमवार को प्रदर्शन किया. इस दौरान नगर आयुक्त व कतरास अंचल प्रबंधक के खिलाफ नारेबाजी की गई. प्रदर्शनकारियों ने बताया कि तालाब के जीर्णोद्धार व सौंदर्यीकरण की मांग करीब दो वर्षों से की जा रही है. भगत सिंह चौक पर 10 व 11 मई 2023 को दो दिवसीय निर्जला उपवास किया गया था. जिसके बाद बाघमारा अंचल के तत्कालीन सीओ द्वारा शीघ्र तालाब के जीर्णोद्धार कराने का आश्वासन देकर आंदोलन स्थगित कराया गया था. हमलोगों ने तालाब की 10 फिट खुदाई कर उसके अंदर पड़े गाद को हटवाने की मांग की थी. इस संबंध में नगर आयुक्त व बाघमारा अंचलाधिकारी को जानकारी दी जा चुकी है. तालाब में नालियों का गंदा पानी आने से बदबू आती है. जिससे आस पड़ोस के लोगों का जीना दूभर हो गया है. बरसात के मौसम में पानी ठीक से बाहर नहीं निकल पाता है. हमलोग चाहते हैं कि तालाब का जीर्णोद्धार व सौंदर्यीकरण हो. अगर शीघ्र इस दिशा में पहल नहीं किया गया तो हमलोग आंदोलन करने को विवश होंगे। वक्ताओं ने कहा कि इस संबंध में शीघ्र नगर आयुक्त व बाघमारा अंचलाधिकारी को पुनः पत्र दिया जाएगा. मौके पर संतोष कुमार स्वर्णकार, एतबारी राय, अर्जुन चौधरी, दुर्गा तुरी, भोला तुरी, शंकर राय, मंटू सिन्हा, गौतम वर्मा, हराधन राय, जयराम मोदक, अमरेश बाउरी आदि शामिल थे.

आसनसोल

धूमधाम से मनाया गया भाई-बहन का पवित्र त्योहार राखी

खास बातें

- राहगीरों, जनता को पहनाई राखी

संवाददाता। पुरुलिया

काशीपुर के पूर्व विधायक तथा राज्य तृणमूल कांग्रेस कमिटी के सचिव सपन कुमार बेल्थरिया ने सोमवार को सौहार्द का संदेश लेकर राह चलते लोगों को राखी बांधी और मुंह मीठा कराते हुए काशीपुर क्षेत्र में धूम-धाम से मनाई गई भाई बहनो की पवित्र त्योहार राखी. इस दिन काशीपुर तृणमूल पार्टी कार्यालय से जुलूस निकाला गया जो काशीपुर बाजार की परिक्रमा करते हुए काशीपुर आद्रा चौराहे पर समाप्त हुआ. इस दिन तृणमूल कांग्रेस नेतृत्व ने लोगों को राखी पहनाकर यह दिन मनाया. इस जुलूस में काशीपुर पंचायत समिति की पूर्व अध्यक्ष सुप्रिया बेलथरिया, वर्तमान पंचायत समिति अध्यक्ष कविता नाग समेत अन्य लोग मौजूद थे. राज्य तृणमूल कांग्रेस कमेटी के सचिव स्वपन कुमार बेलथरिया ने आज कार्यक्रम के बाद कहा, "विपक्ष विभाजन पैदा करके बंगाल के लोगों को अलग करने की कोशिश कर रहा है. इसलिए हमने आज और भविष्य में लोगों को सद्भाव का संदेश भेजा है." हम हमेशा लोगों के पक्ष में हैं और रहेंगे."

विधायक पोद्दार ने बहनों को किया सम्मानित

- आदिकर्ण फाउंडेशन की ओर से रक्षाबंधन कार्यक्रम

बराकर। आदिकर्ण फाउंडेशन की ओर से सीतारामपुर स्टेशन स्थित रक्षाबंधन उत्सव कार्यक्रम का आयोजन किया गया. रक्षाबंधन उत्सव कार्यक्रम में कुल्टी के भाजपा विधायक डॉ अजय पोद्दार जी विशेष रूप से उपस्थित थे. रक्षाबंधन कार्यक्रम में100 से अधिक बहनों ने विधायक डॉ अजय पोद्दार को राखी बांधी. वही विधायक ने बहनों को उपहार के रूप में साड़ी मिठाई देकर सम्मान किया. इस अवसर पर विधायक डॉ अजय पोद्दार ने कहा सन्तान धर्म का सबसे पवित्र त्यौहार भाई बहनों का हैं. जहाँ भाई अपनी बहन की सुरक्षा के साथ उसके दु:ख का भाग ख़ुद लेता हैं और सुख का भाग देने का वचन देता हैं.

महिला सिविक वॉलेंटियरों ने पुलिसकर्मियों को बांधी राखी

कुल्टी। पश्चिम बंगाल आसनसोल के नियामतपुर पुलिस फाड़ी मे सोमवार को धूम -धाम से भाई बहनो का पवित्र राखी का त्योहार मनाया गया. इस मौके पर नियामतपुर पुलिस फाड़ी के प्रभारी अखिल मुख़र्जी के अलावा पुलिस फाड़ी के कई अधिकारी और कर्मचारीयों सहित इलाके के पत्रकार उपस्थित थे. जिनको नियामतपुर पुलिस फाड़ी की महिला सिविक वोलेंटियरों ने राखी बाँधा व उनको मिठाइयाँ भी खिलाई. इस शुभ मौके पर पुलिस फाड़ी प्रभारी अखिल मुखर्जी ने कहा राखी का यह पवित्र त्योहार हर भाई बहनो के जीवन मे बहोत बहोत बड़ा मायने रखता है. भाई बहनो के प्रति पवित्र रिश्ता और अटूट विश्वास की उनकी सुरक्षा की उन्होंने कहा पुलिस फाड़ी मे यह त्योहार मनाने का एक ही उपदेशय है की डिउटी के दौरान हमारी बहोत सारी महिला पुलिस अपने घर नही जा पाती ऐसे मे इस पवित्र त्योहार के मौके पर उनको उनकी भाइयों की कमी महसूस ना हो. इस कार्यक्रम को पुलिस फाड़ी मे आयोजित किया गया है.

कुल्टी में सावन के अंतिम सोमवारी पर शिव चर्चा

खास बातें

- महिलाओं ने की पूजा अर्चना

संवाददाता। कुल्टी

सावन की सोमवारी के अवसर पर कुल्टी के विभिन्न शिव मंदिरों में शिव चर्चा का आयोजन किया गया. इस संबंध में बताया जाता है कि सावन माह को शिव भक्त अलग-अलग तरीके से भक्ति भावपूर्वक पूजा अर्चना करके सावन महीने का पालन करते हैं. इसी क्रम में सावन के अंतिम सोमवारी पर कुल्टी स्टेशन के समीप स्थित शिव मंदिर में शिव चर्चा का आयोजन किया गया. जहां आसपास के क्षेत्र के महिलाओं में मंदिर परिसर पहुंचकर भगवान भोलेनाथ की पूजा अर्चना कर शिव चर्चा किया. इस अवसर पर श्रद्धालु महिलाओं में बताया कि शिव चर्चा करने से भगवान भोलेनाथ प्रसन्न होते हैं और सदैव अपने भक्तों पर कृपा बनाए रखते हैं. क्योंकि शिव ही गुरु है इसलिए उनका स्थान प्रधान है. महिलाओं ने कहा कि सभी के मंगल कामना के उद्देश्य से यह शिव चर्चा का आयोजन किया गया है.

शत्रुघ्न सिन्हा ने सुभादर्शनी हॉस्पिटल का किया उद्घाटन

खास बातें

- अब दूसरे राज्यों में जाने की जरूरत नहीं : शत्रुघ्न सिन्हा

संवाददाता। रानीगंज

साउथ एवं कर्नाटक के तर्ज पर रानीगंज के बांसड़ा मोड स्क्वायर बिल्डिंग के पास सुभादर्शनी हॉस्पिटल का उद्घाटन आसनसोल के सांसद एवं फिल्मी अभिनेता शत्रुघ्न सिन्हा ने फीता काटकर किया. उन्होंने कहा कि रानीगंज शहर में एक ऐसा विशाल हॉस्पिटल का निर्माण हो जाने से मरीजों को दूसरे राज्य ईलाज के लिए जाना नही जाना पड़ेगा. जिसका सपना हम लोगों ने देखा था जो आज पूरा हो गया. उन्होंने बताया कि इस अस्पताल के खुलने से आसपास के क्षेत्र एवं झारखंड राज्य से भी मरीज इलाज के लिए यहां आएंगे . उन्होंने अस्पताल के डायरेक्टर के प्रति आभार प्रकट किया. इस अवसर पर आसनसोल नगर निगम के मेयर विधान उपाध्याय ने कहा कि हाईवे में स्थित इस अस्पताल में सभी उपकरण एवं मशीन ब्रांडेड काफी बेहतर क्वालिटी की मंगाई गई है एवं चिकित्सक एवं मेडिकल टेक्निशियन भी भारत के बड़े प्रतिष्ठान से उपलब्ध कराए गए हैं. मरीज का बेहतर से बेहतर इलाज अब इसी शहर में संभव हो सकेगा. जमुरिया के विधायक हरे राम सिंह ने कहा कि इस अस्पताल के खुलने से आसपास के शहरों की लाखों की संख्या में लोगों का जटिल से जटिल रोगों का इलाज यहां हो पाएगा. अड्डा के अध्यक्ष कवि दत्त ने कहा कि आसनसोल के सांसद का सपना आज पूरा हुआ इस विशाल अस्पताल के निर्माण से. उन्होंने कहा कि आने वाले दिनों में आसनसोल में दो मेडिकल कॉलेज की आवश्यकता है राज्य के मुख्यमंत्री के आशीर्वाद से एक दिन जरूर ऐसा आएगा कि आसनसोल में भी मेडिकल कॉलेज का निर्माण होगा.

जनेऊ पूजा कार्यक्रम संपन्न

ब्राह्मणों ने विधिवत पूजा की, वितरित किए जनेऊ

संवाददाता। बराकर

बराकर शहर के चौक बाजार स्थित मारवाड़ी पंचायती ठाकुरबाड़ी में विधिवत जनेऊ पूजा संपन्न हुआ .इस संबंध में उपस्थित ब्राह्मणों ने बताया कि जनेऊ तीन धागों वाला एक सूत्र होता है . जिसे पुरुष अपने बाएं कंधे के ऊपर से दाईं भुजा के नीचे तक पहनते हैं. इसे देवऋण और पितृ ऋण का प्रतीक भी माना जाता है साथ ही इसे सत्व रज और तम गुण का भी प्रतीक माना जाता है. यज्ञोपवित अर्थात जाना के एक-एक तार में तीन-तीन तार होते हैं. यज्ञोपवित के तीन लड में सृष्टि के समस्त पहलुओं में व्याप्त त्रिविध धर्मो की ओर हमारा ध्यान आकर्षित करते हैं . इस तरह जनेऊ नौ तारों से निर्मित होता है . ये नौ तार शरीर के नौ द्वारा एक मुख दो नासिक दो आंख दो कान मल और मूत्र माने गए हैं . इसमें लगाई जाने वाली पांच गांठे ब्रह्म , धर्म , अर्थ , काम , और मोक्ष का प्रतीक मानी गई है . यही कारण है कि जनेऊ को हिंदू धर्म में बहुत ही पवित्र माना गया है. इसकी शुद्धता को बनाए रखने के लिए इसमें कुछ नियमों का पालन आवश्यक होता है. बुरे संस्कारों का नाश करके अच्छे संस्कारों को स्थाई बनाने के लिए यज्ञोपवीत संस्कार किया जाता है. उन्होंने कहा कि मनु महाराज के अनुसार यज्ञोपवित संस्कार हुए बिना द्विज किसी कर्म का अधिकारी नहीं होता. द्विज का अर्थ होता है दूसरा जन्म. ये संस्कार होने के बाद ही बालक को धार्मिक कार्य करने का अधिकार मिलता है . व्यक्ति को यज्ञ करने का अधिकार प्राप्त हो जाना ही यज्ञोपवित है. वही पद्म पुराण के अनुसार करोड़ जन्म में किए हुए पाप यज्ञोपवित धारण करने से नष्ट हो जाते हैं.

हृदय स्वास्थ्य जागरूकता शिविर

संवाददाता। पुरुलिया

पुरुलिया शहर के मरीजों के लिए विशेष अवसर को ध्यान में रखते हुए स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता शिविर का आयोजन कर पुरुलिया के मरीजों के लिए आर्थिक रूप से एक अवसर प्रदान करने की घोषणा की गई. ब्रह्मानंद नारायण अस्पताल, जमशेदपुर ने पुरुलिया के एक होटल में एंजियोप्लास्टी के बाद के रोगियों के लिए एक विशेष बैठक आयोजित करके कार्डियक देखभाल को आगे बढ़ाने और प्रक्रिया के बाद रोगियों का समर्थन करने की अपनी प्रतिबद्धता दोहराई. इस कार्यक्रम का उद्देश्य एंजियोप्लास्टी से गुजरने वाले मरीजों को जुड़ने, अनुभव साझा करने और प्रक्रिया के बाद की देखभाल में अंतर्दृष्टि प्राप्त करने का एक अमूल्य अवसर प्रदान करना था. उपस्थित लोगों को डॉ. अभय कृष्णा, डॉ. अजय अग्रवाल और डॉ. अखलाक अहमद सहित प्रमुख हृदय रोग विशेषज्ञों को सुनने का सौभाग्य प्राप्त हुआ. हृदय रोग विशेषज्ञों के एक पैनल ने एंजियोप्लास्टी प्रक्रियाओं और पोस्ट-ऑपरेटिव देखभाल में नवीनतम प्रगति पर चर्चा की. इंटरैक्टिव सत्र मरीजों को प्रश्न पूछने और उनकी पुनर्प्राप्ति यात्रा साझा करने की अनुमति देते हैं. वरिष्ठ हृदय रोग विशेषज्ञ डॉ. अभय कृष्णा ने जीवनशैली में बदलाव, दवा के पालन और नियमित अनुवर्ती कार्रवाई के महत्व पर जोर दिया. वरिष्ठ हृदय रोग विशेषज्ञ डॉ. अजय अग्रवाल का कहना है कि सफल पुनर्प्राप्ति और भविष्य में हृदय संबंधी घटनाओं के जोखिम को कम करने के लिए डॉक्टर के दिशानिर्देशों का पालन आवश्यक है. ब्रह्मानंद नारायण अस्पताल के सुविधा निदेशक विनीत राज ने कहा कि हमारा मानना है कि रोगी सहायता और शिक्षा सफल पुनर्प्राप्ति का एक महत्वपूर्ण घटक है. यह बैठक हमारे रोगियों को एंजियोप्लास्टी के बाद स्वस्थ जीवन जीने के लिए आवश्यक ज्ञान और संसाधनों के साथ सशक्त बनाने के लिए डिज़ाइन की गई थी. ब्रह्मानंद नारायण अस्पताल नियमित रूप से सूचनात्मक और सहायक सभाओं का आयोजन करता है जो प्रक्रियात्मक देखभाल और समुदाय के महत्व पर प्रकाश डालता है. ये आयोजन व्यापक देखभाल प्रदान करने और एक मजबूत रोगी सहायता नेटवर्क बनाने के लिए अस्पताल के समर्पण को रेखांकित करता है.

राशिफल

आचार्य प्रणव मिश्रा

मेष नया आय के लिए दिन अच्छा है. कोई बड़ा कार्य होगा. नौकरी में पदोन्नति होगी, बेरोजगारी दूर होकर प्रसन्नता बनी रहेगी. निवेश शुभ रहेगा. बाहरी सहयोग से कार्य होगा. नए कार्य की शुरुआत हो सकती है. यात्रा लाभदायक रहेगी.

वृष शेयर बाजार से लाभ का योग है. पिता के स्वास्थ्य पर ध्यान दें. किसी संत से शुभ ज्ञान प्राप्त होगा. पुराने भूले-बिसरे साथियों से मुलाकात होगी. आत्मविश्वास बढ़ता है. व्यवसाय ठीक है. चिंता और तनाव रहेगा.

मिथुन धर्म के प्रति आस्था बढ़ेगी. नौकरी में अधिकार बढ़ सकते हैं. अप्रत्याशित लाभ होगा. बेरोजगारी दूर होगी. कार्य और समय को लेकर सक्रिय रहना होगा. परिवार की चिंता रहेगी. व्यावसायिक यात्रा सफल रहेगी.

कर्क बिना वजह विवाद हो सकता है. इससे बचना होगा. अप्रत्याशित खर्च सामने आएंगे. स्वास्थ्य कमजोर रहेगा. कार्य में बाधा होगी. धन और कीर्ति की हानि हो सकती है. जोखिम व जमानत के कार्य टालें. कीमती वस्तुएं संभालकर रखें.

सिंह जीवनसाथी के साथ कोई यात्रा का योग बन सकता है. काम में मन लगेगा. वरिष्ठजनों का सहयोग प्राप्त होगा. कार्यक्षेत्र में उन्नति होगी. यात्रा, निवेश व नौकरी मनोनुकूल रहेंगे. फालतू बातों पर ध्यान न दें. घर-बाहर प्रसन्नता रहेगी.

कन्या मान-सम्मान में वृद्धि होगी. बेरोजगारी दूर होगी. नेत्र व मस्तिष्क दर्द हो सकता है. व्यावसायिक कठिनाई दूर होगी. चिंता कम रहेगी. प्रसन्नता बनी रहेगी. कार्य में लगन बढ़ेगा. गणेश जी पर दूब हल्दी अर्पण करें.

तुला समय सामान्य है. आवश्यक वस्तु गुम हो सकती है. अपनों से सहयोग नहीं मिलेगा. चिंता रहेगी. विस्तार कार्यों में देरी हो सकती है. हिम्मत रखो. नकारात्मकता बढ़ेगी. आपके कार्य और प्रभाव से व्यवसाय ठीक है.

वृश्चिक किसी से विवाद और उससे मानहानि का संभावना है. कोर्ट कचहरी में सफलता हासिल होगी. परिवार में आनंदोत्सव हो सकता है. कुछ दिक्कतों के साथ लाभ में वृद्धि होगी. प्रसन्नता में वृद्धि होगी. निवेश शुभ रहेगा.

धनु उन्नति के प्रयास कोमल रहेंगे. रोजगार में वृद्धि होगी. धन प्राप्ति सुगम होगी. भूमि और भवन संबंधी बाधा दूर होगी. यात्रा, निवेश और नौकरी मनोनुकूल लाभ होगा. विरोधी अनुकूल रहते हैं. उनकी तोपें घोंम रहेंगी.

मकर मित्र व संबंधियों से लाभ होगा. कोर्ट कचहरी के काम निबटेंगे. निवेश शुभ रहेगा. यात्रा से लाभ होगा. नौकरी में प्रमोशन मिल सकता है. प्रसन्नता में वृद्धि होगी. जोखिम व जमानत के कार्य टालें. थकान रहेगी.

कुंभ रोजगार प्राप्ति के प्रयास सफल रहेंगे. आय में वृद्धि होगी. निवेश शुभ रहेगा. यात्रा अनुकूल रहेगी. बेचैनी रहेगी. अपनों से संबंध बिगड़ सकते हैं. वाणी पर नियंत्रण रखें. कोई नया कार्य होगा जिसका लाभ होगा.

मीन आय के लिए किया गया प्रयास सफल होगा. पार्टी व पिकनिक का आनंद मिलेगा. नौकरी में काम का दबाव अधिक हो सकता है. आय में वृद्धि होगी. परहित के काम करने का मौका मिल सकता है. मंदिर में अन्न का दान करें.

मनोज अग्रवाल राजद की प्रदेश कार्यसमिति के सदस्य मनोनीत

रांची । झारखंड प्रदेश राष्ट्रीय जनता दल के प्रदेश अध्यक्ष संजय कुमार सिंह यादव ने लालपुर निवासी स्व. सत्य नारायण अग्रवाल के पुत्र मनोज अग्रवाल को अगले आदेश तक झारखंड प्रदेश राज्य कार्य समिति का सदस्य मनोनीत किया है. मनोज अग्रवाल के मनोनयन पर प्रदेश महासचिव आबिद अली, प्रणय कुमार, संतोष कुमार, शब्बर फातमी, शहबाज अहमद, अर्जुन यादव आदि ने बधाई दी है.

आज से राज्य के सरकारी चिकित्सक बायोमीट्रिक अटेंडेंस का करेंगे बहिष्कार

रांची। राजधानी रांची के आइएमए भवन में आईएमए और जेएसएचएसए की आकस्मिक बैठक हुई. इसमें सर्वसम्मति से यह निर्णय लिया गया कि मांगों को नहीं माने जाने की स्थिति में 20 अगस्त से राज्य के सभी सरकारी चिकित्सक बायोमीट्रिक अटेंडेंस का बहिष्कार करेंगे. डॉक्टरों ने कहा कि अपनी ड्यूटी पूरी निष्ठा व ईमानदारी से करेंगे. अपनी उपस्थिति ऑफलाइन उपस्थिति पंजी में दर्ज करेंगे. लेकिन ऑनलाइन बायोमीट्रिक अटेंडेंस नहीं बनाएंगे. इससे संबंधित ज्ञापन स्वास्थ्य विभाग के प्रधान सचिव को 16 अगस्त को सौंपा जा चुका है. इसी के आलोक में 20 अगस्त से झारखंड राज्य के सभी सरकारी चिकित्सक अपनी ड्यूटी पूर्ण निष्ठा व ईमानदारी से करेंगे. अपनी उपस्थिति ऑफलाइन उपस्थिति पंजी में दर्ज करेंगे.

मना करने के बावजूद खतरे के निशान को किया पार, छूकर निकल गयी मौत,जेटीडीसी के कर्मियों ने दिखाई हिम्मत

लोध फॉल घुमने आये बालूमाथ के दो पर्यटक डूबने से बचाये गये

लोध फॉल में फंसे युवकों को निकालते जेटीडीसी के कर्मचारी.

आशिष टैगौर। लातेहार

झारखंड का सबसे ऊंचा जल प्रपात लातेहार के महुआडांड़ में है. इसे लोध फॉल के नाम से जाना जाता है. हालांकि बूढ़ा नदी से निकलने के कारण इसे बूढ़ा घाघ भी कहते हैं. इन दिनों हो रही लगातार बारिश के कारण यह पूरे उफान पर है. अभी इसकी सुंदरता देखते ही बन रही है. इसका सौंदर्य बारिश ने बढ़ा दिया है. यही कारण है कि यहां इस मौसम में काफी संख्या में पर्यटक आ रहे हैं. रविवार को भी यहां काफी संख्या में पर्यटक आये और लोध फॉल का नजारा किया. लेकिन इनमें से दो पर्यटक मना करने के बावजूद भी खतरे के निशान से आगे निकल गये और बाढ़ में फंस गये. इनकी पहचान बालूमाथ प्रखंड निवासियों के रूप में की गयी है. दरअसल रविवार की शाम तकरीबन साढ़े चार बजे के आसपास के दो युवक जलप्रपात के झरने के नजदीक तक पहुंच गए. झारखंड टूरिज्म डेवलमेंट कॉरपोनेशन लिमिटेड (जेटीडीसी) के कर्मियों ने उन्हें आगे जाने से मना किया. बावजूद इसके दोनों युवक आगे बढ़ गए. तभी अचानक झरने के पास बाढ़ आ गयी और दोनों युवक झरने के पानी के तेज बहाव के बीच फंस गये. अपनी जान बचाने के लिए वे एक बड़े पत्थर पर चढ़ गए. काफी देर इंतजार करने के बाद भी पानी का बहाव कम नहीं हुआ.

जेटीडीसी कर्मियों ने बचायी दोनों की जान

जब इसकी जानकारी जेटीडीसी के कर्मियों को लगी तो वे मौके पर पहुंचे. जेटीडीसी कर्मी मनोज मिंज, दिलीप तिर्की, एडवर्ड तिर्की, अशोक तिर्की मौके पर पहुंचे और काफी मशक्कत के बाद उन दोनों युवकों को सुरक्षित बाहर निकाला. बता दें कि बारिश के दिनों में लोध जलप्रपात की खूबसूरती पूरे शबाब पर रहती है. प्रति दिन हजारों पर्यटक यहां आते हैं. लेकिन कई पर्यटक ऐसे भी होते हैं तो सुरक्षा कर्मियों की बात नहीं सुनते हैं और अपनी जान जोखिम में डाल कर लोगों को परेशान करते हैं. सुरक्षा कर्मियों ने यहां नियमों का पालन करने की अपील पर्यटकों से की है.

सभी राजनीतिक दलों की ट्राइबल वोट बैंक पर है नजर

झारखंड की राजनीति में पासा पर पासा फेंका जा रहा

- भाजपा में तीन पूर्व ट्राइबल सीएम, चौथे के आने की तैयारी

प्रमुख संवाददाता। रांची

झारखंड में विधानसभा चुनाव से पहले पासा पर पासा फेंका जा रहा है. पूर्व सीएम चंपाई सोरेन के फैसले पर सबकी नजरें टिकी हुई हैं. इसकी सबसे बड़ी वजह ट्राइबल वोट बैंक है. वैसे तो भाजपा में तीन पूर्व सीएम अर्जुन मुंडा, बाबूलाल मरांडी और मधु कोड़ा ट्राइबल ही हैं. अब राजनीतिक गलियारों में चर्चा यह है कि भाजपा पूर्व सीएम चंपाई सोरेन के जरिये कोल्हान में ट्राइबल वोट बैंक में सेंधमारी करना चाहती है. भाजपा को झामुमो से मुकाबला करने के लिए बड़े ट्राइबल लीडर की जरूरत है. चंपाई सोरेन जिस कोल्हान इलाके से आते हैं, उस क्षेत्र में विधानसभा की 14 सीटें हैं. चंपाई सोरेन सात बार के विधायक भी हैं. राजनीतिक गलियारों में इस बात की भी चर्चा तेज है कि हेमंत सोरेन के लिए चंपाई सोरेन बहुत बड़ी बाधा नहीं बनने जा रहे हैं.

विधानसभा की 28 सीटें ट्राइबल के लिए हैं आरक्षित : झारखंड की कुल विधानसभा सीटों में से 28 सीटें ट्राइबल के लिए आरक्षित हैं. पिछले विधानसभा चुनाव में कोल्हान और संताल परगना की सभी ट्राइबल सीटों पर भाजपा को हार का सामना करना पड़ा था. वहीं दक्षिणी छोटानागपुर प्रमंडल में भाजपा को सिर्फ दो सीटों पर ही जीत मिली थी. लोकसभा चुनाव में भी ट्राइबल सीटें इंडी गठबंधन के खाते में गईं थीं. इस कारण भाजपा ट्राइबल वोट बैंक पर सेंधमारी करने में कोई कोर कसर नहीं छोड़ना चाहती है.

चंपाई ने सिर्फ तोड़ी है चुप्पी

हालांकि चंपाई सोरेन ने अभी सिर्फ चुप्पी तोड़ी है. पिक्चर क्लीयर नहीं हुआ है. लगभग डेढ़ महीने बाद चंपाई सोरेन का गुस्सा फूटा है. सिर्फ अपने कार्यकाल के आखिरी दिनों के घटनाक्रम को लेकर अपनी पीड़ा का इजहार किया है. चंपाई सोरेन के ताजा रुख को लेकर हेमंत सोरेन की भी राय आ चुकी है. लेकिन अभी तक चंपाई सोरेन ने अपने अगले कदम के बारे में नहीं बताया है.

तीन पूर्व सीएम कोल्हान में करते रहे हैं राजनीति

इससे पहले तीन पूर्व सीएम कोल्हान में राजनीति करते हैं. जिसमें पूर्व सीएम रघुवर दास, अर्जुन मुंडा और मधु कोड़ा शामिल हैं .एक दौर ऐसा भी था, जब मधु कोड़ा अकेले दम पर सीएम बन गए थे. चंपाई सोरेन भी कोल्हान से ही आते हैं. वे उस ईलाके के चौथे ऐसे नेता हैं, जिन्होंने सीएम की कुर्सी संभाली थी.

झामुमो ने भी कसा है तंज

झामुमो ने भी सोशल मीडिया पर तंज कसा है. लिखा है कि झारखंड भाजपा में पूर्व मुख्यमंत्रियों की भरमार है. पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी, पूर्व मुख्यमंत्री अर्जुन मुंडा, पूर्व मुख्यमंत्री मधु कोड़ा जी (पिछले रास्ते से दल में), पूर्व मुख्यमंत्री रघुवर दास और उसके ऊपर सुपर सीएम हैं ही, हिमंता बिस्वा सरमा जी. अब लग रहा है कि एक- दो और पूर्व को गवर्नर बना राज्य निकाला दिया जाएगा.

वीरता पदक पानेवाले झारखंड के 49 पुलिसकर्मियों को मिली प्रोन्नति

संवाददाता। रांची

वीरता पदक पाने वाले झारखंड के 49 पुलिसकर्मियों को प्रोन्नति मिली है. इसे लेकर डीजीपी अनुराग गुप्ता की अध्यक्षता में 16 अगस्त को झारखंड पुलिस मुख्यालय में बैठक हुई थी. इसमें राष्ट्रपति पुलिस पदक और पुलिस पदक से सम्मानित पुलिसकर्मियों और पदाधिकारियों को प्रोन्नति देने की अनुमति दी गयी थी. इनमें सत्येंद्र प्रसाद को डीएसपी रैंक में प्रोन्नति दी गयी है.

एसआई से इंस्पेक्टर रैंक में मिली प्रोन्नति : अजय ठाकुर, पंकज कुमार, सुबोध लकड़ा, आलोक कुमार दुबे, जॉन मुर्मू, अरुण कुमार, सनोज कुमार, प्रकाश कुमार, रजक और हरि प्रसाद सिंह.

इन सब इंस्पेक्टरों को मिली प्रोन्नति : सुबोध लकड़ा, बिहारी मरांडी, प्रकाश रजक.

इन एएसआई और सिपाही को मिली प्रोन्नति

सिपाही ब्रजेश लेप्चा, सिपाही सेम टोपनो, सिपाही राजू सोय, एएसआई अवधेश झा, सिपाही अनुज कुमार, सिपाही जयप्रकाश सिंह, सिपाही सचिंद्र कुमार, चालक मदन प्रसाद, सिपाही रंजीत कुमार, सिपाही बलराम दास, सिपाही प्रमोद यादव, , हवलदार राधे श्याम प्रसाद, सिपाही रितुल कुमार, सिपाही रिंकू कुमार, सिपाही जीवन किस्पोट्टा, एएसआई अभिशेष कुमार, सिपाही मनीष रजवार, सिपाही अनोज कुमार, सिपाही नरेश तिग्गा, सिपाही इंद्रजीत तिवारी, सिपाही श्यामनंद प्रसाद, सिपाही छोटू यादव, सिपाही मिथुन कुमार, सिपाही मनोज कुमार, सिपाही हेमंत कुमार, सिपाही अजीत कुमार, सिपाही संजीव कुमार, हवलदार जुरेंद्र सोय, सिपाही शशिरंजन कुमार, सिपाही राजेश साहू, सिपाही तसादुक अंसारी, सिपाही रोहित रजक, सिपाही हीरालाल ठाकुर और सिपाही अनिरुद्ध ओझा.

बाइक सवार टकराया पेड़ से, एक की मौत

बालूमाथ (लातेहार) । बालूमाथ चतरा मुख्य मार्ग में बरछिया पुल के समीप पेड़ से मोटरसाइकिल की टक्कर हो जाने से उसमे सवार बारीबान्ध निवासी रामकेश उराँव की मौत हो गई. जबकि एक अन्य मोटरसाइकल सवार बबलू उराँव गंभीर रूप से घायल हो गया. घटना के संबंध में बताया जाता है कि दोनों व्यक्ति आपस मे साढू थे. दोनों अपने ससुराल रोनहे से बाइक में सवार होकर डुमरा बारियातू वापस लौट रहे थे. मोटरसाइकल की तेज रफ्तार होने से बाइक चालक मोटरसाइकल से नियंत्रण खो दिया और बरछिया पुल से टकरा गया. टक्कर इतनी जबरदस्त थीं कि बारीबान्ध निवासी रनथु उराँव के पुत्र रामकेश उराँव गंभीर रूप से घायल हो गया.

जेबीकेएसएस-जेएलकेएम प्रखंड कमेटी का विस्तार होगा

संवाददाता। कुंदा (चतरा)

झारखंडी भाषा खतियान संघर्ष समिति (जेबीकेएसएस)/झारखंड लोकतांत्रिक क्रांतिकारी मोर्चा (जेएलकेएम) के चतरा जिला अंतर्गत विभिन्न प्रखंडों में कमेटी विस्तार का कार्य 20 से 22 अगस्त तक किया जाना है. इसका उद्देश्य संगठन के ढांचे को मजबूत करना और जनसरोकारों को अधिक प्रभावी ढंग से आगे बढ़ाना है. कमिटी विस्तार को लेकर नगर जिलाध्यक्ष सुनील महतो एवं ग्रामीण जिलाध्यक्ष कैलाश कुमार महतो द्वारा विभिन्न प्रखंडो में कमिटी विस्तार को लेकर पदाधिकारियों एवं सक्रिय सदस्यों की अलग-अलग प्रखंडो के लिए टीम गठित की गई है. इसकी जानकारी चतरा विधानसभा के भावी प्रत्याशी अशोक भारती ने देते हुए बताया कि विधानसभा का चुनाव महज कुछ महीनों में होनी हैं. ऐसे में मजबूत कमिटी का विस्तार कर जयराम महतो के विचारों को झारखंड के सभी जन तक पहुंचाना है व विधानसभा चुनाव में बेहतर प्रदर्शन कर एक आंदोलनकारी पार्टी की जीत दिलाने और झारखंड के नये विकल्प के तौर पर बनी पार्टी झारखंड लोकतांत्रिक क्रांतिकारी पार्टी के सुप्रीमो के हाथों को मजबूत कर झारखंड को एक नई दिशा में ले जाने कर प्रयास करेंगे.

भद्रकाली मंदिर में उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड़

संवाददाता। इटखोरी (चतरा)

सोमवार को सावन पूर्णिमा के पावन अवसर पर इटखोरी प्रखंड मुख्यालय स्थित माता भद्रकाली मंदिर में पूजा अर्चना के लिए श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ी. अहले सुबह से श्रद्धालुओं के मंदिर पहुंचने का सिलसिला प्रारंभ हुआ, जो शाम तक जारी रहा. श्रद्धालु माता भद्रकाली की पूजा-अर्चना करने के पश्चात मंदिर परिसर स्थित शहस्त्र शिवलिंग 1008 महादेव मंदिर में जलाभिषेक किया. इस दौरान श्रद्धालुओं ने परिसर स्थित पंचमुखी हनुमान मंदिर, कौठेश्वर नाथ मंदिर, राम जानकी, शनिदेव मंदिर, छोटा हनुमान मंदिर, सुफल नाथ मंदिर समेत अन्य देवालयों में भी पूजा-अर्चना की. इस अवसर पर झारखंड के अलावा बिहार व बंगाल से भी श्रद्धालु माता के दरबार में पहुंच कर पूजा अर्चना के साथ अन्न दान किया. वहीं भीड़ ज्यादा होने के कारण प्रशासन ने विधि व्यवस्था बनाये रखने के लिए श्रद्धालुओं को कतारबद्ध करवा कर मंदिर में प्रवेश करवाया.

भद्रकाली मंदिर

महादेव मठ में जलाभिषेक करने को उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड़

कुंदा (चतरा)। सावन के अंतिम सोमवारी व श्रावण पूर्णिमा पर कुंदा प्रखंड अंतर्गत ऐतिहासिक तीर्थ स्थल महादेव मठ में श्रद्धालुओं ने भगवान शिव का जलाभिषेक किया. श्रद्धालुओं ने भगवान शिव की पूजा-अर्चना की और जलाभिषेक कर अपनी मनोकामनाएं पूरी करने की प्रार्थना की. महादेव मठ की बड़ी विशेषता है की यह तीनों ओर से पहाड़ों से घिरा हुआ है और नीचे से झरना बहता है, जो इसकी प्राकृतिक सुंदरता में चार चांद लगाता है, जो यहां पहुंचने वाले पर्यटकों एवं श्रद्धालुओं के लिए आकर्षण का केंद्र होता है. महादेव मठ के पुजारी ने बताया कि सावन व फाल्गुन के महीने में यहां श्रद्धालुओं की भीड़ बढ़ जाती है, क्योंकि लोग भगवान शिव का आशीर्वाद प्राप्त करने के लिए यहां विशेष रूप से आते हैं. महादेव मठ की प्राकृतिक सुंदरता और आध्यात्मिक महत्व के कारण यह तीर्थ स्थल पर्यटकों व श्रद्धालुओं के लिए एक आकर्षक स्थल बन गया है. वहीं सावन पूर्णिमा के अवसर पर तीर्थ स्थल में मठ कमेटी की ओर से हरि कीर्तन के साथ भव्य भंडारे का भी आयोजन किया गया. इस अवसर पर जेतेन्द्र गुप्ता, लवकुश गुप्ता, समेत कई अन्य सदस्यों ने सहयोग किया.

महादेव मठ

पेज एक का शेष

विकल्पों की तलाश में जुटे चंपाई...

गीता को तोड़ कर भाजपा लाई, पर नहीं मिली सफलता : लोकसभा चुनाव से ठीक पहले भाजपा ने कांग्रेस सांसद गीता कोड़ा को अपने खेमे में शामिल कर सिंहभूम से प्रत्याशी भी बनाया, लेकिन गीता हार गयीं. ऐसे में भाजपा की बौखलाहट और बढ़ गयी. पार्टी का प्रदेश से लेकर शीर्ष नेतृत्व तक येन-केन प्रकारेण कोल्हान में अपनी पकड़ मजबूत बनाने को बेचैन हो गया है. भाजपा की निगाहें झामुमो विधायकों पर ही हैं. भाजपा कोल्हान के झामुमो विधायकों के साथ ही साथ संथाल व दक्षिण छोटानागपुर की कुछसीटों से भी झामुमो विधायकों को अपने पाले में लाने की जुगत में तो है, लेकिन खुल कर कुछ बोलती नहीं. वैसे भी लोकसभा चुनाव में सभी पांची एसटी आरक्षित सीटें हारने के बाद भाजपा विस चुनाव में 28 एसटी आरक्षित सीटों पर नजर गड़ाए हुए है. भाजपा की रणनीति झामुमो विधायकों को तोड़ कर सियासी भूचाल लाने की है, लेकिन कितना सफल हो पाती है, यह तो आनेवाला वक्त ही बताएगा. वैसे भी झामुमो विधायकों के पाला बदलने की तैयारी की खबरें सोशल मीडिया पर वायरल हो रही हैं और इसमें एक राष्ट्रीय पार्टी का ही हाथ बताया जा रहा है.

बेटे का राजनीतिक करियर संवारने को ब्याकुल हैं चंपाई : दरअसल पूर्व सीएम चंपाई सोरेन अपने बेटे का राजनीतिक करियर बनाने के लिए भी ब्याकुल हैं. उनकी चाहत है कि खुद सरायकेला सीट से तो लड़े हीं, बेटे को भी घाटशिला या पोटका से चुनाव लड़ाना चाहते हैं. हालांकि खुल कर तो कुछ नहीं बोलते, क्योंकि उन्हें मालूमन है कि दोनों सीटें झामुमो की जीती हुई सीटें हैं, ऐसे में उनके बेटे को झामुमो से मौका मिल पाएगा इसमें संदेह ही है. इसलिए वे तीन विकल्पों की बात कह रहे हैं.

नई पार्टी बनाने की कूबत नहीं, संन्यास तबतक नहीं, जबतक...? : राजनीतिक विश्षेलकों की मानें, तो चंपाई में नई पार्टी बनाकर चुनावी समर में उतरने की कूबत नहीं है. संन्यास तब तक नहीं लेंगे, जबतक कि अपनी राजनीतिक विरासत बेटे को न सौंप दें. ऐसे में उनके लिए तीसरा विकल्प ही ज्यादा आसान लगता है. ऐसे में जिस साथी की बात वे इशारों -इशारों में ही कर रहे हैं, वह भी उन्हें आसानी से लपक ले, ऐसा भी लगता नहीं. वह साथी भी उन्हें पार्टी में लाने के नफा-नुकसान का आकलन करके ही कोई फैसला लेगा.

चंपाई व चंचल की चंचलता

हेमंत के विश्वसनीय तमाम सलाहकार, पार्टी नेताओं और ब्यूरोक्रेट्स को किनारे कर दिया गया और कड़वाहट बढ़ती चली गयी. कई को कई मौके पर अपमानित भी किया गया. खैर, पांच माह बाद हेमंत सोरेन जेल से जमानत पर छूटे. क्या चंपाई सोरेन को यह नहीं पता था कि 2019 में किसके नाम पर वोट मिला था. झामुमो को सबसे अधिक सीटें मिली थी. पता था, वह पद भी छोड़ना चाहते थे, लेकिन 'चंचलता' यहां भी हस्तक्षेप कर गयी. और वह न तो पद छोड़ने को तैयार हुए ना ही कामकाज के तरीकों को बदलने को राजी थे. 'चंचलता' हर जगह हावी रही. यहां तक कि इंडिया गठबंधन की पार्टियां जिस नये कानून का विरोध करती रही है, उसके लागू होने पर स्वागत में अखबारों में पहले पन्ने का विज्ञापन जारी कर दिया गया. संभव है एक राज्य के तौर पर यह सही हो पर पार्टी के तौर पर!

चंपाई सोरेन को इस बात की तकलीफ है कि वह मुख्यमंत्री थे, लेकिन विधायक दल की बैठक की जानकारी उन्हें नहीं थी. शायद वह भूल गये, जब इंडिया गठबंधन के तमाम विधायकों ने हस्ताक्षर कर दिये थे और हेमंत सोरेन ने बिना किसी से पूछे चंपाई सोरेन का नाम कागज पर लिख दिया था. तब कौन सा लोकतांत्रिक तरीके से विधायक दल के नेता का चुनाव हुआ था?

राजनीति | चिराग पासवान और पार्टी के चारों सांसदों का होगा नागरिक अभिनंदन

चिराग 25 को रांची में, विस चुनाव को लेकर बनाएंगे रणनीति

संवाददाता। रांची

लोक जनशक्ति पार्टी (रा.) की झारखंड प्रदेश कमेटी का बैठक प्रदेश अध्यक्ष वीरेंद्र प्रधान की अध्यक्षता में रांची स्थित प्रदेश कार्यालय में संपन्न हुई. बैठक में बताया गया कि 25 अगस्त को पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष सह केंद्रीय फूड प्रोसेसिंग उद्योग मंत्री चिराग पासवान व पार्टी के चारों सांसदों का रांची आगमन हो रहा है. उनके नागरिक अभिनंदन को लेकर विमर्श किया गया.

बताया गया कि झारखंड विधानसभा चुनाव को लेकर मजबूत अगली रणनीति तय करने के लिए झारखंड की राजधानी रांची में आगमन होने जा रहा है, जिसे सफल बनाने हेतु पार्टी के झारखंड प्रदेश के तमाम जिला अध्यक्षों की राय एवं विचार विमर्श के साथ ही तैयारी समिति की गठन की गई. बैठक में पलामू अध्यक्ष सह मजदूर नेता राकेश सिंह शामिल हुए. अपने संबोधन में राकेश सिंह ने कहा कि झारखंड विधानसभा 2024 को मजबूत स्थिति में लड़ने के लिए पार्टी की ओर से जो भी निर्देश प्राप्त होगा, हर संभव हमारे द्वारा पालन किया जाएगा. साथ ही पलामू की पांचों विधानसभा सीट पर पार्टी द्वारा जनसंपर्क अभियान चलाकर उम्मीदवार चयनित किया जाएगा. लोक जनशक्ति पार्टी एकमात्र पार्टी है, जो लोकसभा 2024 चुनाव में 100% अपना परिणाम जनता के जनादेश से प्राप्त किया है. हम सभी मजबूती से पलामू की धरती पर जनमानस के लिए कार्य करेंगे तो निश्चित रूप से जय लोजपा तय लोजपा सुनिश्चित होगा.

राष्ट्रीय अध्यक्ष सह केंद्रीय मंत्री श्री चिराग पासवान एवं पार्टी के चारों संसद के आगमन पर पलामू जिले से सैकड़ो कार्यकर्ता आयोजित कार्यक्रम में भाग लेंगे. बैठक में प्रदेश प्रवक्ता उमेश तिवारी, प्रदेश उपाध्यक्ष रामजी पासवान, उमेश पासवान, संतोष कुमार सिंह सहित पूरे राज्य से सैकड़ो कार्यकर्ता उपस्थित थे.

लोक जनशक्ति पार्टी (रा.) की बैठक में शामिल नेता व कार्यकर्ता.

खास बातें

- झारखंड विधानसभा चुनाव को लेकर हुई बैठक में चर्चा
- पलामू की पांचों विधानसभा सीट पर पार्टी की नजर

गढ़वा में ट्रेन की चपेट में आने से मौत

गढ़वा। सदर थानांतर्गत नवादा गांव निवासी राजूराम का पुत्र 20 वर्षीय संदीप कुमार की मौत ट्रेन की चपेट में आने से हो गई. घटना के संबंध में बताया गया कि संदीप कुछ दिन पहले बाहर से काम कर घर आया था. घर आने के बाद से उसकी मानसिक स्थिति कुछ ठीक नहीं रहता था. वह अपने घर से निकलकर कहीं जा रहा था. उसी दौरान संदीप ट्रेन की चपेट मेंआ गया. जानकारी मिलने के बाद परिजनों ने मौके पर पहुंच शिनाख्त की. उसके बाद पुलिस ने शव को कब्जे में कर पोस्टमार्टम के बाद परिजनों को सौंप दिया. वहीं मौत की खबर सुनकर परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है. जबकि नवादा गांव में भी लोग मृतक को लेकर कई तरह की चर्चा.

फिर कोई निर्भया न बने

सर्वोच्च अदालत ने कोलकाता के मामले की गंभीरता को देखते हुए स्वतःसंज्ञान ले लिया है. उम्मीद की जा सकती है कि महिलाओं के खिलाफ होने वाली यौन हिंसा रूक सकेगी. गंभीरता से विचार करने की जरूरत है कि आखिर देश की कामकाजी महिलाओं की सुरक्षा को ले कर चिंताजनक वातावरण क्यों बन रहा है. सवाल तो यह है कि देश कितनी निर्भयाओं की त्रासदी देखेगा. क्या देश में ऐसा वातावरण तैयार हो सकेगा कि दिन या रात किसी भी समय लड़कियां स्वयं को सुरक्षित महसूस करें. कोलकाता की घटना ने निर्भया त्रासदी की पुनरावृत्ति कर दी है. क्या देश यह संकल्प लेने को तैयार है कि देश के किसी भी कोने में महिलाओं के साथ होने वाली त्रासदी राष्ट्रीय त्रासदी की तरह देखी जाएगी. या फिर सियासी कामयाबी-नाकामयाबी के बीच कोलकाता की निर्भया का मामला भी यूं ही जाया हो जाएगा. जरूरत इस बात की है कि घटना कोलकाता की हो या बिहार की या देश के किसी भी हिस्से की, सबों के स्थायी निदान की दिशा में ठोस, कानूनी और प्रभावशाली पहल की जाए. ऐसा तो नहीं हो सकता कि पहलवान बेटियों को उत्पीड़ित करने वालों को संरक्षण मिले और राजनीतिक लाभ के लिए किसी राज्य की त्रासदी का इस्तेमाल हो. यह एक संजीदा समय है, जिसमें देश की बेटियां इंसाफ की मांग कर रही हैं और इस दिशा में कदम उठाने के लिए केंद्र और सभी राज्य सरकारों के साथ सभी राजनीतिक सामाजिक संगठन ठोस पहल के लिए साथ आएं. कोलकाता को अपने 'निर्भया क्षण' से गुजरना पड़ रहा है. वहां के मशहूर आरजी कर मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल की एक डॉक्टर के साथ बलात्कार और फिर उनकी हत्या के मामले ने सारे देश को झकझोर दिया है. घटना के विरोध में देश भर में डॉक्टरों ने कार्य बहिष्कार कर आक्रोश प्रकट किया. लोगों के भड़के गुस्से के कारण मुख्यमंत्री ममता बनर्जी को अपनी पुलिस को चेतावनी देनी पड़ी है कि हफ्ते भर के अंदर उसने मामला नहीं सुलझाया तो वे जांच सीबीआई को सौंप देंगी. उधर उनके भतीजे और तृणमूल कांग्रेस के प्रमुख नेता अभिषेक बनर्जी ने तो मांग कर दी है कि ऐसे जुर्म में शामिल 'अपराधियों' को 'एनकाउंटर' करने का कानून बनाया जाना चाहिए. उनका 'एनकाउंटर' करने से मतलब शायद यही है कि जिस पर मुजरिम होने का शक हो, उसे सीधे गोली मार दी जाए. भारत में पिछले डेढ़ दशक से बनी राजनीतिक संस्कृति में ऐसी बातें स्वीकार्य हो गई हैं. वरना, इस तरह की सोच कानून के राज के मूलभूत सिद्धांत के विरुद्ध हैं और अक्सर ऐसी बातें प्रशासनिक नाकामी पर परदा डालने के लिए कही जाती हैं.मुद्दा यह है कि अगर कोलकाता में एक महिला डॉक्टर सुरक्षित नहीं है तो क्या उसकी सीधी जिम्मेदारी राज्य सरकार एवं उसके प्रशासन पर नहीं आती है? इस सवाल का सीधा उत्तर देने के बजाय उग्र बातें करना कोई समाधान नहीं हो सकता. गौरतलब है कि आरजी कर मेडिकल कॉलेज पश्चिम बंगाल के सबसे बड़े अस्पतालों में से एक है. 26 एकड़ में फैले इस अस्पताल में मरीजों को भर्ती करने के लिए 1200 बिस्तर हैं, जबकि ओपीडी में औसतन 2500 मरीज रोजाना आते हैं. इसके अलावा इमरजेंसी विभाग में भी एक हज़ार से अधिक मरीज रोज पहुंचते हैं. मगर वहां डॉक्टर तक सुरक्षित नहीं हैं.

> घटना के विरोध में देश भर में डॉक्टरों ने कार्य बहिष्कार कर आक्रोश प्रकट किया. लोगों के भड़के गुस्से के कारण मुख्यमंत्री ममता बनर्जी को अपनी पुलिस को चेतावनी देनी पड़ी है कि हफ्ते भर के अंदर उसने मामला नहीं सुलझाया, तो वे जांच सीबीआई को सौंप देंगी.

सुभाषित

आयुषः क्षण एकोपि सर्वरत्नैर्न लभ्यते।
नीयते तद् वृथा येन प्रमादः सुमहानहो॥

सभी प्रकार के रत्न देने पर भी जीवन का एक क्षण भी वापस नहीं मिलता. ऐसे जीवन के क्षण, जो निरर्थक ही खर्च कर रहे हैं, वे कितनी बड़ी गलती कर रहे हैं. अर्थात् जीवन का एक-एक क्षण बहुत ही महत्वपूर्ण है, जिसका सदुपयोग किया जाना चाहिए.

महिला उत्पीड़न : सवालों के घेरे में नेतृत्व

सत्तारूढ़ भाजपा को महिला सम्मान, नारी सुरक्षा की याद सिर्फ राजस्थान और पश्चिम बंगाल में आती रही, जबकि उसके शासित राज्यों का रिकॉर्ड इन दो राज्यों की तुलना में बहुत–बहुत बदतर रहा. बहुत दूर जाने की जरूरत ही नहीं है, स्वयं पीएम मोदी के संसदीय क्षेत्र वाराणसी में बीएचयू की आईआईटी की छात्रा के साथ किन्हीं और अपराधियों ने नहीं, बल्कि भाजपा की आईटी सेल के तीन पदाधिकारियों ने बलात्कार किया, जिसे पांच राज्यों के विधानसभा चुनाव के मद्देनजर दबा दिया गया.

• देश-काल

रविंद्र पटवाल

उन्होंने कहा था, 'बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ. बेटी पढ़ी, लेकिन बची नहीं.' कोलकाता रेप एंड मर्डर से उठते ये नारे अब पूरे देश में गूंजने लगे हैं. आरजी कर मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल में एक 31 वर्षीय पीजी डॉक्टर की नृशंस हत्या और बलात्कार की घटना पर 17 अगस्त को इंडियन मेडिकल एसोसिएशन (आईएमए) की ओर से राष्ट्रव्यापी बंद का आह्वान कर किया गया. कोलकाता की सड़कों पर पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री, ममता बनर्जी के नेतृत्व में स्वयं सत्तारूढ़ पार्टी और सरकार तक बलात्कारियों और हत्यारों के खिलाफ सड़क पर उतर चुकी है. आलम यह है कि इस जघन्य कांड को सबसे पहले आवाज देने वाले आरजी कर मेडिकल के इंटर्न और एसएफआई छात्र संगठन और सीपीआई(एम) के युवा संगठन डीवाईएफआई ही नहीं, 15 अगस्त को लाल किले से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी तक ने संबोधित किया, जबकि नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी इससे एक दिन पहले ही इस लोमहर्षक घटना पर अपनी तीव्र प्रतिक्रिया व्यक्त कर चुके थे. अब बॉलीवुड के सितारे भी एक-एक कर हुआं-हुआं के स्वर निकालते नजर आ रहे हैं. आईएमए के अध्यक्ष, आरवी अशोकन का चिकित्सकों की हड़ताल के बारे में साफ कहना है, 'इस बार लोगों की संवेदनाएं भिन्न हैं. देश में मेडिकल कर्मियों के सबसे बड़े समूह में करीब चार लाख सदस्य हैं. इस देश में महिलाएं इस व्यवसाय में बहुमत में हैं. हम समय-समय पर उनकी सुरक्षा के लिए मांग करते आये हैं.' जाहिर है, देश के 145 करोड़ की आबादी की स्वास्थ्य सेवाओं पर तगड़ा झटका लगने जा रहा है, जिसे संभालने की जिम्मेदारी अब केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री और प्रधान मंत्री के स्तर तक चली जाती है. असल में, आम भारतीय आज इसी बिंदु पर मंथन कर रहा है, क्योंकि पिछले 10 वर्षों में हम देख चुके हैं कि महिला सम्मान की बात विज्ञापनों में तो खूब हुई, लेकिन जमीन पर असलियत इसके ठीक उलट देखने को मिली है. सत्तारूढ़ भाजपा को महिला सम्मान, नारी सुरक्षा की याद सिर्फ राजस्थान और पश्चिम बंगाल में आती रही, जबकि उसके शासित राज्यों का रिकॉर्ड इन दो राज्यों की तुलना में बहुत-बहुत बदतर रहा. बहुत दूर जाने की जरूरत ही नहीं है, स्वयं पीएम मोदी के संसदीय क्षेत्र वाराणसी में बीएचयू की आईआईटी की छात्रा के साथ किन्हीं और अपराधियों ने नहीं, बल्कि भाजपा की आईटी सेल के तीन पदाधिकारियों ने बलात्कार किया, जिसे पांच राज्यों के विधानसभा चुनाव के मद्देनजर दबा दिया गया. चुनाव खत्म होते ही इन तीनों को गुपचुप तरीके से हिरासत में ले लिया गया और कोई शोर-शराबा या मीडिया में हलचल नहीं देखने को मिली. एनसीआरबी के 2021 के आंकड़ों के मुताबिक, देश में प्रतिदिन 86 बलात्कार की घटनाएं होती हैं. इनमें वे आंकड़े नहीं हैं, जिनकी सामाजिक लोकलाज के भय से पुलिस में रिपोर्टिंग नहीं होती. या गरीब-गुरबा की रिपोर्ट दर्ज नहीं कराई जाती. ऐसा इसलिए, क्योंकि कोलकाता की इस घटना के आसपास ही देश के अन्य राज्यों में भी इसी प्रकार की घटनाएं हुई हैं, लेकिन इस बारे में न तो मीडिया में कोई मुखरता से आवाज उठाई जा रही है और न ही राजनीतिक दलों के लिए ही इन वारदातों को प्रमुखता से उठाया गया है. उदाहरण के लिए, बिहार के मुजफ्फरपुर में नौवीं क्लास की दलित छात्रा की गैंगरेप के बाद हत्या कर दी गई. आरोपियों ने उसके ब्रेस्ट काट दिए. प्राइवेट पार्ट पर भी चाकू से हमला किया. गत सोमवार को उसका शव अर्धनग्न हालत में पोखर में मिला. उसके मुंह पर कपड़ा बंधा था. अगल-बगल मांस के चिथड़े और खून के धब्बे पड़े थे. कोलकाता और बिहार के मुफ्फरपुर के बाद अब आते हैं उत्तराखंड पर, जहां पर 31 जुलाई को रुद्रपुर में एक 33 वर्षीय नर्स के गुमशुदा होने की रिपोर्ट उसकी बहन ने दर्ज करवाई थी. प्राथमिकी के एक सप्ताह बाद, 8 अगस्त को उत्तर प्रदेश के बिलासपुर के डिबडिबा में उक्त नर्स का कंकाल मिला. पोस्ट मॉर्टम में बलात्कार और गला घोंट कर हत्या करने की पुष्टि हुई है. सिर्फ़ बड़े आदमी की झूठी तारीफ़ों के पुल बांधे जाते हैं, ताकि नौकरी मिल जाए. माफ़ कीजिएगा, विपक्षी पार्टियों के लोग भी अगर पीड़ित परिवारों से मिल लेते हैं, तो ये उनके लिए एक हेडलाइन है. सत्ता उन्हें मिलने से रोकती है, तब भी उनके लिए हेडलाइन है. लेकिन फिर भी उन्हें मिलने जाना चाहिए और मिलने देना चाहिए, क्योंकि मैंने देखा है कि 'बड़े' लोगों का सपोर्ट परिवार को बहुत हिम्मत देता है, बहुत सुकून देता है. सरकारों को इस गुस्से को दबाने के बारे में नहीं सोचना चाहिए. अगर समग्रता में देखते हैं, तो हम पाते हैं कि 2014 के बाद से भारतीय समाज अपनी तमाम कमजोरियों के बावजूद, जिस स्तर तक गिरते-पड़ते बना था, उसे बड़े पैमाने पर पितृसत्तात्मक समाज की ओर फिर से धकेल दिया गया है. दक्षिणपंथी राजनीति, सत्ता के केंद्रीयकरण और अल्पसंख्यकों के खिलाफ लक्षित बहुसंख्यकवादी हमले ने एक ऐसी वैचारिकी का तानाबाना बुना, जिसमें एक महिला के लिए आदर्श भारतीय नारी की रुढ़िवादी खांचे में देवी का दर्जा और जरा से विचलन पर कुलटा, चरित्रहीन होने का ठप्पा समाज के तथाकथित ठेकेदारों के हाथ में आ गया. हिन्दुत्ववादी शक्तियों की तूती समाज के दबंगों, माफियाओं को राजनीतिक संश्रय हासिल करने और अपने लिए अभयदान हासिल कर लेने के बाद कमजोर तबकों, अल्पसंख्यकों के साथ-साथ स्त्री वर्ग के अस्तित्व पर भी हमला स्वाभाविक परिणति में तब्दील हो गया.

(ये लेखक के निजी विचार हैं)

• बोधि-वृक्ष | सुज्ञ

अलिप्तता का उदाहरण

अलिप्तता का सबसे बड़े उदाहरण है कमलपत्र. वह पानी में रहता है, लेकिन उसपर पानी का कोई प्रभाव नहीं पड़ता. वह कभी भीगता नहीं, सूखा का सूखा ही रहता है. हमारे शास्त्रों में इसी अलिप्तता की शिक्षा दी जाती है कि सुखभोग के बीच रहकर भी उसमें लिप्त न होओ. मिथिला में एक बड़े ही धर्मात्मा एवं ज्ञानी राजा थे. राजकाज के विभिन्न कार्य और राजमहल के भारी ठाट-बाट के उपरांत भी वे उसमें लिप्त नहीं थे. राजऋषि की यह ख्याति सुनकर एक साधु उनसे मिलने आया. राजा ने साधु का हृदय से स्वागत सम्मान किया और दरबार में आने का कारण पूछा. साधु ने कहा, 'राजन्! सुना है कि इतने बड़े महल में आमोद प्रमोद के साधनों के बीच रहते हुए भी आप इनके सुखोपभोग से अलिप्त रहते हैं, ऐसा कैसे कर पाते है? मैंने वर्षों हिमालय में तपस्या की, अनेक तीर्थों की यात्राएं कीं, फिर भी मन को इतना नहीं साध सका. जबकि संसार के श्रेष्ठतम सुख साधन व समृद्धि के सहज उपलब्ध रहते यह बात आपने कैसे साध ली?' राजा ने उत्तर दिया, 'महात्माजी! आप असमय में आए हैं. यह मेरे काम का समय है. आपके सवाल का जवाब मैं थोड़ी देर बाद ही दे पाउंगा. तब तक आप इस राजमहल का भ्रमण क्यों नहीं कर लेते? आप इस दीये को लेकर पूरा महल देख आइए. एक बात का विशेष ध्यान रखें कि दीया बुझने न पाए, अन्यथा आप रास्ता भटक जाएंगे.' साधु दीया लेकर राजमहल को देखने चल दिए. कई घन्टे बाद जब वे लौटे तो राजा ने मुस्करा कर पूछा, 'कहिए, महात्मन्! मेरा महल कैसा लगा?' साधु बोला, 'राजन्! मैं आपके महल के हर भाग में गया. सब कुछ देखा, किन्तु फिर भी वह अनदेखा रह गया.' राजा ने पूछा, 'क्यों?' साधु ने कहा, 'राजन्! मेरा सारा ध्यान इस दीये पर लगा रहा कि कहीं यह बुझ न जाय!' राजा ने उत्तर दिया, 'महात्माजी! इतना बड़ा राज चलाते हुए मेरे साथ भी यही होता है. मेरा सारा ध्यान अपनी आत्मा पर लगा रहता है. कहीं मेरे आत्मज्ञान की ज्योति मंद न हो जाय. किसी अनुचित कर्म की तमस मुझे घेर न ले, अन्यथा मैं मार्ग से भटक जाउंगा. चलते-फिरते, उठते-बैठते, कार्य करते यह बात स्मृति में रहती है. मेरा ध्यान चेतन रहता है कि सुखोपभोग के प्रलोभन में कहीं मै अपने आत्म को मलीन न कर दूं. इसलिए साक्षी भाव से सारे कर्तव्य निभाते हुए भी संसार के मोहजाल से अलिप्त रह पाता हूं. साधु राजा के चरणों में नत मस्तक हो गया. आज उसे नया ज्ञान प्राप्त हुआ था, आत्मा की सतत जागृति, प्रतिपल स्मृति ही अलिप्त रहने में सहायक है.

बांग्लादेश : राह आसान बनाने की जरूरत

• देशांतर

जगदीश रत्तनानी

प्रो. यूनुस के शुरुआती बयान से यह और भी मुश्किल हो जाता है कि उन्हें इस बात से दुख हुआ कि भारत हसीना के खिलाफ छात्रों के विरोध प्रदर्शन का समर्थन नहीं कर रहा है और इसे बांग्लादेश का आंतरिक मामला बता रहा है. प्रो. यूनुस ने आगे कहा- 'अगर भाई के घर में आग लगी है तो मैं कैसे कह सकता हूं कि यह आंतरिक मामला है...' यह संभवतः एक स्पष्ट और गैर-राजनीतिक आक्रोश था, जो कूटनीतिक सीमाओं से परे था और अंतरिम सरकार के प्रमुख के रूप में उनके कार्यभार संभालने से पहले आया था. अब जब वे सत्ता में हैं, तो प्रो. यूनुस समझेंगे कि किसी अन्य देश के आंतरिक मामलों पर टिप्पणी करना कूटनीतिक रूप से खतरनाक है. बांग्लादेश में धार्मिक अल्पसंख्यकों पर हमले और उनके द्वारा लाई गई असुरक्षाएं मामले को और भी जटिल बनाती हैं. फिर भी यह सब अतीत की बातें हैं और यह तथ्य कि प्रो. यूनुस लोकप्रिय मांग पर पड़ोसी देश का नेतृत्व करने के लिए तैयार हो गए हैं, न केवल बांग्लादेश में बल्कि पूरे क्षेत्र में जश्न का कारण होना चाहिए. यह सेना, व्यापक बांग्लादेशी प्रतिष्ठान और छात्र प्रदर्शनकारियों की परिपक्वता का सम्मान है कि उन्होंने अंतरिम सरकार का नेतृत्व करने के लिए एक बड़े नेता को चुना है. भारत को भी शुरुआती अराजकता और चिंता को पीछे छोड़कर प्रो. यूनुस के लिए खड़े होने के हर अवसर को भुनाने की जरूरत है ,जो गरीबों के साथ अपने काम और न्याय, समानता और महिलाओं के सशक्तीकरण के लिए अपने जुनून के लिए जाने जाते हैं. प्रो. यूनुस पूंजीवाद की विकृत धारणा की विफलताओं को उजागर करने के लिए भी जाने जाते हैं, जिसने पश्चिम को नुकसान पहुंचाया है और पूर्व में इसके सभी नकल मॉडलों के लिए आपदा ला दी है. वे उन चंद लोगों में से हैं जिन्होंने लालच, शोषण और स्वार्थ के खिलाफ स्पष्ट आवाज में बात की है, जो न केवल हमारे समय की जरूरतों को पूरा करने में विफल है, बल्कि गरीबों और अमीरों दोनों को समान रूप से नुकसान पहुंचाता है. इसके अलावा युनूस बांग्लादेश में अल्पसंख्यकों द्वारा विद्रोह के दौरान और उसके बाद झेली गई हिंसा के खिलाफ खड़े होने में आगे रहे हैं. यहां तक कि उन्होंने पूछा- 'क्या वे (अल्पसंख्यक) इस देश के लोग नहीं हैं? आप (छात्र) इस देश को बचाने में सक्षम हैं, क्या आप कुछ परिवारों को नहीं बचा सकते? आपको कहना चाहिए कि कोई भी उन्हें नुकसान नहीं पहुंचा सकता. वे मेरे भाई हैं. हमने साथ मिलकर लड़ाई लड़ी है और हम साथ ही रहेंगे.' पीटीआई के अनुसार, रंगपुर शहर में बेगम रोकेया विश्वविद्यालय में सप्ताहांत पर छात्रों को यह समझाइश दी गई.फिर भी, यह एक नाजुक काम होगा, जो बांग्लादेश से कहीं ज़्यादा भारत की परीक्षा ले सकता है. ऐसा इसलिए है क्योंकि यूनुस का धर्मनिरपेक्ष सिद्धांत और उनके काम और उनके जीवन को परिभाषित करने वाला एक गरीब समर्थक एजेंडा भारत में केंद्र में रहने वाली दक्षिणपंथी राजनीति के एजेंडे के लिए एक अनूठी राजनीतिक चुनौती पेश करता है. यूनुस को पदभार ग्रहण करने पर शुभकामनाएं देने वाले भारतीय बयान में 'हिंदुओं और सभी अन्य अल्पसंख्यक समुदायों की सुरक्षा और संरक्षण' की बात कही गई है. वे हिंदुओं, बौद्धों, ईसाइयों, अहमदिया और अन्य पर हमलों के खिलाफ मुखर रूप से बोलते रहे हैं. उनका कहना है कि छात्रों की जिम्मेदारी है कि वे सभी की सुरक्षा करें. इसी तरह, जब यूनुस आर्थिक असमानता पर बोलते हैं तो वे ठीक उसी तरह के मुद्दे उठाते हैं जो भारत को परेशान कर रहे हैं और ऐसे सवाल उठाते हैं जो भारत में बढ़ती आय और धन की असमानता के संदर्भ में भाजपा के लिए असहजता लेकर आए हैं. अपनी पुस्तक 'ए वर्ल्ड ऑफ़ थ्री जीरो' में प्रो. यूनुस, जो ग्रामीण बैंक के संस्थापक हैं, लिखते हैं- 'यदि मनुष्य वास्तव में 'पूंजीवादी आदमी' के ढांचे में फिट होते हैं तो ट्रस्ट-आधारित बैंकों से उधारकर्ता बस डिफ़ॉल्ट हो जाएंगे ... ग्रामीण बैंक जल्द ही अस्तित्व में नहीं रहेगा. इसकी दीर्घकालिक सफलता इस तथ्य को प्रदर्शित करती है कि 'असली आदमी', 'पूंजीवादी आदमी' से बहुत अलग और बहुत बेहतर प्राणी है. फिर भी कई अर्थशास्त्री, व्यापारिक नेता और सरकारी विशेषज्ञ यह सोचना और कार्य करना जारी रखते हैं जैसे कि 'पूंजीवादी आदमी' वास्तविक है और मानो स्वार्थ ही मानव व्यवहार के पीछे एकमात्र प्रेरणा है .. वे आर्थिक, सामाजिक और राजनीतिक व्यवस्था को बनाए रखते हैं, जो स्वार्थ को बढ़ावा देते हैं और लोगों के लिए निःस्वार्थ, भरोसेमंद व्यवहार का अभ्यास करना अधिक कठिन बनाते हैं, जिसे लाखों लोग सहज रूप से पसंद करते हैं.' यह वह स्थान है जहां से सार्थक विकास और स्थिरता के विचार निकलते हैं.

(ये लेखक के निजी विचार हैं)

> बांग्लादेश में धार्मिक अल्पसंख्यकों पर हमले और उनके द्वारा लाई गई असुरक्षाएं मामले को और भी जटिल बनाती हैं. फिर भी यह सब अतीत की बातें हैं और यह तथ्य कि प्रो. यूनुस लोकप्रिय मांग पर पड़ोसी देश का नेतृत्व करने के लिए तैयार हो गए हैं, न केवल बांग्लादेश में बल्कि पूरे क्षेत्र में जश्न का कारण होना चाहिए.

वायनाड व कश्मीर से प्रकृति के भयावह संकेत

• सामयिकी

अंजनी कुमार

प्राकृतिक त्रासदी के दो भयावह दृश्य वायनाड और कश्मीर से देखने को मिले.वायनाड से आ रही तस्वीरें किसी को भी विचलित कर देने के लिए काफी हैं. एक पूरा गांव बारिश से हुए भू-स्खलन में दब गया. कल दोपहर तक 50 लोगों के मारे जाने की खबर आती रही. उसके बाद संख्या में बढ़ोतरी शुरू हुई. आज सुबह तक मारे गये लोगों की संख्या में 143 पहुंच गई थी. राहत कार्य टीम अब मुख्यतः मलबे में दबकर मर गये लोगों को बाहर ही लाने के काम में जुटी है. मारे गये लोगों के रिश्तेदार और अपने लोगों की पहचान करने, अफसोस और तकलीफ के अलावा और कुछ कर पाने की स्थिति में नहीं है. वायनाड में हुई त्रासदी के लिए अभी तक आई सूचनाओं में सबसे बड़ा कारण असामान्य बारिश है. यहां सामान्य तौर पर होने वाली बारिश से पांच गुना हुई बारिश एक बड़े कारण की तरह दिख रही है. इस साल केरल में सामान्य से अधिक बारिश की खबर है. पालक्कड़, तिरुवनंतपुरम, मल्लापुरम, किनौर जैसे जिलों में बारिश का स्तर वायनाड से भी अधिक है. वायनाड में बारिश से हुई त्रासदी के लिए उसका भूस्तर विन्यास भी एक बड़ा कारण है. यहां चट्टानों के ऊपर जमी मिट्टी ही वहां की खेती का आधार है. यही जमीन उसकी रिहाइश के लिए भी है. भारी बारिश इस भू-बनावट की कमजोरी को उजागर कर देती है. वायनाड का इलाका भू-स्खलन से प्रभावित क्षेत्र में आता है. निश्चित ही बारिश के अतिरिक्त और कारण ने भी जमीन की मजबूती को प्रभावित किया होगा. इसमें पानी का बहाव और परिस्थितिकी में छेड़छाड़ भी हो सकता है. ये कारण निश्चित ही वायनाड के लिए विशिष्ट नहीं हैं. ये कारण भारत के हर हिस्से में दिख सकता है और ये ही कारण अधिक बारिश या अधिक ताप में घातक बन सकते हैं. ये कारण मुख्यतः मनुष्य और प्रकृति के बीच के संबंधों में आई दरार को दिखाते हैं, जिसका सीधा परिणाम वहां बसे इंसानों के लिए घातक बन रहा है. इनके बीच के संबंधों पर काम करने वाले संस्थान के हस्तक्षेप, सहयोग और प्रबंध की अनुपस्थिति, आगामी त्रासदी की ओर ठेल देने में निश्चित ही एक निर्णयकारी भूमिका में है. लेकिन, इस तरह के संस्थान 'प्राकृतिक आपदा' को मुख्य कारक बना देने की वजह से त्रासदी के उत्तरदायित्व से बच निकलते हैं. पिछले कुछ सालों में केरल में असामान्य बारिश से हो रही मौतों की संख्या में तेजी से वृद्धि देखी जा रही है. 2018 में ही केरल में बारिश से लगभग 500 लोगों के मारे जाने की खबर है. जबकि पिछले साल इस प्रदेश में सामान्य से कम बारिश का भी रिकार्ड बना.वायनाड की खबर के पहले हिमाचल और उत्तराखंड से भी बाढ़, भूस्खलन और मौतों की खबरें लगातार आ रही थीं. महाराष्ट्र के पुणे और मुंबई से बारिश और बाढ़ की दिल दहला देने वाले दृश्य, सोशल मीडिया पर खूब दिखाई दे रहे थे. मध्य प्रदेश के कुछ जिलों से भी ऐसी खबरें दिखाई दे रही थीं. उपरोक्त जगहों की खबरें मुख्यतः असामान्य बारिश से पैदा हुए 'नजारे' को दिखा रही थीं. उत्तराखंड और हिमाचल में बारिश की इन खबरों के साथ कुछ और भी छोटी खबरें प्रकाश में आईं, जिसमें बताया गया था कि कुछ जिलों में सामान्य से कम बारिश हो रही है. मीडिया ज्यादातर मामलों में 'प्राकृतिक आपदा' को एक रोमांचक तरीके से दिखाने में लगा रहता है. भू-स्खलन के भयावह दृश्य, जिसमें मकानों का एकदम से बिखरकर बहते हुए नदी में समा जाना, पहाड़ के हिस्से का टूटकर तेजी से नीचे आते हुए गुबार पैदा करना, निचले इलाकों में बारिश और पानी के बहाव से बने दरिया में गाड़ियों के बहते, डूबते जाने के दृश्य आदि को ऐसे पेश किया जाता है, जिसमें त्रासदी कम और मनोरंजन ज्यादा पैदा हो. खासकर, जब एंकर प्रकृति को देवत्व का रूप देते हुए त्रासदी को देव के प्रकोप की तरह पेश करते हैं, तब दर्शक इस भयावह दृश्य का मूक दर्शक बन जाता है. शायद यही कारण है जिसकी वजह से इन बारिशों के भयावह दृश्य के समानान्तर भारत में ही भीषण गर्मी और सूखे के दृश्य को दिखाना प्रासंगिक नहीं मानता. वायनाड की तस्वीरों के समानान्तर कुछ तस्वीरें कश्मीर से भी सामने आईं.

(ये लेखक के निजी विचार हैं)

> वायनाड में बारिश से हुई त्रासदी के लिए उसका भूस्तर विन्यास भी एक बड़ा कारण है. यहां चट्टानों के ऊपर जमी मिट्टी ही वहां की खेती का आधार है. यही जमीन उसकी रिहाइश के लिए भी है. भारी बारिश इस भू–बनावट की कमजोरी को उजागर कर देती है. वायनाड का इलाका भू–स्खलन से प्रभावित क्षेत्र में आता है.

मीडिया में अन्यत्र

बचत में सुधार अर्थव्यवस्था के लिए अहम

हाल के दिनों में केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण और भारतीय रिजर्व बैंक के गवर्नर शक्तिकांत दास दोनों ने बैंकिंग क्षेत्र में ऋण और जमा वृद्धि के बीच बढ़ते अंतर को लेकर चिंता जताई. दास इस विसंगति के बारे में सार्वजनिक रूप से पहले से ही चर्चा करते रहे हैं. उदाहरण के लिए गत सप्ताह मौद्रिक नीति संबंधी निर्णय की घोषणा करते समय उन्होंने कहा कि वैकल्पिक निवेश केंद्र खुदरा निवेशकों के लिए अधिक आकर्षक होते जा रहे हैं. ऐसे में फंडिंग के मोर्चे पर बैंकों को चुनौतियों का सामना करना पड़ रहा है. इसके परिणामस्वरूप बैंक अल्पावधि के गैर खुदरा फंड तथा अन्य उपायों पर निर्भर हैं, ताकि अपने ऋण की बढ़ती मांग की पूर्ति कर सकें. इससे बैंकिंग तंत्र ढांचागत नकदी संकट के जोखिम का शिकार हो सकता है. जमा वृद्धि कुछ समय से ऋण वृद्धि से पीछे है, जिसके संभावित परिणाम हमें झेलने पड़ सकते हैं. कुछ बैंक जमा आकर्षित करने के लिए नई किस्म की रणनीति अपना रहे हैं. यह देखना होगा कि ऐसे उपाय अंतर को पाटने में कैसे काम करते हैं. उदाहरण के लिए गत वित्त वर्ष में जब ऋण 20 फीसदी की दर से बढ़ रहा था, तब जमा वृद्धि केवल 14 फीसदी थी. इस अंतर को रिजर्व बैंक की ताजा वित्तीय स्थिरता रिपोर्ट में भी रेखांकित किया गया. यह रुझान ऋण-जमा अनुपात में भी देखने को मिलता है जो सितंबर 2021 के बाद बढ़ा है. दिसंबर 2023 में यह 78.8 फीसदी के साथ उच्चतम स्तर पर पहुंचा और मार्च 2024 तक दोबारा घटकर 76.8 फीसदी रह गया. निजी क्षेत्र के बैंकों के मामले में यह अनुपात खासतौर पर अधिक है. हालांकि गत दो-चार साल में कुछ विचलन नजर आया है लेकिन वित्त मंत्री और रिजर्व बैंक के गवर्नर दोनों ने इस मसले को रेखांकित करके तथा बैंकों को उपयुक्त कदम उठाने को कहकर सही किया है.यह सही है कि बैंकिंग व्यवस्था को कोई तात्कालिक खतरा नहीं है लेकिन विचलन के कारणों तथा इसके बड़ी समस्या बन जाने के पहले उठाए जाने वाले उपायों को लेकर बहस एक आवश्यक है. महामारी के बाद अर्थव्यवस्था में सुधार के साथ ही ऋण में इजाफा हुआ. यह बढ़ोतरी नॉमिनल सकल घरेलू उत्पाद वृद्धि से तेज है और इस बात को समझा जा सकता है. बहरहाल जमा वृद्धि में कमी की कई वजह हो सकती हैं.संभव है कि आम परिवारों ने अन्य उपायों का रुख कर लिया हो क्योंकि रिजर्व बैंक ने अर्थव्यवस्था को मदद पहुंचाने के लिए वास्तविक नीतिगत दर को कुछ समय से नकारात्मक कर रखा है. हाल के वर्षों में देश के शेयर बाजारों का अच्छा प्रदर्शन भी इसकी वजह हो सकता है.

(बिजनेस स्टैंडर्ड)

शब्द चर्चा

डॉ. विनय कुमार पाण्डेय

अर्थ/मतलब/आशय

मतलब निकल गया है तो पहचानते नहीं. मोहम्मद रफी द्वारा गायी गयी यह पंक्ति हिंदी भाषी क्षेत्रों में कहावत जैसी बन गयी है. हर कोई इसी पंक्ति से अपना काम निकालकर मुंह फेरनेवालों ताना मारता है. संभव है, आपको भी ऐसा ताना मारने का मौका मिला हो. मतलब कई लोगों का तकिया कलाम होता है. बात-बात में बोलते हैं-मतलब कि.कुछ लोग मतलब के बजाय मलब कह कर काम चला लेते हैं. मतलब अरबी भाषा मूल का संज्ञा पुल्लिंग शब्द है. मतलब के बहुत सारे मतलब होते हैं. मोटा-मोटी तौर पर मतलब के मतलब हैं तात्पर्य, अर्थ, किसी पद, वाक्य और शब्द का मायने या अर्थ, स्वार्थ, अपने भले या हित का विचार. मन में रहनेवाला आशय या उद्देश्य. हिंदी में मतलब का अर्थ आशय भी होता है. अर्थ तत्सम संज्ञा पुल्लिंग के साथ ही अनेकार्थी शब्द है. अर्थ का मतलब है अभिप्राय, मतलब, मानी, प्रयोजन, किसी बात या शब्द की व्याख्या, शब्द शक्ति, इष्ट, काम, कारण, निमित्त, हेतु, मामला, इंद्रियों के विषय जैसे रूप, रस, गंध, शब्द, स्पर्श, चार पुरुषार्थों (धर्म, अर्थ, काम, मोक्ष) में से एक, धन-संपत्ति, उपयोग, लाभ, दिलचस्पी. क्रिया विशेषण के रूप में वस्तुतः और सचमुच भी अर्थ के ही पर्याय हैं. मतलब जैसा ही शब्द है आशय, जो तत्सम संज्ञा पुल्लिंग है और इसका मतलब है तात्पर्य, अभिप्राय, मतलब, इच्छा, वासना, नीयत, उद्देश्य. अंग्रेजी में इसे इंटेशन भी कहा जाता है. मतलब, अर्थ और आशय तीनों ही संज्ञा शब्द हैं और लगभग समान हैं. आशय का मतलब विस्तार पूर्वक बताना. किसी शब्द के मतलब का आशय है बिल्कुल सटीक कोई ऐसा शब्, जिससे हम आसानी से समझ सके. सोहन बहुत मतलबी है तो इसका मतलब है, वह स्वार्थी है. इसका आशय हम और भी सरल शब्दों में कहानी के माध्यम से समझा सकते हैं. मतलब यह कि इन सभी शब्दों का भाव तो एक ही होगा, लेकिन अंतर केवल सरलतापूर्वक पेश करने और कहने में है.

झोली, बोली और गोली से समस्याएं

• तीर-तुक्का

डॉ. एसके पाण्डेय

झोली, बोली और गोली की वजह से देश व समाज तबाह है. बहुत सी समस्याएं इन्ही के कारण उत्पन्न होती हैं. इन पर नियंत्रण हो जाए तो अधिकांश समस्याएं अपने आप नौ दो ग्यारह हो जाएं. लेकिन इन पर नियंत्रण हो पाना बहुत ही मुश्किल है. खैर जितना अपने वश की बात हो उतना ही करना चाहिए. नहीं तो लेने के देने भी पड़ सकते हैं. वैसे लेना-देना तो लगा ही रहता है. कम से कम लेना तो चलता ही रहता है. रही बात देने की तो लोग इसकी आदत कम डालते हैं, क्योंकि देने का अभ्यास न हो तो ज्यादा आसानी रहती हैं. कहते हैं कि लेने से अच्छा और देने से बुरा कुछ भी नहीं होता. सच है कि बूंद-बूंद से गागर भरता है. देने से झोली खाली होती है. और लेने से भरती है. अतः लोग ले-लेकर झोली भरते रहते हैं. आचार और विचार को बिना ताक पर धरे झोली एक सीमा से अधिक नहीं भर सकती. और आचार-विचार का दिनों-दिन अभाव होता ही जा रहा है. ऐसा हो क्यों रहा है, झोली के ही कारण. हमारे पूर्वज कहते थे कि मीठा बोलो. जब भी मुंह खोलो मीठा-मीठा बोलो. लेकिन आजकल लोग मीठा खाते तो बहुत हैं. और बोलते भी बहुत हैं मगर मीठा नहीं बोलते. जिह्वा पर मिठाई का असर ही नहीं होता और शरीर के अन्य अंग जैसे गुर्दे आदि इसका भरपूर फायदा उठाते हैं. बदले में लोग भारी हो जाते हैं. फूल जाते हैं. बाद में पता चलता है कि मधुमेह हो गया है. खैर ऐसी बोली बोलते हैं कि लोग अपना आपा खो बैठते हैं. न अपने को शीतलता मिलती है और न ही दूसरों को. मार-पीट की भी स्थिति उत्पन्न हो जाती है. बोली से भी गोली चलने की नौबत आ जाती है. कोई किसी को बोली बोलता है तो कोई किसी को बोली मारता है. सास की बोली बहू को और बहू की बोली सास को गोली की तरह लगती है. और गोली लगने पर क्या होता है, यह तो जग जाहिर है. इसी तरह बाप-बेटे, पड़ोसी, नाते-रिश्तेदार व अन्य सगे सम्बन्धी भी एक दूसरे की बोली से ऐसा परेशान होते रहते हैं कि होली पर भी नहीं मिलते. बस एक दूसरे को देख कर जलते हैं. कहते हैं कि जलना हो तो दिए की तरह जलो अन्यथा न जलो. दिए की तरह लोग जलने लगें तो होली न ही सही कम से कम रोज दिवाली सा महसूस हो. परन्तु दिए की तरह जलने पर बुझने का खतरा ज्यादा रहता है. इसलिए ही लोग एक दूसरे को देख कर सुलगते रहते हैं. बोली को गोली से कम नहीं आंकना चाहिए. कभी-कभी बोली ऐसा घाव कर देती है जो गोली के घाव से भी खतरनाक साबित होता है. गोली का घाव तो भर भी जाता है, लेकिन बोली से हुआ घाव जल्दी नहीं भरता. बोली से घर का घर तबाह हो जाता है. पति-पत्नी तक भी एक दूसरे के होकर भी कुछ भी नहीं रह जाते. इतना ही नहीं बोली से एक समाज दूसरे समाज का और एक मुल्क दूसरे मुल्क का जानी दुश्मन भी बन जाता है. गोली चाहे अपने की हो चाहे पराये की एक ही काम करती है. लेकिन दूसरों की अपेक्षा अपनों की बोली कुछ अलग तरह का काम कर जाती है.



अक्षय ऊर्जा दिवस आज

नवीकरणीय ऊर्जा सूर्य और पवन जैसे स्त्रोतों से उत्पन्न ऊर्जा है, जो खत्म नहीं होती हैं. नवीकरणीय ऊर्जा के बारे में जागरूकता बढ़ाने के लिए हर साल 20 अगस्त को अक्षय ऊर्जा या नवीकरणीय ऊर्जा दिवस के रूप में जाना जाता है. इस दिवस की शुरुआत 2004 में नवीन और नवीकरणीय ऊर्जा मंत्रालय की गई थी.

अक्षय रहेगी हमारी ऊर्जा

आज बिजली हमारे जीवन का इतना महत्वपूर्ण हिस्सा बन चुकी है कि इसके बिना कुछ घंटे गुजारना भी मुश्किल है. लाइट, टीवी, फ्रिज, एसी, पंखा, मोबाइल, कंप्यूटर जैसी सभी इलेक्ट्रॉनिक चीजों के लिए हमें इसकी आवश्यकता होती है. बिजली नहीं रहने से हमारा रोजमर्रा का काम, रोजगार सब ठप हो जाता है. इस विशाल जरुरत के लिए ही दुनियाभर में बिजली बनाने के लिए प्राकृतिक संसाधनों का तेजी से दोहन किया जा रहा है. लेकिन यह हमारे अस्तित्व के लिए खतरनाक है. इसलिए दुनियाभर में अक्षय ऊर्जा यानि नवीकरणीय ऊर्जा को बढ़ावा दिया जा रहा है. भारत में भी नवीकरणीय ऊर्जा के बारे में जागरूकता फैलाने के लिए 20 अगस्त को अक्षय ऊर्जा दिवस मनाया जाता है. इसकी शुरुआत साल 2004 में तत्कालीन प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह ने की थी.

साल 2030 तक ऊर्जा जरूरत का 50 फीसदी अक्षय ऊर्जा से पूरा करने के लिए प्रयासरत है अपना देश

नवीकरणीय ऊर्जा क्यों जरूरी?

बिजली तैयार करने के लिए प्राकृतिक संसाधनों जैसे तेल, कोयला और गैस आदि का उपयोग किया जाता है. इससे दो तरफा हानि है. एक तो इनके उपयोग से प्रदूषण फैलता है, वहीं ये प्राकृतिक संसाधन बेहद सीमित मात्रा में हमारे पास उपलब्ध हैं और इन्हें बनने में सालों लगते हैं. यही कारण है कि नवीकरणीय ऊर्जा हमारे लिए बेहद जरूरी है.

नवीकरणीय ऊर्जा क्या होती है?

नवीकरणीय ऊर्जा भी प्राकृतिक स्रोतों का उपयोग करके बनाई जाती है, लेकिन ये स्त्रोत ऐसे हैं जो अक्षय हैं. यानी से कभी खत्म नहीं होते हैं. इसमें शामिल हैं वायु ऊर्जा, सौर ऊर्जा, हाइड्रो पावर, बायोमास, जियोथर्मल. यह सस्ता, इको फ्रेंडली होता है. इसका उपयोग बिजली जरूरतों को पूरा करने, परिवहन सहित अन्य जरूरतों को पूरा करने के लिए किया जाता है.

नवीकरणीय ऊर्जा के ये लाभ

इनसे प्रदूषण नहीं फैलता है. यह पर्यावरण के अनुकूल होते हैं. इसके उपयोग से हेल्थ पर कोई खराब प्रभाव नहीं पड़ता. चूंकि यह ऊर्जा का अक्षय स्रोत है, इसलिए इससे स्थायी रोजगार मिलता है. ऊर्जा की कीमत को बेलगाम होने से रोकने की संभावना भी अक्षय यानी नवीकरणीय ऊर्जा से मिलती है.

नवीकरणीय ऊर्जा के प्रकार

नवीकरणीय ऊर्जा स्रोत, जैसे बायोमास, भूतापीय संसाधन, सूरज की रोशनी, पानी और हवा, प्राकृतिक हैं. वे संसाधन जिन्हें इस प्रकार की स्वच्छ, उपयोगी ऊर्जा में परिवर्तित किया जा सकता है : बायोएनर्जी, भू-तापीय ऊर्जा, हाइड्रोजन, जल विद्युत, समुद्री ऊर्जा, सौर ऊर्जा, पवन ऊर्जा आदि.

नवीकरणीय ऊर्जा में भारत

नवीकरणीय ऊर्जा को लेकर भारत की सजगता प्रशंसनीय है. इससे शुरू से ही प्रोत्साहित किया जा रहा है. भारत नवीकरणीय ऊर्जा, सौर ऊर्जा, पवन ऊर्जा के मामले में विश्व में चौथे स्थान पर है. साल 2022 तक भारत की नवीकरणीय ऊर्जा क्षमता 175 गीगावाट थी. सरकार साल 2030 तक अपनी ऊर्जा जरूरत का 50 फीसदी यानि करीब 500 गीगावाट नवीकरणीय ऊर्जा के जरिए पूरी करना चाहती है.

आ गई ओला की ई बाइक, जानिए फीचर्स, प्राइस...

लंबे समय से ओला की इलेक्ट्रिक बाइक की दो पहिया ई बाइक की मार्केट में चर्चा थी और शिद्दत से इसका इंतजार भी हो रहा था. 15 अगस्त को कंपनी ने अपनी पहली इलेक्ट्रिक बाइक रोडस्टर को लॉन्च किया. इस रेंज में तीन अलग-अलग मॉडल रोडस्टर एक्स, रोडस्टर और रोडस्टर प्रो पेश किए गए. ये सभी वेरिएंट्स अलग-अलग बैटरी पैक्स के साथ आती हैं. बेस मॉडल यानी ओला रोडस्टर एक्स की शुरुआती कीमत महज 74,999 रुपये (एक्स-शोरूम) तय की गई है. आइए, आज इस बाइक के फीचर्स, रेंज, और प्राइस की करें बात...

- **कीमत**

एंट्री लेवल वेरिएंट रोडस्टर एक्स की बात करें तो ये मॉडल तीन बैटरी पैक 2.5 किलो वॉट, 3.5 किलो वॉट और 4.5 किलो वॉट में आता है. जिनकी कीमत क्रमशः करीब 74,999 रुपये, 84,999 रुपये और 99,999 रुपये (एक्स-शोरूम) है. वहीं मिड वेरिएंट यानी रोडस्टर को भी 3 किलोवाट, 4.5 किलोवाट और 6किलोवाट के तीन अलग-अलग बैटरी पैक के साथ पेश किया गया है. जिनकी कीमत 1,04,999 रुपये, 1,19,999 रुपये और 1,39,999 रुपये (एक्स-शोरूम) है. इसके अलावा हायर वेरिएंट यानी रोडस्टर प्रो को कंपनी ने केवल दो बैटरी पैक्स 8 किलोवॉट और 16 किलोवॉट के साथ पेश किया है. जिनकी कीमत क्रमशः 1,99,999 रुपये और 2,49,999 रुपये (एक्स-शोरूम, बेंगलुरु) है.

- **पावर, परफॉर्मेंस और रेंज**

बैटरी कैपेसिटी और कीमतों की बात छोड़ दें तो शुरुआत के दो वेरिएंट्स रोडस्टर एक्स और रोडस्टर का लुक और डिज़ाइन में अधिक फर्क नहीं है. कंपनी का दावा है रोडस्टर एक्स का टॉप मॉडल यानी 4.5 किलोवॉट वाला वेरिएंट एक बार चार्ज करने पर 200 किमी तक धड़ल्ले से चलेगा. इस वेरिएंट की टॉप स्पीड 124 किमी/घंटा है.

वहीं दूसरे मॉडल रोडस्टर का टॉप 6 किलोवॉट वेरिएंट सिंगल चार्ज में 248 किमी की ड्राइविंग रेंज देता है. इस वेरिएंट की टॉप स्पीड 126 किमी/घंटा है. रोडस्टर एक्स में 11 किलोवाट का इलेक्ट्रिक मोटर दिया गया है जबकि रोडस्टर में 13 किलोवाट का इलेक्ट्रिक मोटर है.

सबसे महंगी बाइक रोडस्टर प्रो का टॉप मॉडल यानी 16 किलोवॉट बैटरी पैक वाला वेरिएंट सिंगल चार्ज में 579 किमी तक का ड्राइविंग रेंज देता है. इस बाइक में 52 किलोवॉट का इलेक्ट्रिक मोटर दिया गया है जो 105 एनएम का टॉर्क जेनरेट करता है. इसकी टॉप स्पीड भी 194 किमी/घंटा है. जो कि सामान्य तौर पर किसी पेट्रोल बाइक की तुलना में भी काफी बेहतर है. ये वेरिएंट महज 1.6 सेकंड में ही 0 से 60 किमी/घंटा की रफ्तार पकड़ने में सक्षम है.

- **ये फीचर्स भी खास**

रोडस्टर एक्स में कंपनी ने स्पोर्ट्स, नॉर्मल और इको सहित तीन राइडिंग मोड्स दिए हैं. इसमें 4.3-इंच का एलएसडी डिस्प्ले भी दिया गया है जो मूव ओएस से ऑपरेट होता है. इसमें ओला मैप्स नेविगेशन (टर्न-बाय-टर्न), क्रूज कंट्रोल, डीआईवाई मोड, टायर प्रेशर मॉनिटरिंग सिस्टम, ओटीए अपडेट, डिजिटल की जैसे फीचर्स दिए गए हैं. इस बाइक को आप ओला इलेक्ट्रिक के स्मार्टफोन ऐप से भी ऑपरेट कर सकते हैं.

रोडस्टर यानी दूसरे वेरिएंट में कुछ ज्यादा फीचर्स को शामिल किया गया है. इसमें हाइपर, स्पोर्ट, नॉर्म और इको सहित 4 ड्राइविंग मोड्स दिए गए हैं. इसमें 6.8 इंच का बड़ा टीएफटी टचस्क्रीन डिस्प्ले सिस्टम दिया गया है. जो प्रोक्सिमिटी अनलॉक, क्रूज कंट्रोल, पार्टी मोड, टैंपर अलर्ट, क्रूटीम असिस्टेंस जैसे आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस बेस्ड फीचर्स भी दिए गए हैं.

रोडस्टर प्रो स्टील फ्रेम पर बेस्ड है. इस बाइक के फ्रंट में अप-साइड-डाउन फॉर्क और पीछे की तरफ मोनोशॉक सस्पेंशन दिया गया है. इसमें 10 इंच का टीएफटी टचस्क्रीन डिस्प्ले मिलता है. इस बाइक में भी कंपनी ने 4 राइडिंग मोड्स (हाइपर, स्पोर्ट, नॉर्म और इको) को शामिल किया है. इसके अलावा इसमें दो कस्टमाजेबल मोड्स भी मिलते हैं जिसे ग्राहक अपने जरूरत के अनुसार जोड़ सकते हैं.

एप्पल के आईफोन 16 सीरीज के 10 सितंबर को लान्च होने की सूचना आ रही है. अपकमिंग आई फोंस को लेकर कई सारी लीक्स रिपोर्ट सामने आई हैं. आइए, इन पर डालें नजर...

बटुआ और दिल दोनों थाम कर रखिए, आने वाला है नया आईफोन

इंटरनेट पर आईफोन 16 लीक तस्वीरें कुछ दिनों से घूम रही हैं. इन्हें देखने ये ऐसा मालूम होता है कि एप्पल ने डिजाइन में बदलाव किए हैं. बैक कैमरा सेंसर की जगह बदल दी है. डुअल कैमरा सेटअप वर्टिकल कैमरा लेआउट में नजर आ रहा. चर्चा यह भी है कि एप्पल पहले की पीले रंग को हटा कर एक नए रोज कलर को सामने ला सकता है.

- **इन मॉडल के डिजाइन में हो सकता है बदलाव**

आईफोन 16, प्रो, प्रो मैक्स के डिजाइन में बदलाव की संभावना है. पिछले साल कंपनी ने स्टैंडर्ड आई फोन 16 मॉडल्स में पंच-होल डिजाइन पेश किया था और प्रो मॉडल्स में एक्शन बटन जोड़ा था. ऐसी उम्मीद जाहिर की जा रही है कि इस साल कंपनी फोटोग्राफी अनुभव को बेहतर बनाने के लिए एक कैप्चर बटन दे सकती है जो जूमिंग फंक्शन या क्विक कैमरा शटर के रूप में मददगार होगा. लीक तस्वीरों से पता चलता है कि एप्पल ने बैक कैमरा सेंसर की जगह बदल दी है. डुअल कैमरा सेटअप को वर्टिकल कैमरा लेआउट में तब्दील हो गया है. लीक के अनुसार, स्टैंडर्ड वर्जन और आईफोन 16 प्लस ब्लैक, ग्रीन, पिंक और व्हाइट रंगों में आ सकते हैं.

- **डिस्प्ले साइज बढ़ेगा**

चर्चा के मुताबिक एप्पल कुछ सेलेक्टेड मॉडल्स के डिस्प्ले साइज को बढ़ा सकता है. आईफोन 16 प्रो मॉडल्स में थोड़ी बड़ी स्क्रीन मिलेगी, जिसमें रेगुलर प्रो मॉडल 6.1 इंच से बढ़कर 6.3 इंच और प्रो मैक्स 6.7 इंच से बढ़कर लगभग 6.9 इंच हो जाएगा.

- **नया चिपसेट और अन्य फीचर्स**

आईफोन 16 सीरीज में नया ए18 चिपसेट हो सकता है. चर्चा है कि इस सीरीज के सभी मॉडल्स में 8जीबी रैम हो सकते हैं, जो नए एप्पल इंटेलिजेंस फीचर्स को सपोर्ट करने के लिए जरूरी हैं. एप्पल कथित तौर पर आई फोन 16 लाइनअप के लिए ग्राफीन थर्मल सिस्टम पर काम कर रहा है, जिसमें प्रो मॉडल्स मेटल बैटरी के साथ दिया जा सकता है, ताकि ओवरहीटिंग की समस्या से निजात मिले.

- **बड़ी बैटरी**

मीडिया रिपोर्ट्स की मानें तो आईफोन 16 में 3,561 मेगाहर्ट्ज की बड़ी बैटरी हो सकती है, जबकि आईफोन 16 प्लस में 4,006 मेगाहर्ट्ज यूनिट हो सकता है. आईफोन 16 प्रो में 3,577 मेगाहर्ट्ज की बैटरी होगी, जबकि आईफोन 16 प्रो मैक्स में 4,676 मेगाहर्ट्ज बैटरी हो सकती है. आईफोन 16 सीरीज 40 वाट वायर्ड फास्ट चार्जिंग और 20 वाट मैगसेफ चार्जिंग के साथ आ सकती है.

- **कैमरा अपग्रेड्स**

चर्चा है कि कंपनी अपकमिंग मोबाइल के लिए नई एंटी-रिफ्लेक्टिव ऑप्टिकल कोटिंग टेक्नोलॉजी को टेस्ट कर रही है, जो लेंस फ्लेयर और घोस्टिंग जैसे आर्टिफैक्ट्स को कम करके फोटो की क्वालिटी में सुधार हो सकता है. आईफोन 16 प्रो मॉडल्स में अपग्रेडेड 48-मेगापिक्सल अल्ट्रा वाइड कैमरा लेंस हो सकता है, जिससे लो-लाइट प्रदर्शन में सुधार होगा और अल्ट्रा वाइड मोड में 48-मेगापिक्सल प्रो रॉ फ़ोटो मिल सकेंगी. आईफोन 16 प्रो मैक्स में सुपर टेलीफोटो पेरिस्कोप कैमरा होने की संभावना है.

नासा के अंतरिक्ष यात्री सुनीता विलियम्स और बैरी विल्मोर बोइंग के स्टारलाइनर यान में गड़बड़ी के चलते करीब ढाई महीने से अंतरराष्ट्रीय स्पेस स्टेशन पर फंसे हुए हैं. अब उनके साथ शारीरिक परेशानियां शुरू हो गई हैं. उनकी वापसी के लिए नासा स्पेसएक्स के क्रू ड्रैगन का इस्तेमाल की सोच रहा है.

आंखों की समस्या झेल रही हैं अंतरिक्ष में फंसी सुनीता, इस साल नहीं हो सकेगी वापसी !

अंतरिक्ष यात्री सुनीता विलियम्स की वापसी अब तक अधर में है. इस बीच सुनीता और उनके सहयोगी कमांडर बैरी विल्मोर के स्वस्थ्य संबंधी समस्या की बात सामने आ रही है. वहीं करीब ढाई महीने से अंतरराष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन में फंसे नासा के दोनों एस्ट्रोनॉट की वापसी भी निकट भविष्य में संभव नहीं दिख रही.

क्या है मामला

नासा की एस्ट्रोनॉट यात्री सुनीता विलियम्स अपने सहयोगी कमांडर बैरी विल्मोर के साथ जून की शुरुआत में बोइंग के स्टारलाइनर से अंतरिक्ष में गई थी. दोनों को एक सप्ताह बिताकर धरती पर वापस आना था. लेकिन बोइंग के स्टारलाइनर में खराबी के चलते उनकी वापसी में देरी हो रही है. नासा ने हाल ही में बताया था कि वापसी में 2025 तक देरी हो सकती है. इस बीच फंसे एस्ट्रोनॉट की हड्डियों व आंखों में समस्या आने की खबर सामने आ रही है. नई रिपोर्ट बताती है कि सुनीता विलियम्स को आईएसएस पर आंखों में समस्या हो रही है.

क्यों हो रही ये दिक्कतें

कहा जाता है कि माइक्रोग्रैविटी के लंबे समय तक संपर्क में रहने को वजह से सुनीता विलियम्स की आंखों में यह समस्या आ रही है. इसकी पहचान स्पेसफ्लाइट एसोसिएटेड न्यूरो-ऑकुलर सिंड्रोम के रूप में की गई है. इससे दिखाई देना धुंधला हो जाता है. साथ ही आंखों की संरचना व आकार-प्रकार में भी बदलाव हो सकता है. वस्तुस्थिति को जानने के लिए दोनों एस्ट्रोनॉट के रेटिना, कॉर्निया और लेंस का स्कैन किया गया है.

कब होगी वापसी

नासा अपने अंतरिक्ष यात्रियों की वापसी के लिए स्पेसएक्स के क्रू डैगन मिशन को आजमाने की सोच रहा है. क्रू ड्रैगन मिशन सितंबर 2024 के लिए निर्धारित है. इसके फरवरी 2025 में पृथ्वी पर वापस आने की उम्मीद है. विलियम्स और विल्मोर इस मिशन पर पृथ्वी पर वापस आ सकते हैं. अगर ऐसा हुआ तो अंतरिक्ष में उनका प्रवास 8 महीने से अधिक हो जाएगा.

दिल चुरा रही हुवावे की नई घड़ी

महीने भर में 10 लाख से अधिक यूनिट की बिक्री

हुवावे की नई घड़ी हुवावे जीटी 4 स्मार्टवाच भारत में आधिकारिक तौर पर लॉन्च हो गई है. लग्जरी लुक, एडवांस्ड फीचर्स और ढेर सारे हेल्थ ट्रैकिंग सेंसर से लैस यह स्मार्टवॉच की एक बड़ी खासियत इसकी बैटरी लाइफ है. कंपनी का दावा है कि वॉच दो हफ्ते की बैटरी लाइफ के साथ आती है. ये वॉच 32एमबी रैम और 4 जीबी स्टोरेज के साथ आती है. लॉन्चिंग के बाद इस वॉच को अच्छा रिस्पॉन्स मिल रहा है और महीने भर के भीतर ही इसके 10 लाख से अधिक यूनिट की बिक्री हो गई है. आइए इसके फीचर्स, लुक, प्राइस आदि की करें चर्चा.

- **प्राइस, कलर, गारंटी**

वॉच की एमआरपी 19,999 रुपए है लेकिन इस वॉच को फ्लिपकार्ट पर 14,999 रुपये के स्पेशल प्राइस पर अभी लिया जा सकता है. वॉच पर 12 महीने की वारंटी भी दी जा रही है. यह स्मार्ट वॉच तीन कलर ऑप्शन ब्लैक, ब्राउन और ग्रीन में उपलब्ध है. ब्लैक वेरिएंट में डायल से लेकर स्ट्रैप तक सबकुछ ब्लैक रहेगा.

- **लुक-डिजाइन**

नई हुवावे जीटी 4 स्मार्टवॉच यूनिक का डायल ऑक्टागोनल शेप का है. केस में डुअल टाइम जोन बेजल दिया गया है. वजन में बेहद हल्की है. लिहाजा अधिक समय तक पहनना असुविधाजनक नहीं है. इसमें 1.43 इंच का एमोलेड डिस्प्ले मिलता है, जो शानदार व्यूईंग एक्सपीरियंस देता है. डिस्प्ले में 466x466 पिक्सेल रिजॉल्यूशन के साथ 326 पीपीआई पिक्सेल डेंसिटी है. इसके ब्राउन वेरिएंट में लेदर स्ट्रैप मिलता है जबकि अन्य दो वेरिएंट में सिलिकॉन स्ट्रैप हैं. इसमें 25,000 कस्टमाइजेबल वॉचफेस मिलते हैं, जिन्हें आप अपने मूड और स्टाइल के अनुसार, कभी भी, कहीं भी बदल सकते हैं. यूजर्स चाहें, तो अपनी मर्जी का वॉच फेस क्रिएट भी कर सकते हैं.

- **कॉलिंग/मैसेज रिप्लाई**

नई हुवावे जीटी 4 स्मार्टवॉच ब्लूटूथ कॉलिंग और मैसेज क्विक रिप्लाई जैसे फीचर्स के साथ आती है. यानी उपयोगकर्ता अपनी कलाई से सीधे कॉल मैनेज कर सकते हैं और मैसेज का जवाब दे सकते हैं. इसमें इन-बिल्ट माइक्रोफोन और स्पीकर दिया गया है.

- **हेल्थ ट्रैकिंग सेंसर**

वॉच, हुवावे की ट्रूसीन हार्ट रेट टेक्नोलॉजी का लेटेस्ट 5.5 वर्जन, हार्ट रेट मॉनिटरिंग, एसवीओटू, स्लीप, स्ट्रेस ट्रैकिंग के साथ आती है.

महिलाओं/लड़कियों के लिए इसमें पीरियड ट्रैकर भी है. यह एडवांस्ड स्लीप एनालिसिस के लिए हुवावे की ट्रू स्लीप 3.0 तकनीक से लैस है, जिससे कम्प्लीट वेलनेस एक्सपीरियंस मिलता है.

- **100 से ज्यादा वर्कआउट मोड**

हुवावे जीटी 4 की डिजाइनिंग फिटनेस जर्नी को बेहतर बनाने के अनुकूल है. स्मार्ट वर्कआउट कोच, स्टे फिट ऐप और सटीक नेविगेशन और दूरी मापने के लिए बेहतर रूट ट्रैकर भी दिया गया है, जो इसे आउटडोर एक्टिविटी के लिए परफेक्ट ऑप्शन बनाता है. रनिंग, साइकलिंग, वॉकिंगइन सबको जीटी 4 की एडवांस्ड जीपीएस कैपेबिलिटी सटीक ट्रैकिंग सुनिश्चित करती हैं. कैलोरी मैनेजमेंट और 100 से ज्यादा वर्कआउट मोड इसके फीचर्स में शामिल हैं.

- **5 एटीएम वॉटर रेजिस्टेंस भी**

हुवावे जीटी 4 की दमदार बैटरी इसकी अन्य खासियत है. कंपनी का दावा है कि एक बार चार्ज करने पर यह 2 सप्ताह तक धड़ल्ले से चलेगी. स्मार्टवॉच में यह एंड्रॉयड और आईओएस दोनों डिवाइस के साथ काम कर सकती है. इसके अलावा, वॉच आइएसओ सर्टिफाइड 5 एटीएम वॉटर रेजिस्टेंस भी है. यह पानी में भीगने यहां तक कि स्विमिंग के दौरान पहनने से भी खराब नहीं होगी.

संयोजन : चेतना झा, डिजाइनिंग - खुशबू कुमारी

जैक पॉल से मुकाबला करने के लिए बेकरार हैं माइक टायसन

..और सुनो...मैं पूरी तरह से तैयार हूं : टायसन

एजेंसी। न्यूयॉर्क

माइक टायसन 58 साल के हैं और स्वास्थ्य संबंधी चिंताओं के कारण रिंग में उनकी वापसी को स्थगित करना पड़ा लेकिन यह दिग्गज मुक्केबाज फिर से दस्ताने पहनने के लिए तैयार है. एक समय दुनिया के सबसे खतरनाक मुक्केबाज रहे टायसन फिर से रिंग में उतर कर खुद को खतरे में डाल सकते हैं. रविवार को यहां जब उनसे पूछा गया कि वह जैक पॉल से मुकाबला क्यों करना चाहते हैं तो उन्होंने तपाक से उत्तर दिया. टायसन ने खचाखच भरे

संवाददाता सम्मेलन में कहा, क्योंकि मैं ऐसा कर सकता हूं. क्या मेरे अलावा कोई और है जो ऐसा कर सकता है. इस मुकाबले में मेरे अलावा और कौन लड़ेगा. इस दौरान प्रशंसकों ने टायसन के समर्थन में नारे लगाए जबकि पॉल की हूटिंग की. टायसन और पॉल के बीच की यह मुकाबला पहले 20 जुलाई को होना था. टायसन को अल्सर की समस्या होने के कारण इसे टाल दिया गया था. यह मुकाबला अब 15 नवंबर को टेक्सास के आर्लिंगटन में होगा. टायसन ने कहा कि अब वह अच्छा महसूस कर रहे हैं और उन्होंने दो या तीन सप्ताह पहले अभ्यास शुरू कर दिया है. उन्होंने कहा, और सुनो. मैं पूरी तरह से तैयार हूं.

ब्रीफ खबरें

पहले नदीम की संपत्ति सिर्फ 80 लाख की थी

इस्लामाबाद। ओलंपिक में भाला फेंक में गोल्ड मेडल जीतने के बाद से अरशद नदीम को लगातार इनाम के तौर पर करोड़ों रुपये मिल रहे हैं. गोल्ड मेडल जीतने से पहले अरशद नदीम की कुल संपत्ति सिर्फ 80 लाख थी. ऐसा दावा कई मीडिया रिपोर्ट्स में किया गया है. रिपोर्ट की मानें तो अरशद नदीम के पास पेरिस ओलंपिक से पहले सिर्फ एक सुजुकी की कार थी और महज 80 लाख की संपत्ति थी. हालांकि, अब वह मालामाल हो गए हैं. अरशद नदीम को पेरिस ओलंपिक में गोल्ड मेडल जीतने पर प्राइज मनी के तौर पर 50 हजार डॉलर मिले. भारतीय रुपये में यह करीब 42 लाख रुपये हुए. वहीं पाकिस्तानी रुपये में यह 1 करोड़ 40 लाख हुआ.

स्वर्णिम गाथा लिखने की तैयारी में सुमित

नयी दिल्ली। टोक्यो पैरालंपिक के स्वर्ण पदक विजेता भारतीय भाला फेंक खिलाड़ी सुमित अंतिल का लक्ष्य पेरिस खेलों में पुरुषों के एफ64 श्रेणी में अपने विश्व रिकॉर्ड में सुधार के साथ खिताब का बचाव करना है. सुमित 28 अगस्त से आठ सितंबर तक होने वाले खेलों के उद्घाटन समारोह में भाग्यश्री जाधव के साथ भारतीय ध्वजवाहक भी होंगे. सुमित ने तोक्यो पैरालंपिक में तीन बार विश्व रिकॉर्ड कायम करते हुए 68.55 मीटर के प्रयास से स्वर्ण पदक जीता था. उन्होंने इसके बाद 2023 पैरा विश्व चैम्पियनशिप में 70.83 मीटर के थ्रो के साथ नया विश्व रिकॉर्ड कायम किया और फिर हांगझोऊ एशियाई पैरा खेलों में इसमें सुधार करते हुए 73.29 मीटर के साथ स्वर्ण पदक जीता.

मो. शमी को लेकर सचिव जय शाह ने किया इशारा

नयी दिल्ली। बीसीसीआई के सचिव जय शाह ने इशारा दिया है कि चोट से उबरे तेज गेंदबाज मोहम्मद शमी ऑस्ट्रेलिया में खेलेंगे. ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ भारतीय टीम नवंबर में बॉर्डर गावस्कर ट्रॉफी में खेलने उतरेगी. इससे पहले बीसीसीआई ने अपने तेज गेंदबाजों को तैयार कर रहा है. जसप्रीत बुमराह को आराम दिया जा रहा है जबकि चोट से वापसी कर रहे मोहम्मद शमी पर भी बोर्ड की नजर बनी हुई है. बीसीसीआई सचिव जय शाह ने टाइम्स ऑफ इंडिया से कहा, हमारी टीम पहले से तैयार है. हमने जसप्रीत बुमराह को काफी आराम दिया है. मोहम्मद शमी भी तब तक पूरी तरह से फिट हो जाएंगे. यह एक अनुभवी भारतीय टीम है.

बांग्लादेश के हालात ठीक नहीं, अक्टूबर में होना है टूर्नामेंट का आयोजन

महिला टी20 वर्ल्ड कप पर आज बड़े फैसले के आसार

एजेंसी। नयी दिल्ली

बांग्लादेश में हिंसा और विरोध प्रदर्शन के कारण महिला टी20 वर्ल्ड कप 2024 के भविष्य पर सवाल उठने लगे हैं, जिसकी मेजबानी बांग्लादेश अक्टूबर महीने में करने वाला है. आलम यह है कि रिपोर्ट्स अनुसार बांग्लादेश क्रिकेट बोर्ड (बीसीबी) के अध्यक्ष लंदन में जा छुपे हैं. ऐसे में यह चिंता का विषय है कि आखिर महिला टी20 विश्व कप की मेजबानी कौन करेगा? इस मामले में 2 देशों ने एंट्री मारी है. आईसीसी के सामने नए मेजबान देश के रूप में दो विकल्प खुले हुए हैं. हाल ही में खबर आई कि वर्ल्ड कप को यूएई में आयोजित करवाया जा सकता है, लेकिन अब मेजबानी की इस रेस में जिम्बाब्वे भी कूद पड़ा है. अचानक जिम्बाब्वे वर्ल्ड कप की मेजबानी करने की रेस में शामिल हो गया है और इस पर आईसीसी बहुत जल्द फैसला सुना सकता है. बता दें कि जिम्बाब्वे ने हाल ही के वर्षों में दो बार वनडे वर्ल्ड कप के क्वालीफायर्स टूर्नामेंट की मेजबानी की है.

यह अफ्रीकी देश साबित कर चुका है कि वह वर्ल्ड कप का भी सफल आयोजन करने में सक्षम है. महिला टी20 वर्ल्ड कप 2024 की मेजबानी जिम्बाब्वे के हाथों में इसलिए भी जा सकती है क्योंकि क्रिकेट मैचों के हिसाब से अक्टूबर महीने का मौसम बढ़िया रहेगा. उन दिनों जिम्बाब्वे में बारिश की संभावना बहुत कम होगी. हालांकि यूएई की तुलना में इस अफ्रीकी देश के स्टेडियमों के अंदर बैठने की ज्यादा जगह नहीं है. मगर जिम्बाब्वे में क्रिकेट को प्रमोट करने और इंफ्रास्ट्रक्चर को बेहतर करने के मामले में आईसीसी का फैसला बहुत अहम हो सकता है. वर्ल्ड कप का मेजबान कौन होगा, इस विषय पर आईसीसी 20 अगस्त को फैसला सुना सकता है.

भारत को भी मिला ऑफर

बांग्लादेश क्रिकेट बोर्ड की ओर से महिला टी20 वर्ल्ड कप की मेजबानी के लिए सबसे पहले भारत के पास ऑफर आया था. मगर जय शाह ने एक मीडिया इंटरव्यू में बताया कि उन्होंने वर्ल्ड कप की मेजबानी का ऑफर तुरंत ठुकरा दिया था. इसका कारण ये था कि अक्टूबर के समय भी भारत में मॉनसून सीजन चल रहा होता है. वहीं बीसीसीआई सचिव ने यह भी कहा की वे दुनिया में यह भ्रांति नहीं फैलाना चाहते कि भरता ज्यादा वर्ल्ड कप टूर्नामेंट्स की मेजबानी करना चाहता है.

बांग्लादेश में टी20 विश्व कप खेलना मुश्किल : एलिसा हीली

सिडनी। ऑस्ट्रेलिया की कप्तान एलिसा हीली ने कहा है कि अक्टूबर में बांग्लादेश में महिला टी20 विश्व कप खेलना शायद सही नहीं होगा क्योंकि इससे देश पर बहुत दबाव पड़ेगा, जो अब भी बड़े पैमाने पर हुई हिंसा और विरोध-प्रदर्शनों से उबर रहा है, जिसमें सैकड़ों लोग मारे गए थे. देश की प्रधानमंत्री शेख हसीना ने इस्तीफा दे दिया था और भारत भाग गई जबकि नोबेल पुरस्कार विजेता मुहम्मद यूनुस को अंतरिम सरकार का प्रमुख बनाया गया है. महिला टी20 विश्व कप तीन से 19 अक्टूबर तक बांग्लादेश में होना है जिसमें गत चैंपियन ऑस्ट्रेलिया सहित 10 टीमें भाग लेंगी. एएपी के अनुसार एलिसा ने क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया से कहा, मुझे इस

समय वहां खेलने के बारे में सोचना मुश्किल लग रहा है, एक इंसान के तौर पर मुझे लगता है कि ऐसा करना गलत होगा. यह ऐसे देश से संसाधन छीनना होगा जो काफी संघर्ष कर रहा है. उन्हें उन सभी लोगों की जरूरत है जो मर रहे लोगों की मदद के लिए वहां पहुंच सकें. एलिसा ने कहा कि अंतिम निर्णय अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद को लेना है जिसके इस सप्ताह फैसला करने की उम्मीद है.

सिनर सिनसिनाटी ओपन के फाइनल में, स्वियातेक हारीं

एजेंसी। मेसन (अमेरिका)

विश्व के नंबर एक खिलाड़ी यानिक सिनर ने तीन सेट तक चले कड़े मुकाबले में अलेक्जेंडर ज्वेरेव को हराकर सिनसिनाटी ओपन टेनिस टूर्नामेंट के फाइनल में प्रवेश किया, लेकिन महिला वर्ग में शीर्ष खिलाड़ी इगा स्वियातेक को आर्यना सबालेंका से हार का सामना करना पड़ा. सबालेंका फाइनल में अमेरिकी जेसिका पेगुला से भिड़ेंगी, जबकि सिनर का सामना फ्रांसिस टियाफो से होगा.

इटली के खिलाड़ी सिनर ने तीन घंटे, सात मिनट तक चले मैच में 7-6(9) 5-7 7-6(4) से जीत दर्ज की. टियाफो ने एक अन्य सेमीफाइनल में होल्गर रूण को 4-6, 6-1, 7-6 (7-4) से पराजित किया. महिलाओं के सेमीफाइनल में

सबालेंका ने स्वियातेक को 6-3 6-3 से हरा कर पहली बार सिनसिनाटी ओपन के फाइनल में जगह बनाई. इससे पांच बार की ग्रैंड स्लैम चैंपियन स्वियातेक का पिछले 15 मैच से चला आ रहा विजय अभियान भी थम गया. छठी वरीयता प्राप्त पेगुला ने बारिश से प्रभावित दूसरे सेमीफाइनल में पाउला बडोसा को 6-2, 3-6, 6-3 से हराया.

दलीप ट्रॉफी को लेकर रिंकू सिंह का छलका दर्द

नयी दिल्ली। 5 सितंबर से होने वाली दलीप ट्रॉफी में रिंकू को जगह नहीं मिली है. दलीप ट्रॉफी को लेकर रिंकू ने स्पोर्ट्स टुडे से कहा, मैंने (घरेलू सत्र में) उतना अच्छा प्रदर्शन नहीं किया. मैंने रणजी ट्रॉफी में उतने मैच नहीं खेले, 2-3 मैच ही खेले. मेरा चयन इसलिए नहीं हुआ क्योंकि मैंने अच्छा प्रदर्शन नहीं किया. 2023-24 के रणजी ट्रॉफी सत्र में, रिंकू ने उत्तर प्रदेश के लिए तीन मैच खेले, जिसमें उन्होंने 42.66 की औसत से 128 रन बनाए, जिसमें सिर्फ़ एक अर्धशतक शामिल था. रिंकू सिंह ने आगे कहा, मुझे जो भी मौके मिल रहे हैं, मैं उनसे खुश हूं. जब मुझे वनडे या टेस्ट के लिए चुना जाएगा, तो यह मेरे लिए बहुत बड़ी बात होगी.

ईशान ने आखिरी ओवर में छक्कों से दिलाई झारखंड को जीत

एजेंसी। चेन्नई

भारतीय क्रिकेट के युवा स्टार ईशान किशन ने बुची बाबू ट्रॉफी में शानदार वापसी की है. टी20 वर्ल्ड कप 2024 और श्रीलंका के खिलाफ व्हाइट बॉल सीरीज के लिए नजरअंदाज किए जाने के बाद झारखंड की कप्तानी करते हुए ईशान ने शानदार प्रदर्शन किया. पहले मैच में उन्होंने अपनी बल्लेबाजी और विकेटकीपिंग से झारखंड को मध्य प्रदेश के खिलाफ 2 विकेट से जीत दिलाई. झारखंड का मुकाबला मध्य प्रदेश से था. ईशान किशन ने महज 107 गेंदों में 114 रनों की शानदार पारी खेली और अपनी टीम को पहली पारी में 64 रनों की बढ़त दिलाई. दूसरी पारी में झारखंड मुश्किल में थी. टीम को जीत के लिए 174 रनों का छोटा लक्ष्य मिला था,

लेकिन बीच में विकेट जल्दी गिर गए. मैच का रोमांच बढ़ चुका था. जीत के लिए 12 रन चाहिए थे और दो विकेट बचे थे. लेकिन ईशान किशन पर बिल्कुल भी प्रेशर नहीं दिखा. उन्होंने दो छक्के जड़ते हुए टीम को जीत दिलाई. ईशान में बिल्कुल पूर्व कप्तान एमएस धोनी की झलक दिखी.

पीसीबी के चीफ ने खुद ही खोली पोल, कहा-

पाक के स्टेडियम इंटरनेशनल स्तर के नहीं

- फरवरी-मार्च में पाकिस्तान को चैंपियंस ट्रॉफी 2025 की मेजबानी करनी है

एजेंसी। कराची

अगले साल फरवरी-मार्च में पाकिस्तान को चैंपियंस ट्रॉफी 2025 की मेजबानी करनी है, जिसको लेकर पहले से ही कई सवाल उठ रहे हैं. टीम इंडिया के खेलने न खेलने पर सवाल बना हुआ है और इसकी भी संभावना है कि टूर्नामेंट का आयोजन हाइब्रिड मॉडल पर हो सकता है. फिर भी पाकिस्तान तो इसकी तैयारियों में लगा है. इस बीच पाकिस्तान क्रिकेट

बोर्ड (पीसीबी) के मुखिया ने ही अपने देश के क्रिकेट स्टेडियमों की पोल खोल दी है और कहा कि पाकिस्तान के स्टेडियम इंटरनेशनल क्रिकेट की मेजबानी के लायक नहीं हैं. चैंपियंस ट्रॉफी को लेकर पाकिस्तान में लाहौर और कराची जैसे सबसे पॉपुलर और सबसे प्रमुख स्टेडियमों में इन दिनों काम चल रहा है. पीसीबी इन्हें टूर्नामेंट से पहले तैयार करने में जुटी है, जिस पर करोड़ों रुपये खर्च हो रहे हैं. इसकी बड़ी वजह पाकिस्तानी स्टेडियमों की खस्ता हालत है, जिसको लेकर पहले भी कई बार फैन और मीडिया सवाल उठाती रही है और अब खुद पीसीबी के अध्यक्ष मोहसिन नकवी ने इस बात को स्वीकार किया है. 1

फुटबॉल की गुणवत्ता में सुधार करेंगे : कुमार

भाषा। नयी दिल्ली

अखिल भारतीय फुटबॉल महासंघ (एआईएफएफ) के नवनियुक्त महासचिव पी. अनिलकुमार ने सोमवार को कहा कि उनकी सर्वोच्च प्राथमिकता फीफा, क्लबों, राज्य संघों और सरकार जैसे प्रत्येक हितधारक को शामिल करते हुए देश में फुटबॉल की 'गुणवत्ता में सुधार' करना है. अनुभवी खेल प्रशासक अनिलकुमार का फुटबॉल हाउस में एआईएफएफ कोषाध्यक्ष किपा अजय ने उप महासचिव एम सत्यनारायण की उपस्थिति में स्वागत किया. अनिलकुमार ने सोमवार को कार्यभार संभालने के बाद एआईएफएफ

वेबसाइट से कहा, अब, प्राथमिकता फुटबॉल की गुणवत्ता में सुधार की होगी. मुझे नहीं पता कि इसे उस स्तर पर लाने में हमें कितना समय लगेगा, लेकिन फिर भी हम इस उम्मीद के साथ शुरुआत कर रहे हैं कि हम कुछ बेहतर कर सकेंगे। जब तक हम सफल नहीं हो जाते, हम हार नहीं मानेंगे. हम आप सभी भारतीय फुटबॉल प्रशंसकों और भारतीय फुटबॉल का समर्थन करने वालों के साथ काम करना जारी रखेंगे.

अनिलकुमार का मानना है कि जब गुणवत्ता में सुधार होगा, तो फुटबॉल देखने वाले दर्शकों की संख्या बढ़ेगी और फुटबॉल में निवेश बढ़ेगा. नवनियुक्त महासचिव ने कहा कि भारतीय फुटबॉल हालांकि कई वर्षों से आगे बढ़ रहा है, लेकिन फीफा रैंकिंग को पैमाना बनाये तो यह अपेक्षित स्तर तक नहीं पहुंच पाया है. ऐसे में उस रैंकिंग को सुधारने की हमारी बहुत बड़ी जिम्मेदारी है. हमारा ध्यान भारतीय फुटबॉल की गुणवत्ता में सुधार करने और इसे वैश्विक स्तर पर अधिक स्वीकार्य बनाने के लिए सभी हितधारकों के साथ मिलकर काम करने पर होगा. इसके लिए हम कार्यकारी समिति के निर्देशों के मुताबिक अपनी टीम के साथ प्रणाली में सुधार करने के लिए मेहनत करेंगे.

टेस्ट मैच बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी टेस्ट श्रृंखला को लेकर ऑस्ट्रेलियाई टीम गंभीर

भारत के खिलाफ ग्रीन-मार्श पर गेंदबाजी निर्भर : कमिंस

भाषा। मेलबर्न

ऑस्ट्रेलिया के टेस्ट कप्तान पैट कमिंस को उम्मीद है कि इस साल के आखिर में होने वाली बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी टेस्ट श्रृंखला के दौरान ऑलराउंडर कैमरन ग्रीन और मिशेल मार्श गेंदबाजी का अधिक जिम्मा संभालेंगे. कमिंस चाहते हैं कि यह दोनों ऑलराउंडर नवंबर से शुरू होने वाली पांच टेस्ट मैचों की श्रृंखला में टीम के अग्रणी तेज गेंदबाजों का कार्यभार साझा करें. कमिंस ने यहां एक कार्यक्रम के दौरान कहा, टीम में ऑलराउंडर होने से फायदा मिलता है. पिछले कुछ वर्षों में हम उनका उतना उपयोग नहीं कर पाए जितना हमने

सोचा था. यह अच्छी बात है. उन्होंने कहा, लेकिन इन गर्मियों के सत्र में कुछ अलग हो सकता है. हम ग्रीन और मार्श को गेंदबाजी में थोड़ा अधिक जिम्मेदारी दे सकते हैं. ऑस्ट्रेलिया के कप्तान ने कहा, ग्रीन

खास बातें

- नवंबर से शुरू होने वाली पांच टेस्ट मैचों की श्रृंखला होगी
- टीम में ऑलराउंडर को लेकर बन रही रणनीति

जैसे खिलाड़ी ने शील्ड क्रिकेट में गेंदबाज के रूप में शुरुआत की थी, लेकिन टेस्ट मैचों में उसे ज्यादा गेंदबाजी नहीं करनी पड़ी. अब वह पहले से अधिक परिपक्व हो गया है. मुझे लगता है कि हम उस पर थोड़ा और अधिक निर्भर रहेंगे. 25 वर्षीय ग्रीन ने अपने करियर में अब तक 28 टेस्ट मैचों में 35.31 के औसत से 35 विकेट लिए हैं. कमिंस ने कहा, पहला मुद्दा यह है कि वे (ग्रीन और मार्श) दोनों केवल अपनी बल्लेबाजी के दम पर शीर्ष छह में जगह बनाते हैं या नहीं. हम वास्तव में सौभाग्यशाली हैं जो हमारे पास नाथन लियोन जैसा गेंदबाज है, जिससे हम कई ओवर करवा सकते हैं. ऐसे में जरूरी नहीं कि आपके पास एक ऑलराउंडर हो, लेकिन पांचवें गेंदबाजी विकल्प का होना बड़ा अंतर पैदा करता है. हमारे पास ग्रीन और मार्श के रूप में गेंदबाजी के छह विकल्प हैं. यह अच्छी बात है लेकिन बल्लेबाजी में शीर्ष क्रम के छह बल्लेबाजों को केवल अपनी बल्लेबाजी के दम पर टीम में जगह बनानी चाहिए.

नागल विंस्टन सलेम ओपन से बाहर हुए

विंस्टन-सलेम (अमेरिका)। भारत के शीर्ष एकल खिलाड़ी सुमित नागल यहां पहले दौर में ही बोर्ना कोरिच से सीधे सेटों में हारकर एटीपी 250 प्रतियोगिता विंस्टन सलेम ओपन से बाहर हो गये. नागल एक घंटे 10 मिनट तक चले मैच में क्रोएशियाई खिलाड़ी से 4-6, 2-6 से हार गए. नागल मुकाबले में मिले एकमात्र ब्रेकप्वाइंट को बदलने में सफल रहे लेकिन इस बीच उन्होंने चार बार अपनी सर्विस गंवायी. पुरुष युगल में पूर्व जूनियर राष्ट्रीय चैंपियन दक्षिणेश्वर सुरेश ब्रिटेन के अपने जोड़ीदार लुका पॉव के साथ चुनौती पेश करेंगे. अमेरिका में कॉलेज सर्किट में खेलने वाले दक्षिणेश्वर एकल मुख्य ड्रॉ के लिए क्वालीफाई नहीं कर पाए थे. वह क्वालीफाइंग के दूसरे दौर में अमेरिका के चौथी वरीयता प्राप्त लर्नर टीएन से 3-6, 4-6 से हार गए थे.

लंदन स्पिरिट ने पहली बार महिला हंड्रेड का खिताब जीता

- दीप्ति शर्मा का ऑलराउंड प्रदर्शन

भाषा। लंदन

भारतीय आलराउंडर दीप्ति शर्मा ने बल्ले और गेंद दोनों से अहम भूमिका निभाई जिससे लंदन स्पिरिट ने यहां लॉर्ड्स में खेले गए फाइनल में वेल्स फायर को चार विकेट से हराकर पहली बार महिला हंड्रेड का खिताब जीता. दीप्ति ने 23 रन देकर एक विकेट लिया और फिर नाबाद 16 रन बनाए, जिसमें हेली मैथ्यूज पर लगाया गया विजयी छक्का भी शामिल है. इसके बाद इस भारतीय खिलाड़ी ने अपनी साथी बल्लेबाज चार्ली डीन को गले लगाया. दीप्ति ने दो साल पहले ने इंग्लैंड के खिलाफ एक दिवसीय अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट मैच के दौरान नॉन स्ट्राइकर छोर पर रन लेने के लिए आगे बढ़ी डीन को रन आउट कर दिया था.

ब्रीफ खबरें

मनेर नप सभापति की दबंगई, पार्षद को धमकाया

पटना। राजधानी से सटे मनेर में नगर परिषद के सभापति विद्याधर विनोद सिंह पर गंभीर आरोप लगा है. आरोप है कि सभापति विद्याधर विनोद सिंह इन दिनों अपने पद के घमंड में वार्ड के पार्षदों के साथ दुर्व्यवहार या दबंगई दिखाते हुए धमकी देते हैं. ताजा मामला है पटना राजधानी के मनेर की, जहां नगर परिषद के सभापति विद्याधर विनोद सिंह को नगर परिषद के वार्ड संख्या 12 के पार्षद सुनील कुमार उर्फ भूपेंद्र कुमार को मोबाइल फोन पर हुए बातचीत के दौरान धमकी दी है.

इंटर स्कूल फुटबॉल टूर्नामेंट नवंबर में

पटना। ट्रैक सोशल वेलफेयर सोसायटी के तत्वावधान में नवंबर महीने में इंटर स्कूल फुटबॉल टूर्नामेंट का आयोजन पटना में किया जायेगा. यह जानकारी ट्रैक सोशल वेलफेयर सोसायटी के सचिव नवीन चंद्र ने दी. उन्होंने कहा कि ट्रैक सोशल वेलफेयर सोसायटी द्वारा वर्ष 2013 से हर वर्ष इंटर स्कूल फुटबॉल टूर्नामेंट का आयोजन करता रहा है. कोरोना काल में यह टूर्नामेंट बंद हो गया था जो एक बार फिर से शुरू किया जा रहा है. उन्होंने बताया कि बिहार फुटबॉल एसोसिएशन व पटना फुटबॉल संघ से इस टूर्नामेंट की संबद्धता कराई जायेगी. तकनीकी सहयोग पटना फुटबॉल संघ का होगा.

मनिहारी गंगा घाट पर उमड़ा सैलाब

कटिहार। सावन पूर्णिमा को लेकर कटिहार के मनिहारी गंगा घाट में भोले भक्तों का तांता लगता है. महादेव के भक्त सावन पूर्णिमा के अवसर पर गंगा में स्नान कर गंगाजल लेकर अपने इलाके के शिवालयों में जल अभिषेक करते हैं. लगभग तीन लाख से अधिक लोग पूरे सीमांचल के साथ-साथ नेपाल से भी मनिहारी गंगा घाट पहुंचते हैं. ऐसे में गंगा तट पर भोले भक्तों के लिए गंगा स्नान के लिए विशेष बैरिकेडिंग, महाजाल के साथ-साथ तमाम व्यवस्था मनिहारी नगर पंचायत के तरफ से किया है ताकि गंगा स्नान के समय कोई अनहोनी ना हो.

2012 से चला रहे पर्यावरण को बढ़ावा देने के लिए खास परंपरा

नीतीश पहुंचे ईको पार्क, पेड़ को बांधी राखी

संवाददाता। रांची

बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार रक्षाबंधन के दिन सुबह सुबह पटना के ईको पार्क पहुंचे. सीएम नीतीश ने यहां पीपल के पेड़ को राखी बांधी. साथ ही उन्होंने पेड़ भी लगाया. बता दें कि रक्षा बंधन के दिन बिहार में बिहार वृक्ष सुरक्षा दिवस मनाया जाता है. सीएम नीतीश हर वर्ष की तरह आज भी पटना के ईको पार्क पहुंचे और यहां पीपल के पेड़ को राखी बांधी.बता दें कि, सीएम नीतीश कुमार 2012 से लगातार वो रक्षाबंधन के मौके पर पेड़ को रक्षा सूत्र बांधते आ रहे हैं. पर्यावरण की सुरक्षा सबसे ज्यादा जरूरी है, इसलिए इस खास दिन का नाम ''वृक्ष सुरक्षा दिवस'' रखा है. मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के साथ तमाम मंत्रिमंडल के सदस्यों ने भी पेड़-पौधों को राखी बांधी. इस मौके पर नीतीश कुमार ने प्रदेश वासियों को रक्षाबंधन की शुभकामनाएं दीं.

इस दौरान सीएम नीतीश के साथ डिप्टी सीएम सम्राट चौधरी और विजय चौधरी भी मौजूद थे. वहीं इसके पहले सोशल मीडिया पर ट्विट कर सीएम नीतीश ने देशवासियों को रक्षाबंधन की शुभकानाएं दीं. उन्होंने लिखा कि, रक्षाबंधन भाई-बहन के प्यार एवं स्नेह का त्यौहार है. रक्षाबंधन के अवसर पर प्रदेश एवं देशवासियों को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं. इस अवसर पर दोनों उपमुख्यमंत्री के साथ-साथ वन पर्यावरण विभाग के मंत्री प्रेम कुमार और कई अधिकारी मौजूद थे. मुख्यमंत्री नीतीश कुमार हर साल रक्षाबंधन के अवसर पर ईको पार्क में पेड़ लगाते हैं और पेड़ों में राखी बांधते हैं.

रक्षाबंधन पर महिलाओं को मुफ्त बस सेवा का तोहफा

पटना। बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने रक्षाबंधन के दिन प्रदेश की महिलाओं को बड़ा तोहफा दिया. राखी के मौके पर पटना में चलने वाली सिटी सर्विस बस यानी सभी सरकारी बसों में महिलाओं ने फ्री सफर किया. वहीं सीएम नीतीश के इस तोहफे से महिलाओं में खुशी देखने को मिली.

रक्षाबंधन के दिन पिता को लेकर बुआ के घर जा रहा था युवक

पिता-पुत्र को हाइवा ने कुचला, बेटे की मौत, पिता की हालत गंभीर

संवाददाता। वैशाली

बिहार के वैशाली से रक्षाबंधन के दिन दर्दनाक खबर सामने आई, जहां तेज रफ्तार हाईवा ने बाप-बेटे को कुचल दिया. इस घटना में बेटे की दर्दनाक मौत हो गई. वहीं पिता की हालत गंभीर बताई जा रही है. दरअसल, पूरा मामला जिले के सराय थाना क्षेत्र के सराय टोल प्लाजा के पास का है. जहां तेज रफ्तार हाईवा ने बाइक सवार पिता पुत्र को कुचल दिया और मौके से भागने में कामयाब हो गया. इधर घटनास्थल पर अफरा तफरी का माहौल बन गया और बाइक चालक की घटना स्थल पर ही मौत हो गई. स्थानीय लोगों ने घटना की सूचना सराय थाने की पुलिस अधिकारी को दी. इसके बाद पुलिस ने तुरंत घायल को सदर अस्पताल हाजीपुर भेज दिया. और मामले की जांच पड़ताल में जुट गई है. मृतक इनायतपुर गांव निवासी धर्मदेव ठाकुर के 45 वर्षीय पुत्र शशि भूषण शर्मा बताया गया है. मृतक अपने पिता को लेकर हाजीपुर घोषवर बुआ के घर जा रहा था. तभी तेज रफ्तार हाईवा ने उन्हें कुचल दिया है. मृतक के पिता गंभीर रूप से घायल हुए हैं. जिन्हें फिलहाल सदर अस्पताल हाजीपुर में इलाज चल रहा है. मृतक 4 महीने पहले फौज से रिटायर्ड हुए थे. सेवानिवृत्ति फौजी अपने पिताजी को लेकर फुआ के घर जा रहा था. इधर घटना के बाद गुस्सा लोगों ने एनएच 22 को टोल टैक्स के पास जाम कर दिया और सड़क मार्ग पर आगजनी भी की. जाम की सूचना पर पहुंची पुलिस मामले को शांत में करने के बाद पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल हाजीपुर भेज दी है.

गंगा स्नान करने गए भाई की नदी में डूबने से हुई मौत : बेगूसराय : बिहार के बेगूसराय में रक्षाबंधन के दिन गंगा स्नान करने गए युवक की डूबने से मौत हो गई. वहीं घटना के बाद परिजनों में कोहराम मच गया. पूरा मामला मटिहानी थाना क्षेत्र का है. जानकारी अनुसार बारीएग मोहन टोला के निवासी स्वर्गीय देवेंद्र राय का पुत्र 32 वर्षीय चंदन कुमार रक्षाबंधन की पावन पर्व के शुभ अवसर पर गंगा स्नान के लिए गंगा नदी के खराम पुर घाट जा पहुंचा, जहां पानी के तेज बहाव होने के कारण अचानक डूबने लगा. स्थानीय लोगों ने जब देखा तो आनन फानन में काफी मशक्कत के बाद मृतक चंदन कुमार को गंगा नदी से बाहर निकाल. इसके पश्चात उसे इलाज के लिए बेगूसराय सदर अस्पताल ले गए. जहां डॉक्टर ने चंदन कुमार को मृत घोषित कर दिया. इस खबर को सुनते ही परिजन में कोहराम मच गया. थाना को इस बात को सूचना दिया गया और मटिहानी थाना क्षेत्र के पुलिस प्रशासन शब को कब्जे में लेकर बेगूसराय सदर हॉस्पिटल में पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया.

रक्षाबंधन के दिन भीषण सड़क हादसे में आठ घायल : औरंगाबाद। औरंगाबाद में दो बाइकों की आमने सामने की टक्कर में आठ लोग गंभीर रूप से घायल हो गए. स्थानीय लोगों ने आनन-फानन में सभी घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया. जहां सबका इलाज जारी है.

दरअसल, पूरा मामला जिले के रिसियप थाना क्षेत्र के बड़का गांव के समीप का है. जहां दो बाइक की आमने-सामने की टक्कर हो गई. जिसमें एक किशोर समेत 7 लोग गम्भीर रूप से घायल हो गए. घायल को औरंगाबाद सदर अस्पताल में स्थानीय लोगों द्वारा भर्ती करवाया गया. घायल की पहचान रिसियप थाना क्षेत्र के तेतरहट गांव निवासी नंदकिशोर यादव, संतोष कुमार यादव, अशोक कुमार यादव, नीतीश कुमार, चंदन कुमार दूसरे बाइक पर सवार रिसियप थाना क्षेत्र के मधबन गांव निवासी संदीप सिंह और रोशन सिंह के रूप में की गई है. घटना के संबंध में बताया जाता है कि नंदकिशोर यादव अजानियां अकोरहा से अपने घर लौट रहे थे.

नीतीश के मंत्री को जान से मारने की धमकी

संवाददाता। पटना

बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के करीबी मंत्री को जान से मारने की धमकी मिली है. गया में नक्सलियों ने पोस्टर लगाकर बिहार सरकार के मंत्री को दलित विरोधी बताते हुए उनके खिलाफ आंदोलन करने की धमकी दी है. वहीं इस घटना के बाद प्रशासन में हड़कंप मच गया है. इस पोस्टर में बकायदा मंत्री का नाम भी लिखा हुआ है.

मिली जानकारी के अनुसार गया के बांकेबाजार थाना क्षेत्र के चौंगाई में नक्सलियों ने ये पोस्टर चिपकाया है. बता दें कि ये पोस्टर बिहार सरकार के मंत्री और सीएम नीतीश के करीबी अशोक चौधरी के खिलाफ लगाया गया है. पोस्टर में मंत्री को दलित विरोध बताया गया है और कहा गया है कि दलित होकर भी अशोक चौधरी दलित विरोधी हैं.

नक्सलियों ने अशोक चौधरी को दलित, महादलित, आदिवासी और किसान विरोधी बताया गया है. साथ ही मंत्री के खिलाफ एकजुट होकर जन आंदोलन चलाने का आह्वान किया गया है. पोस्टर भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी (माओवादी) की तरफ से लगाया गया है. पोस्टर में लिखा है कि, वर्तमान सरकार के खिलाफ आदिवासी, दलित, महादलित, अल्पसंख्यक प्रगतिशील व अन्तिकारी लड़के एकजुट हो गांव इलाके के क्रांतिकारी किसान कमिटी और क्रांतिकारी जनकमिटी की गठन हो. पोस्टर में यह भी लिखा गया है कि अशोक चौधरी माओवादियों के खिलाफ अक्सर गलत बयानबाजी करते रहते हैं. पोस्टर में युवाओं से पुलिस और सुरक्षाबलों की कार्रवाई का विरोध करने की अपील की गई है. पर्चे में सरकार के खिलाफ आदिवासी, दलित, महादलित, अल्पसंख्यक और युवाओं से एकजुट होने का आह्वान किया गया है.

इसके साथ ही माओवादियों ने ग्रामीण क्षेत्रों में कमेटियों का गठन, सशस्त्र क्रांति की बात लिखी गई है. साथ ही साथ सरकार और आने वाले विधानसभा चुनाव का बहिष्कार करने का भी एलान कर दिया है. गरीब जनता को फर्जी मुकदमें में फंसाने का आरोप लगाया गया है. वहीं इस पोस्टर के बाद प्रशासन में हड़कंप मचा हुआ है. पुलिस मामले की जांच में जुट गई है.

- पोस्टर में बकायदा मंत्री का नाम भी लिखा हुआ है
- नक्सलियों ने सरेआम दी चेतावनी

राजधानी पटना के रेलवे अस्पताल में लगी आग

पटना। रक्षाबंधन के दिन राजधानी पटना में रेलवे अस्पताल में भीषण आग लगी. इस अगलगी से मौके पर अफरा-तफरी का माहौल कायम हो गया. घटना की सूचना मिलते ही मौके पर दमकल की कई गाड़ी पहुंचकर आग पर काबू पाने में जुट गई. दरअसल, पूरा मामला पटना के जक्कनपुर थाना क्षेत्र स्थित करबिगहिया रेलवे अस्पताल का है.

राखी पर पत्नी गयी मायके, पति ने लगा ली फांसी

वैशाली । वैशाली जिले के बेलसर थाना क्षेत्र के नगमा गांव में एक अजीबो गरीब मामला सामने आया है. जहां पति के मना करने के बाद भी पत्नी रक्षाबंधन का त्योहार मनाने मायके चली गई तो गुस्सा पति ने फांसी के फंदे से झूल कर आत्महत्या कर ली. घटना की सूचना तब लगी जब मृतक की मां घर में गई और इसे फांसी के फंदे से झूलता देखा दंग रह गई. वहीं चीख पुकार सुन आसपास के स्थानीय लोग इकट्ठा हो गए. लोगों द्वारा घटना की सूचना बेलसर थाने की पुलिस को दी गई. सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने युवक के शव अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेज दिया है. मृतक की पहचान नगमा गांव निवासी राम देनी सहनी के 33 वर्ष के पुत्र लालदेव सनी बताया गया है. इस संबंध में मृतक के परिजनों ने बताया कि इनकी पत्नी बार-बार मायके जाने के लिए कह रही थी. कह रहे थे कि पैसा नहीं है, अभी मत जाओ रक्षाबंधन है तो क्या हुआ बाद में जाकर मिल लेना लेकिन वह देर शाम में अपने मायके चली गई.

कारोबार

स्मार्टवर्क्स कोवर्किंग को 50 करोड़ का घाटा

नयी दिल्ली। स्मार्टवर्क्स कोवर्किंग स्पेसेज लिमिटेड को बीते वित्त वर्ष में लगभग 50 करोड़ रुपये का एकीकृत शुद्ध घाटा हुआ है. कंपनी ने बताया कि उसे यह घाटा ज्यादा खर्च होने के कारण हुआ है.उद्योगों को कार्यस्थल उपलब्ध कराने वाली प्रमुख कंपनी स्मार्टवर्क्स ने अपना आरंभिक सार्वजनिक निर्गम (आईपीओ) लाने के लिए पूंजी बाजार नियामक सेबी में आरंभिक दस्तावेज (डीआरएचपी) दाखिल किए हैं.दस्तावेजों के अनुसार, कंपनी को वित्त वर्ष 2023-24 में 49.95 करोड़ रुपये का शुद्ध घाटा हुआ था.

अरबिंदो फार्मा जल्द चीन में संयंत्र शुरू करेगा

नयी दिल्ली। अरबिंदो फार्मा के मुख्य वित्तीय अधिकारी (सीएफओ) संथानम सुब्रमण्यन ने कहा कि कंपनी को उसकी चीन स्थित इकाई से अगली तिमाही में उत्पादन शुरू करने की उम्मीद है. साथ ही पूर्ण पैमाने पर उत्पादन अगले वित्त वर्ष में ही शुरू होने की उम्मीद है. हैदराबाद स्थित दवा कंपनी नवंबर-दिसंबर की अवधि में छोटी मात्रा में उत्पादन शुरू करने की योजना बना रही है और अगले साल जनवरी-मार्च तिमाही में इसे बढ़ाने की उम्मीद है.

तीसरी, चौथी तिमाही में मजबूत मांग की उम्मीद

नयी दिल्ली । होटल चलाने वाली प्रमुख कंपनी ईआईएच लिमिटेड को चालू वित्त वर्ष की तीसरी और चौथी तिमाही में मजबूत मांग और होटल बुकिंग की उम्मीद है. कंपनी के प्रबंध निदेशक और मुख्य कार्यपालक अधिकारी विक्रम ओबेरॉय ने कहा कि इससे पहले अप्रैल-जून के दौरान चुनाव और भीषण गर्मी के कारण मांग में कमी देखी गई थी. उन्होंने विश्लेषकों से कहा कि इस साल के आम चुनावों का मांग पर प्रभाव पिछले चुनावों की तुलना में अधिक था.ओबेरॉय ने कहा, ''''कम से कम हमारे विश्लेषण से पता चलता है कि पिछले चुनावों की तुलना में इस बार चुनाव का प्रभाव अधिक रहा है.'' इसके अलावा, उन्होंने कहा कि राजस्थान के कई शहरों में इस गर्मी में तापमान बहुत अधिक रहा है.

बीएसई सेंसेक्स में मामूली 12 अंक की गिरावट आई

शेयर बाजार में सीमित कारोबार के बीच सेंसेक्स, निफ्टी लगभग स्थिर

भाषा. मुंबई

स्थानीय शेयर बाजारों में सोमवार को कारोबार सीमित रहा और बीएसई सेंसेक्स में मामूली 12 अंक की गिरावट आई. किसी ठोस संकेत के अभाव में निवेशकों ने बाजार से दूरी बनाये रखी. विशेषज्ञों के अनुसार, प्रतिभागियों ने मूल्यांकन अधिक होने को लेकर चिंता के बीच प्रमुख शेयरों में मुनाफावसूली भी की. कारोबार सीमित दायरे में रहा और तीस शेयरों पर आधारित बीएसई सेंसेक्स 12.16 अंक यानी 0.02 प्रतिशत की मामूली गिरावट के साथ 80,424.68 अंक पर बंद हुआ. कारोबार के दौरान यह ऊंचे में 80,724.40 अंक तक गया और नीचे में 80,332.65 अंक तक आया. हालांकि, नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी 31.50 अंक यानी 0.13 प्रतिशत की बढ़त के साथ 24,572.65 अंक पर बंद हुआ. सेंसेक्स में शामिल कंपनियों में महिंद्रा एंड महिंद्रा, इंडसइंड बैंक,

भारती एयरटेल, एक्सिस बैंक, टाटा मोटर्स और आईसीआईसीआई बैंक प्रमुख रूप से नुकसान में रहीं.

इसके उलट, लाभ में रहने वाले शेयरों में टाटा स्टील, टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज, एनटीपीसी, जेएसडब्ल्यू स्टील, एशियन पेंट्स और रिलायंस इंडस्ट्रीज शामिल हैं.

जियोजीत फाइनेंशियल सर्विसेज के शोध प्रमुख विनोद नायर ने कहा, घरेलू बाजार शुरुआती लाभ को बरकरार नहीं रख पाये. इसका कारण खासकर मांग में नरमी से वाहन शेयरों में मुनाफावसूली रही. एशिया के अन्य बाजारों में चीन का शंघाई कम्पोजिट और हांगकांग का हैंगसेंग लाभ में जबकि दक्षिण कोरिया का कॉस्पी और जापान का निक्की नुकसान में रहे. यूरोप के प्रमुख बाजारों में कारोबार के दौरान तेजी का रुख रहा. अमेरिकी बाजार शुक्रवार को बढ़त में रहे थे. रेलिगेयर ब्रोकिंग लि. के वरिष्ठ उपाध्यक्ष अजित मिश्रा ने कहा, बाजार की इस सप्ताह की शुरुआत हल्की रही. शुक्रवार को तेजी के बाद बाजार स्थिर रहा. शुरुआती बढ़त के बाद निफ्टी सीमित दायरे में रहा. शेयर बाजार के आंकड़ों के अनुसार, विदेशी संस्थागत निवेशकों ने शुक्रवार को 766.52 करोड़ रुपये मूल्य के शेयर खरीदे. वहीं घरेलू संस्थागत निवेशकों (डीआईआई) ने 2,606.18 करोड़ रुपये मूल्य के शेयर खरीदे. वैश्विक तेल मानक ब्रेंट क्रूड 0.82 प्रतिशत फिसलकर 79.03 डॉलर प्रति बैरल रहा. बीएसई सेंसेक्स शुक्रवार को 1,330.96 अंक के लाभ में रहा था, जबकि निफ्टी 397.40 अंक चढ़ा था.

रुपया आठ पैसे मजबूत होकर 83.87 प्रति डॉलर पर

मुंबई । डॉलर में कमजोरी और कच्चे तेल की कीमतों में नरमी के बीच सोमवार को रुपया अमेरिकी मुद्रा के मुकाबले आठ पैसे मजबूत होकर 83 .87 के भाव (अस्थायी) पर बंद हुआ. विदेशी मुद्रा कारोबारियों ने कहा कि विदेशी कोषों के ताजा प्रवाह ने निवेशकों की धारणा को मजबूती देने का काम किया. अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में रुपये ने अमेरिकी डॉलर के मुकाबले 83 .88 पर खुलने के बाद मजबूती हासिल की. कारोबार के दौरान रुपया 83 .84 के ऊपरी और 83 .93 के निचले स्तर पर रहा. कारोबार के अंत में रुपया अमेरिकी मुद्रा के मुकाबले 83 .87 (अस्थायी) के भाव पर बंद हुआ. यह पिछले कारोबारी सत्र के बंद भाव के मुकाबले आठ पैसे की मजबूती दर्शाता है.

चमड़ा निर्यातकों का प्रतिनिधिमंडल 26 को जाएगा रूस

नयी दिल्ली। चमड़ा क्षेत्र के 20 से अधिक अधिकारियों का एक प्रतिनिधिमंडल इस महीने रूस की यात्रा करेगा. इसका मकसद निवेश तलाशना और बढ़ते निर्यात अवसरों का लाभ उठाना है. यह तीन दिवसीय यात्रा 26 अगस्त से शुरू होगी.चमड़ा निर्यात परिषद के कार्यकारी निदेशक आर. सेल्वम ने 'पीटीआई-भाषा' को बताया कि वर्तमान में भारत छह करोड़ से आठ करोड़ अमेरिका डॉलर की चमड़े की वस्तुओं का निर्यात करता है, लेकिन यह अब भी कम है क्योंकि रूस में अपार अवसर हैं. सेल्वम ने कहा, ' हम मॉस्को में आयोजित होने वाले अंतरराष्ट्रीय मेले 'यूरो शूज प्रीमियर कलेक्शन' में भी हिस्सा लेंगे. हम निवेश आकर्षित करने, उत्पाद निर्माण में प्रौद्योगिकी सहयोग के उद्देश्य से एक प्रतिनिधिमंडल ले जा रहे हैं.'उन्होंने कहा कि चमड़े के वस्त्र, सामान और जूते जैसे क्षेत्रों में निर्यात के बड़े अवसर हैं. हालांकि, रूस-यूक्रेन युद्ध के कारण पश्चिमी देशों के प्रतिबंधों से रूस में भुगतान संबंधी समस्याएं हैं, लेकिन रुपये में कारोबार करने वाले निर्यातक माल भेज सकते हैं. चमड़ा, चमड़े के उत्पादों तथा जूते का निर्यात 2022-23 में 4.484 करोड़ डॉलर से बढ़कर 2023-24 में 6.248 करोड़ डॉलर हो गया.

गौतम अडाणी समूह का लाभ 33 प्रतिशत बढ़ा

एजेंसियां। नयी दिल्ली

जाने माने उद्योगपति गौतम अडाणी की अगुवाई वाले समूह ने चालू वित्त वर्ष की अप्रैल-जून तिमाही में कर-पूर्व लाभ में 33 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की है. इसका कारण मुख्य बुनियादी ढांचा कारोबार के साथ-साथ सौर और पवन विनिर्माण से लेकर हवाईअड्डों तक के उभरते कारोबारों का मजबूत प्रदर्शन है.

समूह ने एक बयान में कहा, पहली तिमाही में कर पूर्व लाभ(ईबीआईटीडीए) सालाना आधार पर 32.87 प्रतिशत बढ़कर 22,570 करोड़ रुपये पर पहुंच गया. इससे पिछले 12 महीनों (टीटीएम) का ईबीआईटीडीए 79,180 करोड़ रुपये रहा, जो उससे पिछले वर्ष की इसी अवधि की तुलना में 45.13 प्रतिशत अधिक है.चालू वित्त वर्ष 2024-25 की पहली तिमाही (अप्रैल-जून) में समूह का शुद्ध लाभ 50 प्रतिशत से अधिक बढ़कर 10,279 करोड़ रुपये रहा. समूह ने कहा, लगातार बढ़ता ईबीआईटीडीए मुख्य रूप से समूह के अत्यधिक स्थिर और मजबूत 'मुख्य बुनियादी ढांचा' मंच के कारण है.मुख्य बुनियादी ढांचा मंच

में अडानी एंटरप्राइजेज लिमिटेड के प्रमुख बुनियादी ढांचा कारोबार, उपयोगिता (अडाणी ग्रीन एनर्जी, अडाणी पावर, अडाणी एनर्जी सॉल्यूशंस और अडाणी टोटल गैस) और परिवहन (अडाणी पोर्ट्स एंड एसईजेड) कारोबार हैं.अडानी एंटरप्राइजेज का ईबीआईटीडीए अप्रैल-जून में 46 प्रतिशत बढ़कर 4,487 करोड़ रुपये और शुद्ध लाभ दोगुना से अधिक होकर 1,776 करोड़ रुपये पहुंच गया. नवीकरणीय ऊर्जा कंपनी अडानी ग्रीन एनर्जी का जून तिमाही में ईबीआईटीडीए 30 प्रतिशत की वृद्धि के साथ 2,866 करोड़ रुपये और शुद्ध लाभ लगभग दोगुना होकर 629 करोड़ रुपये रहा. अडाणी पावर का लाभ जून तिमाही में 54 प्रतिशत बढ़कर 3,490 करोड़ रुपये हो गया, जबकि अडाणी पोर्ट्स एंड एसईजेड का लाभ 47 प्रतिशत बढ़कर 3,107 करोड़ रुपये हो गया.

जीएसटी संयोजन नियंत्रक एवं महालेखा परीक्षक (सीएजी) ने दिया वित्त मंत्रालय को सुझाव

उच्च जोखिम वाले करदाताओं की पहचान हो : सीएजी

एजेंसी। नयी दिल्ली

नियंत्रक एवं महालेखा परीक्षक (सीएजी) ने वित्त मंत्रालय से जीएसटी संयोजन योजना में उच्च जोखिम वाले करदाताओं की समय-समय पर पहचान करने और कर चोरी रोकने के लिए तीसरे पक्ष सहित अन्य स्रोतों से उनकी बिक्री के घोषित मूल्य का सत्यापन करने को कहा है.

सीएजी ने वित्त वर्ष 2019-20 से 2021-22 के बीच केंद्रीय क्षेत्राधिकार के तहत 8.66 लाख कंपोजिशन करदाताओं का विश्लेषण किया है. इसके आधार पर सीएजी ने पाया कि बड़ी संख्या में जीएसटी करदाताओं के कंपोजिशन लेवी स्कीम (सीएलएस) के लिए

कारोबार सीमा पार करने का उच्च जोखिम है. इन उच्च जोखिम वाले करदाताओं की पहचान जीएसटी रिटर्न जैसे जीएसटीआर-4ए, जीएसटीआर-7 में निहित डेटा के साथ-साथ तीसरे पक्ष के डेटा स्रोतों जैसे आईटी रिटर्न, ''वाहन'' डेटाबेस आदि से ऑडिट द्वारा की गई थी.जीएसटी कंपोजिशन स्कीम उन करदाताओं के लिए उपलब्ध है जिनका कुल कारोबार पिछले वित्त वर्ष में 1.5 करोड़ रुपये से अधिक नहीं रहा है. विशेष श्रेणी वाले राज्यों के करदाताओं के लिए यह सीमा 75 लाख रुपये है. सीएजी ने कहा कि सीएलएस करदाताओं के संबंध में दो प्रमुख जोखिम क्षेत्र- योजना में बने रहने के लिए करदाताओं द्वारा बाह्य आपूर्ति के मूल्य की कम घोषणा करना तथा सीएलएस का लाभ उठाने के लिए पात्रता शर्तों को पूरा न करना हैं.लेखापरीक्षा (ऑडिट) में पाया गया कि कुछ सीएलएस करदाता ऐसे थे, जो अधिनियम और नियमों में निर्धारित पात्रता मानदंडों को पूरा नहीं करने के बावजूद योजना में बने हुए थे. बड़ी संख्या में सीएलएस करदाता रिटर्न दाखिल करने और रिवर्स चार्ज के तहत कर का भुगतान करने की अपनी अनिवार्य जिम्मेदारियों का निर्वहन नहीं कर रहे थे.हाल ही में संसद में पेश रिपोर्ट में सीएजी ने कहा, "मंत्रालय को जोखिम-आधारित दृष्टिकोण का उपयोग करते हुए समय-समय पर सीएलएस में उच्च जोखिम वाले करदाताओं की पहचान करनी चाहिए तथा अयोग्य व्यक्तियों द्वारा दुरुपयोग की संभावना को कम करने के लिए तीसरे पक्ष सहित अन्य स्रोतों से उनकी घोषित बाहरी आपूर्ति के मूल्य का सत्यापन करना चाहिए.

सीएजी ने यह भी सुझाव दिया कि वित्त मंत्रालय अयोग्य करदाताओं की पहचान करने की एक प्रणाली विकसित कर सकता है तथा योजना के इच्छित लाभों के दुरुपयोग को रोकने के लिए उन्हें सीएलएस से बाहर करने के लिए कार्रवाई कर सकता है.

कीस्टोन रियलटर्स को बिक्री बुकिंग में 32 % वृद्धि की उम्मीद: सीएमडी

भाषा। नयी दिल्ली

कीस्टोन रियलटर्स को उम्मीद है कि चालू वित्त वर्ष में उसकी बिक्री बुकिंग 32 प्रतिशत बढ़कर 3,000 करोड़ रुपये तक पहुंच सकती है. कंपनी के चेयरमैन और प्रबंध निदेशक बोमन ईरानी ने यह बात कही है. कीस्टोन रियलटर्स रुस्तमजी ब्रांड के तहत अपनी संपत्तियां बेचती है और यह देश के अग्रणी रियल एस्टेट डेवलपर में शामिल है.

कंपनी की मुंबई महानगर क्षेत्र (एमएमआर) में महत्वपूर्ण उपस्थिति है. ईरानी ने पीटीआई-भाषा के साथ साक्षात्कार में कहा कि आवास बाजार में मांग मजबूत बनी हुई है, जिससे कंपनी को भूमि अधिग्रहण और निर्माण गतिविधियों में अधिक निवेश करने के लिए प्रोत्साहन मिला है. वह रियल एस्टेट क्षेत्र की शीर्ष संस्था क्रेडाई के अध्यक्ष भी हैं.

उन्होंने कहा, विकास गतिविधियों में निवेश करने के लिए हमारे पास लगभग 3,000 करोड़ रुपये की नकदी है. हमने पात्र संस्थागत नियोजन (क्यूआईपी) और अपने आंतरिक नकदी प्रवाह से 800 करोड़ रुपये जुटाए हैं. बिक्री बुकिंग के बारे में पूछने पर ईरानी ने कहा, हम चालू वित्त वर्ष में 3,000 करोड़ रुपये की बिक्री बुकिंग का लक्ष्य लेकर चल रहे हैं. हम इस संख्या को पार कर लेंगे.

न्यूज अपडेट

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी नई दिल्ली में स्कूल में आयोजित रक्षा बंधन समारोह के दौरान बच्चों के साथ. प्रेट्र

अमेरिका-द. कोरिया का सैन्य अभ्यास

सियोल। परामाणु संपन्न उत्तर कोरिया के खिलाफ अपनी साझा रक्षा क्षमताओं को पुख्ता करने के मकसद से अमेरिका और दक्षिण कोरियाई सैनिकों ने सोमवार को व्यापक सैन्य अभ्यास शुरू किया. इसके मद्देनजर उत्तर कोरिया ने एक बार फिर दोनों मित्र राष्ट्रों पर आरोप लगाया है कि वे हमले तैयारी के तहत पूर्वाभ्यास कर रहे हैं. यह वार्षिक ग्रीष्मकालीन अभ्यास कोरियाई प्रायद्वीप में बढ़ते तनाव के बीच हो रहा है.

आतंकी हमले में 3 पुलिसकर्मी मरे

पेशावर। पाकिस्तान के अशांत खैबर पख्तूनख्वा प्रांत में सोमवार को तड़के एक सीमा सुरक्षा चौकी पर अफगानिस्तान की ओर से आतंकवादियों ने बड़ा हमला किया, जिसमें तीन पाकिस्तानी सुरक्षाकर्मी मारे गए. यह हमला उसी प्रांत में दो अलग-अलग आतंकवादी हमलों में चार सुरक्षाकर्मियों के मारे जाने के एक दिन बाद हुआ है. सोमवार तड़के आतंकवादियों ने पाक-अफगान सीमा पर बाजौर जिले के वारा मामुंड क्षेत्र में एक पाकिस्तानी सीमा सुरक्षा चौकी को निशाना बनाया.

नेपाल में भूस्खलन में सात की मौत

काठमांडू। पश्चिमी नेपाल में पिछले 24 घंटों में लगातार बारिश के कारण हुए भूस्खलन की घटनाओं में दो परिवारों के सात लोगों की मौत हो गई. पुलिस के अनुसार, रविवार रात बंगल नगरपालिका-10 में भूस्खलन के कारण एक घर बह गया, जिससे बझांग जिले में एक परिवार के चार सदस्य जिंदा दफन हो गए. मरने वालों में 50 वर्षीय काली धामी, उनकी बहू तथा छह एवं तीन साल के पोते शामिल हैं.

नौका डूबी, एक की मौत; छह लापता

रोम। सिसिली अपतटीय क्षेत्र में सोमवार सुबह खराब मौसम के कारण एक नौका डूब गई जिसमें विदेशी पर्यटक सवार थे. एक शव बरामद हुआ है, छह लोग लापता हैं और 15 लोगों को बचा लिया गया है. लापता लोगों में ब्रिटेन के प्रौद्योगिकी कारोबारी माइक लिंच सिसिली भी शामिल हैं, जबकि उनकी पत्नी को बचा लिया गया. ब्रिटिश ध्वज वाली 'बेयसियन' नौका में चालक दल के 10 सदस्य और 12 यात्री सवार थे.

चीन-फिलिपीन के जहाजों की टक्कर

ताइपे । चीन और फिलिपीन के तटरक्षक जहाज सोमवार को समुद्र में सबीना शोल नामक क्षेत्र के निकट टकरा गए, जिससे कम से कम दो नौकाएं क्षतिग्रस्त हो गईं. सबीना शोल दक्षिण चीन सागर में पड़ने वाले देशों के बीच चिंताजनक रूप से बढ़ते क्षेत्रीय विवाद का नया केंद्र बनकर उभर रहा है. दोनों देशों ने स्प्रैटली द्वीप समूह में एक विवादित क्षेत्र सबीना शोल के पास हुई टक्कर के लिए एक दूसरे को दोषी ठहराया है. इस टक्कर में किसी के हताहत होने की खबर नहीं है.

पिकनिक मनाने गए तीन लोग डूबे

अलीबाग। महाराष्ट्र के रायगढ़ जिले में पिकनिक मनाने के दौरान दो भाई और उनके एक रिश्तेदार नदी में डूब गए. पुलिस के एक अधिकारी ने बताया कि यह घटना रविवार दोपहर महाड़ में सावित्री नदी पर हुई. मृतक मुन्नवर शहाबुद्दीन नालबंद (38), उनके भाई दिलावर (28) और उनके रिश्तेदार जाहिद जाकिर पटेल (28) महाबलेश्वर के निवासी थे और वह पिकनिक मनाने के लिए महाड़ आए थे.

डॉक्टर ने दलित नर्स से किया दुष्कर्म

मुरादाबाद। जिले के ठाकुरद्वारा थाना क्षेत्र के एक निजी अस्पताल में दलित नर्स के साथ बंधक बनाकर किए गए कथित दुष्कर्म के मामले में पुलिस ने सोमवार को एक डॉक्टर समेत दो अन्य को गिरफ्तार किया. पुलिस अधीक्षक (ग्रामीण) संदीप कुमार मीना ने सोमवार को बताया कि अस्पताल में नर्स से दुष्कर्म की घटना के संबंध में पीड़िता के परिवार ने 18 अगस्त को थाने में शिकायत दर्ज कराई थी.

कमला की लोकप्रियता में इजाफा

वाशिंगटन। अमेरिका की उपराष्ट्रपति कमला हैरिस डेमोक्रेटिक पार्टी में उत्साह और अमेरिकियों के बीच अपनी लोकप्रियता में वृद्धि के साथ डेमोक्रेटिक पार्टी के राष्ट्रीय सम्मेलन में हिस्सा लेंगी. 'एसोसिएटेड प्रेस-एनओआरसी सेंटर फॉर पब्लिक अफेयर्स रिसर्च' के एक नए सर्वेक्षण के मुताबिक, अमेरिका के लगभग आधे वयस्क (48 प्रतिशत) हैरिस के बारे में बहुत या कुछ हद तक अनुकूल दृष्टिकोण रखते हैं. गर्मी की शुरुआत में ऐसे अमेरिकियों की संख्या 39 प्रतिशत थी.

इजराइल-हमास युद्ध के बाद से मध्य-पूर्व की नौवीं यात्रा पर अमेरिकी विदेश मंत्री ब्लिंकन

गाजा में निर्दोष नागरिकों की पीड़ा का होगा अंत!

एजेंसी। तेल अवीव

अमरिका मध्य-पूर्व में जारी तनाव को कम कर गाजा में निर्दोष नागरिकों की पीड़ा का अंत करने के प्रयास में जुटा हुआ है. इसी कड़ी में विदेश मंत्री एंटनी ब्लिंकन इजराइल-हमास युद्ध की शुरुआत के बाद से मध्य पूर्व में अपने नौवें राजनयिक मिशन का उपयोग संघर्ष विराम समझौते के संबंध में शीघ्र निर्णय लेने के लिए दबाव बनाने में करेंगे. इस बीच, स्वास्थ्य अधिकारियों ने बताया कि गाजा में रातभर और इसके बाद रविवार दिन में किए गए इजराइली हमलों में पांच बच्चों सहित 29 लोगों की मौत हो गई. ब्लिंकन रविवार को इजराइल पहुंचे. मध्यस्थों ने उनके यहां पहुंचने को इस सप्ताह के अंत में काहिरा में होने वाले समझौते को सफल बनाने के लिए अंतिम प्रयास बताया. वह मंगलवार को मिस्र की यात्रा करने से पहले सोमवार को शीर्ष इजराइली अधिकारियों से मिलेंगे. उनके आगमन से क्षेत्रीय तनाव को कम करने में मदद मिल सकती है. ब्लिंकन के साथ यात्रा करने वाले एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा कि उनका क्षेत्र में आगमन संघर्ष विराम वार्ता के लिहाज से 'महत्वपूर्ण समय' पर हुआ है और विदेश मंत्री सभी पक्षों पर जल्द से जल्द समझौते को अंतिम रूप देने का दबाव डालेंगे.

ब्लिंकन के तेल अवीव पहुंचने से कुछ समय पहले इजराइल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने कैबिनेट की बैठक में कहा कि कुछ ऐसे क्षेत्र हैं जहां इजराइल लचीलापन दिखा सकता है और कुछ अनिर्दिष्ट क्षेत्र हैं जहां वह ऐसा नहीं करेगा. ब्लिंकन नेतन्याहू के अलावा इजराइल के रक्षा मंत्री योआव गैलेंट और राष्ट्रपति इसहाक हर्जोग से मुलाकात करेंगे.

युद्ध में 40 हजार से अधिक फलस्तीनियों की मौत

स्थानीय स्वास्थ्य अधिकारियों के अनुसार युद्ध में 40 हजार से अधिक फलस्तीनियों की मौत हो चुकी है. गाजा के 23 लाख से अधिक निवासियों में से अधिकतर विस्थापित हो चुके हैं और मानवीय तबाही हुई है. विशेषज्ञों ने अकाल और पोलियो जैसी बीमारियों के फैलने के प्रति आगाह किया है. सात अक्टूबर को इजराइल पर हमास के चरमपंथियों के हमलों में लगभग 1,200 लोगों की मौत हुई थी, जिनमें अधिकतर आम नागरिक थे. इसके अलावा हमास के लड़ाकों ने लगभग 250 लोगों को अगवा कर लिया था. माना जाता है कि उनमें से लगभग 110 लोग अब भी गाजा में हैं, जबकि इजराइली अधिकारियों का कहना है कि उनमें से लगभग एक तिहाई की मौत हो चुकी है.

डॉक्टर की दुष्कर्म के बाद हत्या का ममला

पीड़िता की फोटो साझा करने और ममता को धमकी पर एक गिरफ्तार

एजेंसी। कोलकाता

आरजी कर मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल में जिस प्रशिक्षु डॉक्टर की कथित तौर पर बलात्कार के बाद हत्या कर दी गई, उसकी पहचान सोशल मीडिया पर उजागर करने और मुख्यमंत्री ममता बनर्जी को धमकी देने के आरोप में कोलकाता में एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया गया है. पुलिस ने सोमवार को बताया कि शिकायत मिली है कि सोशल मीडिया मंच इंस्टाग्राम पर 'कीर्तिसोशल' यूजरनेम से एक व्यक्ति ने हाल ही में आरजी कर एमसीएच में हुई घटना से संबंधित तीन खबरें अपलोड की हैं, जिनमें पीड़िता की तस्वीर और पहचान का खुलासा किया गया है.'

अधिकारी के अनुसार, 'उसी समय, आरोपी व्यक्ति ने मुख्यमंत्री के खिलाफ दो खबरें भी साझा कीं, जिनमें आपत्तिजनक टिप्पणियां थीं.

टीएमसी सांसद ने कोलकाता पुलिस के नोटिस को दी चुनौती

वहीं टीएमसी सांसद सुखेंदु शेखर रॉय ने डॉक्टर के साथ कथित बलात्कार और हत्या को लेकर सोशल मीडिया पर पोस्ट करने के संबंध में पुलिस द्वारा उन्हें भेजे गए नोटिस को सोमवार को कलकत्ता उच्च न्यायालय में चुनौती दी. पुलिस ने रविवार को वरिष्ठ राजनीतिक नेता को नोटिस जारी कर उन्हें पेश होने को कहा था.

सीएम के खिलाफ जांच की मंजूरी पर कांग्रेस का राज्यव्यापी प्रदर्शन

कर्नाटक में कथित भ्रष्टाचार पर राजनीतिक घमासान

सिद्धरमैया ने भरी हुंकार, बोले-

- राजनीतिक लड़ाई के दौरान बढ़ जाता है उनका जोश

एजेंसी। बेंगलुरु

कर्नाटक में कथित भ्रष्टाचार पर राजनीतिक घमासान जारी है. मैसुरु शहरी विकास प्राधिकरण (एमयूडीए) भूखंड आवंटन में कथित अनियमितता के मामले में मुख्यमंत्री सिद्धरमैया के खिलाफ जांच के लिए राज्यपाल थावरचंद गहलोत द्वारा अनुमति दिए जाने के विरोध में सोमवार को राज्यव्यापी प्रदर्शन किया. इस बीच, सिद्धरमैया ने राज्यपाल के आदेश के खिलाफ उच्च न्यायालय में याचिका दायर करने के बाद कहा कि राजनीतिक लड़ाई के दौरान उनका जोश बढ़ जाता है. मुझे न्यायपालिका पर भरोसा है. कांग्रेस0 नेताओं और कार्यकर्ताओं ने जिला मुख्यालयों में धरना दिया, पैदल मार्च किया और रैलियां आयोजित कीं. उन्होंने राज्यपाल के कदम की निंदा करते हुए हाथों में तख्तियां ले रखीं थी. कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने राज्यपाल के खिलाफ नारे भी लगाए.

राज्यपाल बिना मतलब का मामला बना रहे हैं : डीके : उप मुख्यमंत्री और प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष डीके शिवकुमार ने कहा, 'राज्यपाल बिना मतलब का मामला बना रहे हैं. यह लोकतंत्र की हत्या है और हम इसका विरोध करेंगे.' कांग्रेस ने बेंगलुरु, उडुपी, मंगलुरु, हुबली-धारवाड़, विजयपुरा, कलबुर्गी, रायचूर, तुमकुरु और मैसूरु सहित राज्य के विभिन्न हिस्सों में प्रदर्शन किए. मुख्यमंत्री ने कहा है, 'मेरे खिलाफ कोई मामला नहीं है और राज्यपाल का फैसला असंवैधानिक है.' सिद्धरमैया ने आरोप लगाया कि राज्यपाल केंद्र सरकार के हाथों की कठपुतली बन गए हैं और उनके खिलाफ जांच की मंजूरी देना एक निर्वाचित सरकार को अस्थिर करने की एक भयावह साजिश के अलावा कुछ नहीं है.

गहलोत ने एमयूडीए भूमि आवंटन 'घोटाले' के संबंध में मुख्यमंत्री सिद्धरमैया के खिलाफ मुकदमा चलाने की शनिवार को मंजूरी दे दी थी.आरोप है कि सिद्धरमैया की पत्नी पार्वती को मैसूरु में प्रतिपूरक भूखंड आवंटित किया गया था, जिसका संपत्ति मूल्य उनकी उस भूमि की तुलना में अधिक था, जिसे एमयूडीए ने 'अधिगृहीत' किया था.

सिद्धरमैया बोले-मेरा राजनीतिक जीवन एक खुली किताब

कर्नाटक के मुख्यमंत्री सिद्धरमैया सोमवार को एमयूडीए द्वारा भूखंडों के आवंटन में अनियमितताओं के संबंध में उनके खिलाफ जांच की मंजूरी देने वाले राज्यपाल थावरचंद गहलोत के आदेश से अप्रभावित नजर आए. आदेश को चुनौती देने के लिए उच्च न्यायालय में याचिका दायर करने के कुछ घंटों बाद मुख्यमंत्री ने कहा, 'मेरी अंतरात्मा बिल्कुल साफ है.' सिद्धरमैया ने कहा कि उच्चतम न्यायालय के वकील अभिषेक मनु सिंघवी उच्च न्यायालय में उनके मामले में पैरवी करेंगे. मुख्यमंत्री ने संवाददाताओं से कहा, 'मुझे अदालत से राहत मिलने का पूरा भरोसा है, क्योंकि मैंने कोई गलत काम नहीं किया है.' मुख्यमंत्री ने याद दिलाया कि वह पहली बार 40 साल पहले 17 अगस्त 1984 को मंत्री बने थे और उनके राजनीतिक जीवन में 'एक भी काला धब्बा' नहीं है. कांग्रेस नेता ने कहा, 'मेरा राजनीतिक जीवन एक खुली किताब है. मैंने कोई गलत काम नहीं किया है, न ही कोई गलत काम करूंगा.'

भाजपा नेता ने सेना के एक सेवानिवृत अधिकारी के हवाले से दिया था विवादित बयान

30 साल बाद गृह युद्ध होगा, कांग्रेस ने की मांग-माफी मांगें विजयवर्गीय

एजेंसी। इंदौर

देश में 30 साल बाद गृहयुद्ध की आशंका से जुड़े भाजपा नेता कैलाश विजयवर्गीय के बयान पर कांग्रेस ने कहा है कि उन्हें माफी मांगनी चाहिए. उनका बयान गैर जिम्मेदाराना है. कैलाश विजयवर्गीय अभी मध्य प्रदेश के कैबिनेट मंत्री हैं और भाजपा के राष्ट्रीय महसचिव रह चुके हैं. गृहयुद्ध संबंधित बयान की वजह से वह कांग्रेसी नेताओं के निशाने पर आ गए हैं.

जानकारी के मुताबिक रविवार को इंदौर में रक्षाबंधन से जुड़े एक कार्यक्रम में कहा था कि आज के समय में सामाजिक समरसता बहुत जरूरी है. उन्होंने सेना के एक सेवानिवृत अधिकारी के हवाले से कहा था कि 30 साल बाद देश के भीतर गृहयुद्ध शुरू हो जायेगा. जिस प्रकार देश के भीतर जनसंख्या में बदलाव आ रहा है, 30 साल बाद देश में ऐसी स्थिति बन जायेगी कि आप रह नहीं पाएंगे. उन्होंने आगे कहा कि हमें इस बात पर विचार और चिंतन करना है. हमें ऐसे काम करना चाहिए, जिससे हिंदू शब्द मजबूत हो. कुछ लोग अंग्रेजों की फूट डालो और राज करो की नीति के तहत सिर्फ कुर्सी पाने के लिए हिंदू समुदाय को जाति के आधार पर बांटना चाहते हैं.

देश में अस्थिरता और भय का माहौल पैदा करने वाला बयान

विजयवर्गीय के बयान पर कांग्रेस के प्रवक्ता नीलाभ शुक्ला ने कहा है कि उनका बयान गैर जिम्मेदाराना है. देश में अस्थिरता और भय का माहौल पैदा करने वाला है. साथ ही अमन-चैन और भाईचारे पर सवाल खड़ा करने वाला बयान है. उन्हें इसके लिए सार्वजनिक तौर पर माफी मांगनी चाहिए. विजयवर्गीय को यह स्पष्ट करना चाहिए कि सेना के किस सेवानिवृत्त अफसर ने देश में 30 साल बाद गृहयुद्ध शुरू होने की आशंका जताई है और इस आशंका का क्या आधार है?

महायुति गठबंधन चुनाव से पहले टूट जाएगा : राकांपा

पुणे। राकांपार्टी (एसपी) ने सोमवार को दावा किया कि सत्तारूढ़ महायुति गठबंधन शिवसेना, भाजपा और अजित पवार नीत राकांपा के बीच आंतरिक फूट के कारण महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव से पहले टूट जाएगा. वहीं शरद पवार ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के स्वतंत्रता दिवस के भाषण पर सोमवार को कटाक्ष किया, जिसमें मोदी ने 'एक राष्ट्र, एक चुनाव' का समर्थन किया था. पवार ने कहा, "प्रधानमंत्री मोदी सभी चुनाव एक साथ कराने पर जोर दे रहे थे, लेकिन अगले ही दिन तीन अलग-अलग राज्यों के लिए तीन अलग-अलग चुनाव तिथियों की घोषणा कर दी गई.

तस्कर का बीएसएफ जवान पर खंजर से हमला, 6 किलो सोना छोड़कर भागा

एजेंसी ।नादिया

भारत-बांग्लादेश सीमा पर सोमवार को तस्करी का छह किलोग्राम सोना लेकर आए एक व्यक्ति ने भारतीय सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) के एक जवान द्वारा उसे रोके जाने पर, उस पर चाकू से हमला कर दिया. आधिकारिक सूत्रों ने यह जानकारी दी.

उन्होंने बताया कि हमले में जवान बच गया, जबकि तस्कर सोना छोड़कर भाग निकला. यह घटना पश्चिम बंगाल के सीमावर्ती नादिया जिले के विजयपुर में केले और बांस के बगीचे के पास सुबह करीब नौ बजे हुई. सूत्रों ने बताया कि तस्कर अपनी कमर में बंधी बेल्ट में सोने के 22 बिस्कुट और लगभग छह किलोग्राम वजन की आठ छड़ें लेकर जा रहा था. उन्होंने बताया कि सीमा सुरक्षा बल के जवान ने उसे रोक लिया लेकिन तस्कर ने सुरक्षाकर्मी पर 'दाह' (बड़े चाकू) से हमला कर दिया और भाग गया. उन्होंने बताया कि जवान की वर्दी कंधे के पास फटी हुई थी. बल की 32वीं बटालियन के जवान ने अपनी राइफल से गोली चलाई, लेकिन तस्कर भाग निकला. सूत्रों ने बताया कि पास में ही खेतों पर कार्य कर रहे किसानों को देखते हुए जवान ने और गोलियां नहीं चलाईं.

हरियाणा में भाजपा की विस चुनाव घोषणापत्र समिति किया गया गठन

चंडीगढ़। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की हरियाणा इकाई ने राज्य में एक अक्टूबर को होने वाले विधानसभा चुनाव के लिए सोमवार को वरिष्ठ नेता ओ पी धनखड़ के नेतृत्व में एक घोषणापत्र समिति का गठन किया. पार्टी के एक बयान के अनुसार, प्रदेश भाजपा अध्यक्ष मोहन लाल बड़ौली ने समिति के गठन की घोषणा की, जिसकी अगुवाई भाजपा के राष्ट्रीय सचिव और हरियाणा के पूर्व मुख्यमंत्री ओ पी धनखड़ करेंगे. समिति में 14 अन्य सदस्य होंगे. समिति के सदस्यों में वरिष्ठ पार्टी नेता अभिमन्यु, रणबीर गंगवा, विपुल गोयल, किरण चौधरी, भव्य बिश्नोई और सुनीता दुग्गल शामिल हैं. निर्वाचन आयोग ने शुक्रवार को घोषणा की कि हरियाणा में विधानसभा चुनाव एक अक्टूबर को एक चरण में संपन्न होगा और चुनाव परिणाम चार अक्टूबर को घोषित किए जाएंगे.

थाईलैंड की नयी प्रधानमंत्री भारत के साथ मिलकर करेंगी काम

- पैतोंगतार्न शिनावात्रा ने प्रधानमंत्री मोदी से द्विपक्षीय संबंधों को और मजबूत करने की बात कही

एजेंसी। सिंगापुर

थाईलैंड की नयी प्रधानमंत्री पैतोंगतार्न शिनावात्रा ने सोमवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को उनकी शुभकामनाओं के लिए धन्यवाद दिया और कहा कि वह मौजूदा संबंधों को और मजबूत बनाने के लिए साथ मिलकर काम करने की आशा करती हैं. पूर्व राष्ट्रपति थाकसिन शिनावात्रा की बेटी पैतोंगतार्न शिनावात्रा (37) रविवार को शाही समर्थन पत्र मिलने के बाद देश की सबसे युवा प्रधानमंत्री बन गईं.

शिनावात्रा ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा, ''हमारे द्विपक्षीय संबंधों को विशेष रूप से व्यापार और निवेश, संस्कृति और पर्यटन के क्षेत्र में तथा दोनों देशों के बीच हवाई यात्रा बढ़ाने के लिए आपके साथ मिलकर काम करने की मैं आशा करती हूं.' उन्होंने प्रधानमंत्री मोदी द्वारा उन्हें बधाई देने वाले पोस्ट के जवाब में कहा, 'मुझे विश्वास है कि हम अपने मौजूदा संबंधों को और मजबूत कर सकते हैं तथा दोनों देशों के लिए और भी अधिक अवसर पैदा करने के लिए नयी संभावनाएं तलाश सकते हैं.' इससे पहले प्रधानमंत्री मोदी ने रविवार को 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा था, 'थाईलैंड की प्रधानमंत्री चुने जाने पर पैतोंगतार्न शिनावात्रा को बधाई. एक बहुत ही सफल कार्यकाल के लिए शुभकामनाएं.'

आंध्र प्रदेश में मिलावटी खाना खाने के कारण 4 अनाथ बच्चों की मौत

अमरावती। आंध्र प्रदेश के अनकापल्ली जिले में दो दिन पहले मिलावटी खाना खाने से चार अनाथ बच्चों की स्वास्थ्य संबंधी जटिलताओं के कारण मौत हो गई. मुख्यमंत्री एन चंद्रबाबू नायडू ने सोमवार को इस घटना पर गहरा दुख व्यक्त किया. यह घटना कोटौराटला मंडल के अनकापल्ली जिले के कैलाश गांव में घटी. एक आधिकारिक विज्ञप्ति में कहा गया, "जोशुआ, भवानी, श्रद्धा और नित्या उन लोगों में शामिल हैं जो दो दिन पहले (शनिवार) मिलावटी खाना खाने के कारण इलाज के दौरान बीमार हो गए." मुख्यमंत्री ने अनकापल्ली के जिलाधिकारी विजय कृष्णन को अन्य प्रभावित बच्चों के लिए बेहतर उपचार उपलब्ध कराने का निर्देश दिया, जिनका वर्तमान में विभिन्न अस्पतालों में इलाज चल रहा है. उन्होंने जिलाधिकारी से घटना पर एक विस्तृत रिपोर्ट भी देने को कहा.

राहुल ने की उबर की सवारी, गिग वर्कर्स के लिए न्याय का आह्वान

- कहा-कांग्रेस की राज्य सरकारें गिग वर्कर्स के लिए ठोस नीतियां बनाएंगी

एजेंसी। नयी दिल्ली

लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने सोमवार को कहा कि कांग्रेस की राज्य सरकारें गिग वर्कर्स के लिए ठोस नीतियां बनाकर न्याय सुनिश्चित करेंगी तथा विपक्षी गठबंधन 'इंडियन नेशनल डेवलपमेंटल इन्क्लूसिव अलायंस' (इंडिया) संघर्ष के साथ इन नीतियों का देशव्यापी विस्तार सुनिश्चित करेगा.

'गिग वर्कर्स' उन श्रमिकों को कहा जाता है जिनका काम अस्थायी होता है. कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने उबर कैब की सवारी का एक वीडियो सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर पोस्ट किया जिसमें वह वाहन चालक सुनील उपाध्याय से उनके अनुभव एवं परेशानियों के बारे में जानकारी लेते देखे जा सकते हैं. राहुल गांधी ने कहा, 'आमदनी कम और महंगाई से निकलता दम - यह है भारत के गिग वर्कर्स की व्यथा. सुनील उपाध्याय जी के साथ एक उबर यात्रा के दौरान चर्चा में और फिर उनके परिवार से मिल कर देश के कैब ड्राइवर और डिलेवरी एजेंट जैसे गिग वर्कर्स की समस्याओं का जायज़ा लिया.' उन्होंने कहा कि 'हैंड टू माउथ इनकम' (किसी तरह गुज़ारे लायक आमदनी) में इनका गुज़ारा तंगी से चल रहा है तथा न कोई बचत होती है और न ही परिवार के भविष्य का कोई आधार है. कांग्रेस नेता ने कहा, 'इनकी समस्या के समाधान के लिए कांग्रेस की राज्य सरकारें ठोस नीतियां बना कर न्याय करेंगी और 'इंडिया' गठबंधन पूरे संघर्ष के साथ इन नीतियों का देशव्यापी विस्तार सुनिश्चित करेगा.'

राष्ट्रपति जेलेंस्की ने कहा रूस को सीमा पार और हमले करने से रोकना हमारा मकसद

रूस के कुर्स्क क्षेत्र में 'बफर जोन' बनाना चाहता है यूक्रेन

एजेंसी। कीव

यूक्रेन की सेना ने कुर्स्क क्षेत्र में द्वितीय विश्व युद्ध के बाद से रूस पर सबसे बड़ा हमला कर मॉस्को सहित पूरी दुनिया को हैरान कर दिया है. राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की ने रविवार को कहा कि यूक्रेनी सैनिकों के रूसी क्षेत्र में दाखिल होने का मकसद वहां एक 'बफर जोन' बनाना है, ताकि रूस को सीमा पार और हमले करने से रोका जा सके. जेलेंस्की ने कुर्स्क क्षेत्र में छह अगस्त को शुरू किए गए इस साहसिक अभियान की मंशा पहली बार स्पष्ट रूप से जाहिर की है, जिसमें कई गांवों व सैकड़ों कैदियों को यूक्रेन ने अपने कब्जे में ले लिया था. पहले उन्होंने कहा था कि अभियान का मकसद सीमावर्ती सुमी क्षेत्र में लोगों को रूस की ओर से लगातार जारी गोलाबारी से बचाना है.

जेलेंस्की ने कहा, 'कुल मिलाकर अब रक्षात्मक अभियानों में हमारी प्राथमिकता जितना संभव हो, रूस की युद्ध क्षमता को नष्ट करना और अधिकतम जवाबी कार्रवाई करना है. इसमें कुर्स्क क्षेत्र में हमारा अभियान शामिल है, जिसका उद्देश्य आक्रमणकारी के क्षेत्र में एक 'बफर जोन' बनाना है.'' अधिकारियों के मुताबिक, यूक्रेन ने छह अगस्त को शुरू किए गए अभियान के तहत सीमा पार आक्रमण तेज करते हुए पिछले सप्ताहांत कुर्स्क क्षेत्र में एक प्रमुख पुल को ध्वस्त कर दिया था और उसके निकटवर्ती पुल पर हमला किया था, जिससे रूस को होने वाली आपूर्ति बाधित हुई थी. सैन्य मामलों के रूस समर्थक ब्लॉगर ने माना कि ग्लुशकोवो शहर के पास सीम नदी पर एक पुल के नष्ट होने से यूक्रेन के आक्रमण से निपटने के लिए रूसी सेना की आपूर्ति बाधित हुई थी, हालांकि रूस अब भी 'पंटून' और छोटे पुलों का उपयोग कर सकता है. यूक्रेन के वायु सेना प्रमुख लेफ्टिनेंट जनरल मायकोला ओलेशचुक ने शुक्रवार को एक हवाई हमले का वीडियो जारी किया था, जिसमें पुल दो टुकडों में बिखरा हुआ दिखाई दे रहा था. दो दिन से भी कम समय में यूक्रेनी सैनिकों ने रूस में एक दूसरे पुल पर हमला किया.

पश्चिमी हथियारों के इस्तेमाल पर लगे प्रतिबंधों को हटाने की मांग : जेलेंस्की ने कहा कि यूक्रेनी सेना ने "अच्छे और बहुत जरूरी परिणाम हासिल कर लिए हैं." जेलेंस्की पश्चिमी देशों से रूसी क्षेत्र में और गहराई में स्थित लक्ष्यों को निशाना बनाने के लिए उनके द्वारा उपलब्ध कराए गए हथियारों के इस्तेमाल की अनुमति देने की मांग कर रहे हैं. उन्होंने शनिवार को कीव के सहयोगियों से कुर्स्क सहित अन्य क्षेत्र में स्थित लक्ष्यों पर हमले के लिए पश्चिमी हथियारों के इस्तेमाल पर लगे बाकी प्रतिबंधों को हटाने का आग्रह किया था.

यूक्रेन के अधिकारियों ने लोगों से पोक्रोवस्क शहर छोड़ने को कहा

कीव। यूक्रेन के स्थानीय अधिकारियों ने सोमवार को पूर्वी शहर पोक्रोवस्क के लोगों के लिए अनिवार्य निकासी का आदेश जारी किया. इस शहर में वर्तमान में करीब 53,000 लोग रहते हैं. अधिकारियों ने कहा है कि रूसी सेना इतनी तेजी से आगे बढ़ रही है कि संभावित हमलों के मद्देनजर पोक्रोवस्क और आस-पास के दूसरे शहरों से लोगों की निकासी जरूरी हो गई है. रूसी सेना कई महीनों से पोक्रोवस्क की ओर कूच कर रही है लेकिन हालिया समय में वह तेजी से आगे बढ़ रही है.

ढाका के 32 पुलिस थानों के प्रमुखों का तबादला

ढाका। बांग्लादेश में शेख हसीना के नेतृत्व वाली सरकार के हटने के बाद पुलिस विभाग में बड़े पैमाने पर फेरबदल करते हुए, 18 प्रभारी अधिकारियों के तबादले के कुछ दिनों बाद ढाका के 32 पुलिस थानों के प्रमुखों का तबादला कर दिया गया है. मीडिया रिपोर्ट के अनुसार, तबादले का आदेश रविवार आधी रात को आया. नवीनतम तबादले के साथ ही, ढाका मेट्रोपॉलिटन पुलिस के अंतर्गत आने वाले सभी 50 पुलिस थानों के प्रमुखों का तबादला कर दिया गया है. अन्य 18 प्रभारी अधिकारियों का तबादला 13 अगस्त को किया गया था. स्थानांतरित किए गए लोगों के पास अब वह अधिकार नहीं होंगे, जो उनके पास प्रमुख के रूप में थे. इन अधिकारियों को देश भर के प्रशिक्षण केंद्रों में भेजा गया है, जहां उन्हें पुलिस कर्मियों को प्रशिक्षित करने का काम सौंपा गया है.

कोरोना महामारी के बाद अब एमपॉक्स की दस्तक से दहशत

एजेंसी। इस्लामाबाद

कोरोना महामारी के बाद अब एमपॉक्स वायरस की दस्तक ने एक बार फिर दुनिया को चिंता में डाल दिया है. विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) ने वायरस के नए प्रकार की पहचान के बाद गत सप्ताह इस बीमारी के हालिया प्रकोप को अंतरराष्ट्रीय रूप से चिंताजनक तथा सार्वजनिक स्वास्थ्य आपात (पब्लिक हेल्थ इमरजेन्सी) घोषित किया है. एमपॉक्स (जिसे पहले मंकीपॉक्स कहा जाता था) निकट संपर्क के माध्यम से फैल सकता है. इस बीच, पाकिस्तान सरकार ने घोषणा की है कि उसने एमपॉक्स वायरस के प्रकोप से निपटने के लिए एक व्यापक नीति बनाई है और लोगों को इसके प्रसार को लेकर चिंता नहीं करनी चाहिए. प्रधानमंत्री के स्वास्थ्य समन्वयक डॉ. मुख्तार अहमद ने संवाददाताओं को बताया कि देश में केवल एक मामला सामने आया है, जबकि सभी हवाई अड्डों और प्रवेश बिंदुओं पर निगरानी और जांच तंत्र मौजूद हैं.

'एसोसिएटेड प्रेस ऑफ पाकिस्तान' (एपीपी) 'न्यूजवायर' के अनुसार, अहमद ने यह भी कहा कि सभी प्रांतों और संघीय राजधानी में निदान के लिए प्रयोगशालाओं को जिम्मेदारी सौंपी गई है. अफ्रीका में मामले सामने आए हैं और अफ्रीका, अमेरिका और खाड़ी देशों से आने वाले यात्रियों की निगरानी की जाएगी.

मुद्रक तथा प्रकाशक लगातार इंफोटेनमेंट प्राईवेट लिमिटेड द्वारा लगातार इंफोटेनमेंट प्राइवेट लिमिटेड के पक्ष में, सिमलिया, रिंग रोड, पीएस-रातू, रांची - 835222 से मुद्रित तथा राजकमल प्लाजा, रूम नंबर 102 जयप्रकाश नगर, डीनोवली स्कूल रोड बरटांड़, धनबाद-826001 झारखंड द्वारा प्रकाशित.
संपादक - **सुरजीत सिंह**, स्थानीय संपादक - **दीपक कुमार अम्बष्ठ***. फोन नंबर- 0651-2961734 आर.एन.आई. नंबर - **JHAHIN/2023/84487** (*पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार.)